बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 5, अंक 176, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके 15

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी 16

जिम्मेदारी लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए सोमवार को मतदान होना है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान कराने के लिए बहराइच जिले में नाव से मतदान केंद्र जाते अधिकारी।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण आज : प्रदेश की 13 सीटों पर वर्चस्व बनाए रखने को जूझेगी भाजपा

अखिलेश की प्रतिष्ठा और टेनी की छवि की परीक्षा

- कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की जिन 13 सीट पर सोमवार को मतदान है उनमें से सभी पर 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण में कन्नौज सीट से उम्मीदवार मुख्य विपक्षी दल के नेता अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा तो वहीं खीरी सीट पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की छवि का इम्तहान होना है। पिछले चुनाव में कन्नौज सीट सपा से भाजपा ने छीन ली थी। खीरी में लखीमपुर कांड से विवादित हुए अजय टेनी को आगे कर भाजपा को भी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

कई सीटों पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी सत्तापक्ष के उम्मीदवारों को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में सभी सीटों को जीतना भाजपा के लिए चुनौती है। कन्नौज, खीरी और उन्नाव में भाजपा के लिए चुनौती ज्यादा दिखती है। सपा 1998 से लगातार कन्नौज से जीत रही थी लेकिन, 2019 में भाजपा ने उसका विजय रथ रोक दिया था।

भाजपा ने यहां फिर सुब्रत पाठक को ही सामने किया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को पराजित किया था। इस बार पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। लखीमपुर खीरी सीट पर भाजपा ने एक बार फिर अजय मिश्रा टेनी पर भरोसा जताया है। टेनी पिछले लोस चुनाव 2019 में जीतने के बाद केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री बने।

2020-21 हुए किसान आंदोलन के समय से सबसे विवादित चेहरों में शामिल रहे हैं। इस नजरिए से उनके लिए हैट्रिक लगाना एक बड़ी चुनौती है। सपा ने पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और बसपा ने अंशय कालरा को उतारकर अजय मिश्र की घेराबंदी की है। उन्नाव से मौजूदा सांसद साक्षी महाराज को भाजपा ने फिर से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुई अन्नू टंडन को सपा से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, बसपा से अशोक पांडेय मैदान में हैं।

देशभर में लोकसभा की 96 सीटों पर आज होगा मतदान

नई दिल्ली/लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इन सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। आंध्र प्रदेश में 175 विधानसभा सीटों के लिए भी वोट डाले जाएंगे।

वित्तीय धोखाधड़ी से रहें सावधान : पेज 16

फिर साजिश ...अब 20 अस्पताल 13 हवाई अड्डों को उड़ाने की धमकी

धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद दिल्ली और लखनऊ के हवाई अड्डों की सुरक्षा कड़ी

- दिल्ली के सभी अस्पतालों की जांच, नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध

ब्यूरो/ एजेंसी, नई दिल्ली/ लखनऊ

रविवार को फिर धमकी भरे ई मेल भेजे गए हैं। इस बार राजधानी दिल्ली के 20 अस्पतालों और देश भर के 13 हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मेल मिलने के बाद दिल्ली के अस्पतालों में जांच के साथ ही सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली, चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इससे पहले एक मई को दिल्ली-एनसीआर में 200 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। रविवार दोपहर सबसे पहले दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल को धमकी के ईमेल मिले। कुछ देर बाद पुलिस को अन्य अस्पतालों से शिकायतें मिलीं। पुलिस और बम निरोधक दस्तों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बम की ये धमकियां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3, बुराड़ी अस्पताल, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, गुरु तेग बहादुर अस्पताल, बाड़ा हिंदू राव अस्पताल, जनकपुरी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आदि में ईमेल से दी गई। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी के अनुसार धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एमके मीणा ने कहा कि अपराह्न तीन बजे बुराड़ी अस्पताल से धमकी के संबंध में कॉल आने के बाद स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते को घटनास्थल पर भेजा गया। अस्पतालों में दहशत न फैले इसके लिए मॉक ड्रिल बताकर जांच की गई।

धमकी मिलने के बाद नई दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में जांच करते सुरक्षाकर्मी।

लखनऊ में सीआईएसएफ यूनिट को मिला ई-मेल

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ की सीआईएसएफ यूनिट को दोपहर में एक मेल मिला जिसमें लखनऊ समेत 13 हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मेल मिलने के तुरंत बाद ही सीआईएसएफ की ओर से अलर्ट जारी कर दिया गया। एयरपोर्ट के बाहर गाड़ियों को चेक किया जाने लगा। एयरपोर्ट प्रवक्ता का कहना है कि ईमेल के जरिए दोपहर तीन बजे धमकी दी गई थी। फिलहाल मेल फर्जी माना जा रहा है।

ईमेल में कहा-अगले घंटे होगा विस्फोट

नई दिल्ली। स्कूलों को रूस स्थित ई-मेल सेवा से धमकियां मिलीं थीं, वहीं अस्पतालों और हवाई अड्डों को यूरोप स्थित ई-मेल सेवा कंपनी बीबल डॉट कॉम से धमकियां मिलीं हैं। पुलिस ने बताया पहले ये ई-मेल एक अस्पताल को भेजा गया था और उसी मेल को अन्य अस्पतालों को फारवर्ड किया गया। साइबर अधिकारी ई-मेल के आईपी एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। धमकी भरे ई-मेल में कहा गया, मैंने आपकी इमारत के अंदर विस्फोटक रखे हैं। उनमें अगले घंटे विस्फोट होगा। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा इमारत के अंदर निर्दोष लोगों का खून आपके हाथों में होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा- माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों को करेंगे आवंटित

4 जून के बाद प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही चार जून के बाद हमारी सरकार प्रदेश को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेगी। इसके लिए बकायदा एक कट-ऑफ तारीख दी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक माफिया द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त करके उसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार रात एक निजी टीवी चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और काका श्री हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी चाहे वह आजम खां हों या कोई माफिया सरगना।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद ये गाएंगे, 'चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना'। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उप्र. में सभी सीटें हार जाएगा।

अमेठी में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में पार्टी प्रत्याशी स्मृति ईरानी।

कांग्रेस को वोट गया तो लगेगा गो हत्या का पाप

गौरीगंज (अमेठी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रविवार को कहा कि जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। योगी ने कांग्रेस पर गो हत्यारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गो हत्या का पाप लगेगा।

संदेशखालि : प्रताड़ित महिलाओं को धमका रहे टीएमसी के गुंडे

बैरकपुर/हुगली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं।

संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद भाजपा और टीएमसी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है। राहुल गांधी का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को देशभर में अपने 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीट मिलेगी। मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। कहा कि जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) रद नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि हम सभी ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों और माताओं के साथ क्या किया। टीएमसी के गुंडे अब संदेशखालि में महिलाओं को धमकी दे रहे हैं क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है। टीएमसी दोषियों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर सामने आए कई कथित वीडियो की पृष्ठभूमि में आई, जिनमें दावा किया गया है कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने संदेशखालि की कई महिलाओं से सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए।

- प्रधानमंत्री मोदी बोले-दोषियों को बचा रही तृणमूल कांग्रेस

संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री

बारासात। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को सवाल किया कि वह राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ा ट्रक, तीन की मौत

- पांच गंभीर घायल अलीगढ़ रेफर बढ़ सकती है मृतकों की संख्या
- संभल जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : जनपद संभल के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक ने अंतिम संस्कार से लौट रहे ग्रामीणों के दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में तीन की मौत हुई है जबकि दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से पांच घायलों को अलीगढ़ के लिए रेफर किया गया है।

केला देवी अनुच्छेद के लधनपुर गांव निवासी वीर सिंह के पिता की मृत्यु हुई तो उनके अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण दो ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर अनूप शहर गंगा घाट गए थे।

रविवार रात 11 बजे के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दीपपुर डांडा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को बुरी तरह से रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दो दर्जन गंभीर घायलों राजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि जो लोग अस्पताल लाए गए उनमें से तीन मृत अवस्था में हैं।

गंभीर रूप से पांच घायलों को अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है। पुलिस-प्रशासनिक अमला राहत व बचाव के कार्य में जुटा है।

झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल (52) और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम (42) को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था।

केजरीवाल ने की अपनी 10 गारंटी की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- गारंटी में चीन से जमीन वापसी, मुफ्त इलाज सहित कई बातें

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'केजरीवाल की गारंटी' की घोषणा करते हुए केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जमीन को चीनी कब्जे से 'मुक्त' कराने समेत 10 कार्य गिनाए और कहा कि इन्हें युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

रविवार को 'आप' नेता ने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं तथा हर साल युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां सृजित करना गारंटी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराएंगे।

यमुनोत्री धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, पुलिस ने रोके तीर्थयात्री

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उत्तरकाशी जिले में 10,804 फुट की ऊंचाई पर स्थित यमुनोत्री धाम में दर्शनों के लिए सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ी है। चारधाम यात्रा की शुरूआत यमुनोत्री से ही होती है। लगातार बढ़ रहे श्रद्धालुओं को देखते हुए पुलिस महकमा बेहद चिंतित है। शनिवार से यमुनोत्री धाम को जाने वाले मार्ग पर वाहनों की कतारें लगी हैं।

जानकी चट्टी तक सड़क सुविधा है, लेकिन जानकी चट्टी से यमुनोत्री तक 6 किलोमीटर का पैदल मार्ग है, जो बेहद ही जोखिम भरा है। इस पैदल मार्ग पर करीब पांच किलोमीटर का हिस्सा भूस्खलन और पहाड़ी से पत्थर गिरने के लिहाज से संवेदनशील है। पैदल मार्ग बेहद संकरा है, मार्ग का कुछ हिस्सा चट्टान पर तो कुछ हिस्सा लोहे के एंगल पर लिंटर डालकर बना है, जिससे दबाव बढ़ने पर हादसे का खतरा बना रहता है। पुलिस प्रशासन की तरफ से अभी डंडी कंडी और घोड़ा संचालकों को जानकी चट्टी में रोका जा रहा है। वहीं, हाईवे पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। ट्रैफिक नियंत्रित करने को रविवार को डामटा से लेकर नौगांव, बड़कोट, दुबाटा, गंगनानी, पालीगाड़ आदि जगहों पर सैकड़ों वाहनों को रोका गया।

बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त में सुबह छह बजे खोल दिए गए।

धाम को जाने वाले मार्ग पर लगी वाहनों की कतार, ट्रैफिक जाम

ज्यादा यात्रियों के पहुंचने पर पुलिस ने कहा -तीर्थयात्री जहां हैं, वहीं रुक जाएं

यमुनोत्री के रास्ते में शनिवार को लगे भीषण जाम के बाद पुलिस ने श्रद्धालुओं से रविवार के लिए धाम की यात्रा का अपना कार्यक्रम स्थगित करने को कहा। उत्तराखंड पुलिस द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस संबंध में सूचना जारी करते हुए कहा गया है, रविवार को श्री यमुनोत्री धाम पर क्षमता के अनुसार पर्याप्त श्रद्धालु यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं। अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आने जा रहे हैं, उनसे विनम्र अपील है कि आज यमुनोत्री जी की यात्रा स्थगित करें। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए 9000 से अधिक तीर्थयात्री करीब 24 घंटे बड़कोट और जानकीचट्टी के बीच जाम में फंसे रहे। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने खुद मौके पर जाकर मोर्चा संभाला और किसी तरह से जाम को खुलवाया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा, '' तीर्थयात्री जहां हैं, वहीं रुक जाएं। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति है।

चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थ यात्रियों का ऑनलाइन पंजीकरण में शनिवार को आंकड़ा 24 लाख 42 हजार 276 पर पहुंच गया। इसमें केदारनाथ धाम के लिए आठ लाख 32 हजार 681, बदरीनाथ धाम के लिए सात लाख 37 हजार 885, गंगोत्री धाम के लिए चार लाख 36 हजार 559 और यमुनोत्री धाम के लिए तीन लाख 82 हजार 190 पंजीकरण शामिल हैं। इसके अलावा हेमकुंड साहिब के लिए 52 हजार 961 पंजीकरण हो चुके हैं।।

एक नजर

स्टाफ नर्स ने डॉक्टरों के बंद कमरों का फोटो खींचकर ग्रुप में डाला तो बिफरे सीएमएस

बरेली, अमृत विचार : शनिवार को अवकाश के चलते आधे दिन की ओपीडी थी, लेकिन तीन सौ बेड अस्पताल में सुबह 9 बजे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे। एक स्टाफ नर्स ने कमरों में लटके तालों का फोटो खींचकर अस्पताल के वाट्सएप ग्रुप पर शेयर कर दिया। इसपर प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा स्टाफ नर्स को बिफर पड़े। उन्होंने स्टाफ नर्स को फटकार लगाई। स्टाफ नर्स काफी देर तक रोती रही। स्टाफ ने उसे समझाकर शांत कराया। बताते हैं कि स्टाफ नर्स ने समय पर ओपीडी कक्ष का ताला न खुलने और हाजिरी रजिस्टर नहीं मिलने के विरोध में फोटो ग्रुप में शेयर किया था। हकीकत तो यह है कि अस्पताल में लगातार अव्यवस्थाएं उजागर हो रही हैं, लेकिन प्रभारी सीएमएस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। पिछले दिनों देर से आने पर कुछ कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगा दी गई थी। इससे कर्मचारियों में नाराजगी का माहौल है।

नगर निगम : यहां कमीशन चलता है ... कोई आदेश नहीं

सर्दियों में अलाव जलाने के लिए लकड़ी की सप्लाई करने वाली फर्म को नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी नहीं हो रहा भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कमीशनखोरी के लिए पहले से बदनाम नगर निगम के निर्माण विभाग में अब नगर आयुक्त के आदेश भी नहीं चल रहे हैं। कथित तौर पर सर्दियों में अलाव जलाने के लिए लकड़ी की सप्लाई करने वाली फर्म का भुगतान भी इसी चक्कर में फंसा हुआ है।

पिछले दिनों नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने मुख्य अभियंता को तत्काल भुगतान का आदेश दिया था, लेकिन आरोप है कि जवाब में निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने कहा दिया कि कोई ताकत भुगतान नहीं करा सकती। अब नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को दोबारा पत्र लिखकर आदेश के बावजूद भुगतान न करने को अनुशासनहीनता बताया है, साथ ही शासन को भी इसकी रिपोर्ट भेजी है।

- नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अनुशासनहीनता पर चेताया
- फर्म का आरोप- इंजीनियर दे रहे हैं धमकी, कोई ताकत नहीं करा सकती भुगतान

सर्दियों में सड़क चलते बेसहारा लोगों के लिए अलाव जलाने को नगर निगम ने महावीर कंस्ट्रक्शन एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर नाम की फर्म से लकड़ी खरीदने और शहर में अस्थाई रैन बसेरे बनाने का अनुबंध किया था। फर्म के मुताबिक अलाव जलाने के लिए नगर निगम ने इस अनुबंध के तहत करीब 14 लाख रुपये कीमत की लकड़ी खरीदी। बाद में जब उसकी ओर से नगर निगम में भुगतान के लिए आवेदन किया तो निर्माण विभाग ने फाइल को लटका दिया। आरोप है कि फर्म मालिक कई महीनों से नगर निगम के अफसरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन निर्माण विभाग के एक्सईएन बार-बार फाइल में कोई न कोई कमी निकालकर भुगतान करने से इन्कार कर देते हैं। फर्म मालिक के अनुसार काफी परेशान होने के बाद पिछले दिनों उन्होंने भुगतान न किए जाने की शिकायत नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से की। नगर आयुक्त ने फौरन फर्म को भुगतान करने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद निर्माण विभाग ने भुगतान करने से इन्कार कर दिया।

फर्म के मालिक का आरोप है कि नगर आयुक्त के निर्देश के बाद भी निर्माण विभाग के इंजीनियर धमकी दे रहे है कि कोई ताकत उनका भुगतान नहीं करा सकती। फर्म मालिक के दोबारा शिकायत करने के बावजूद नगर आयुक्त ने इस पर सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर सचेत किया है कि अनुशासनहीनता की जा रही है। उन्होंने इस बारे में शासन को भी रिपोर्ट भेजी है।

शासन को चिट्ठी: नप सकते हैं निर्माण विभाग के कई इंजीनियर

वित्तीय अनियमितताओं के मामले में ही नगर निगम के पूर्व मुख्य अभियंता बीके सिंह को शासन ने सस्पेंड कर दिया था। कई गंभीर मामले सामने आने के बाद नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने ही उनके खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी थी। हालांकि इसके बावजूद ताजा प्रकरण बता रहा है कि निर्माण विभाग के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया। नगर निगम के कुछ और विभागों में भी उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के मामले सामने आ चुके हैं। इस बार लकड़ी खरीद के मामले में निर्माण विभाग के इंजीनियरों की अनुशासनहीनता की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। माना जा रहा है कि इस मामले में कई लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

नगर निगम ने कई साल से कमीशनखोरी का बोलबाला

नगर निगम में कई साल से कमीशनखोरी का बोलबाला है। करीब तीन साल पहले तत्कालीन मुख्य अभियंता बीके सिंह के कार्यकाल में तो यह नौबत आ गई थी कि ठेकेदारों ने उनके खिलाफ कमीशनखोरी के आरोप लगाते हुए सीधा मोर्चा खोल दिया था। नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर बिल वाउचर बनाने तक के लिए कमीशन लिए जाने की शिकायत की गई थी। खुद मेयर उमेश गौतम ने शहर की सड़कों के गड्ढामुक्त न होने की वजह निर्माण विभाग की कमीशनखोरी को बताया था। मेयर ने यहां तक कहा था कि मुख्य अभियंता ठेकेदारों से 30 फीसदी कमीशन मांगते हैं, इसी वजह से शहर में काम नहीं हो पा रहे हैं।

> फर्म को लकड़ी का भुगतान करने के लिए आदेश दिया था लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। यह अनुशासनहीनता है। इस मामले में जो दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी। – निधि गुप्ता वत्स, नगर आयुक्त

कुतुबखाना पुल के नीचे फिर बढ़े कब्जे, चौराहों पर फंस रहा है ट्रैफिक

बरेली, अमृत विचार: कुतुबखाना पुल के नीचे अवैध कब्जे फिर मुसीबत बनने लगे हैं। इनकी वजह से कोतवाली से कोहाड़ापीर तक लोगों को जाम झेलना पड़ रहा है। चौराहों पर सबसे ज्यादा बुरा हाल है।

कुतुबखाना पुल के नीचे बनाई गई सर्विस लेन बमुश्किल 10 फुट ही चौड़ी है लेकिन इस पर दोनों ओर ठेले खड़े होते हैं। इस वजह से ट्रैफिक फंसकर गुजरता है। रही-सही कसर इस सड़क पर ऑटो और ई रिक्शा की भरमार पूरी कर देती है। इससे जहां-तहां जाम लग जाता है। जाम न भी लगे तो आसानी से गुजरना मुश्किल होता है।

सबसे ज्यादा खराब हालात चौराहों पर रहता है। जब चारों दिशाओं से एक साथ वाहनों का रेला आता है तो चौराहे बुरी तरह जाम हो जाते हैं। यह समस्या लगातार और बढ़ती जा रही है फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

सितारगंज हाईवे : कहीं अधर में न लटका रह जाए 2857 करोड़ का चौड़ीकरण प्रोजेक्ट

भूमि अधिग्रहण पूरा होने से पहले ही एनएचआई ने शुरू किया हाईवे को चौड़ा करने का काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

सात महीने देर से शुरू हुआ प्रोजेक्ट, फिर भी बरेली से सितारगंज तक कई पेच

- पीलीभीत और उधमसिंह नगर में हाईवे के लिए भूमि का अधिग्रहण होना है बाकी
- रिठौरी में मकानों का भी मुआवजा नहीं, एनएचआई ने दोनों जिलों के डीएम को लिखा पत्र

अमृत विचार : सितारगंज हाईवे को चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा होने से पहले ही निर्माण शुरू कर दिया गया है। एनएचआई सितंबर 2025 तक काम पूरा करने के लिए तय की गई डेडलाइन को इसकी वजह बता रहा है। एनएचआई के अफसरों ने तेजी से भूमि अधिग्रहण पूरा करने के लिए पीलीभीत और ऊधमसिंहनगर के डीएम को पत्र भी लिखा है। हालांकि सात महीने की देरी पहले ही हो जाने की वजह से यह प्रोजेक्ट समय से पूरा हो पाना मुश्किल हो गया है। अधिग्रहण में कोई पेच फंसा तो 2857 करोड़ का यह प्रोजेक्ट अधर में लटक जाने की भी आशंका जताई जा रही है।

बरेली से सितारगंज तक 71 किलोमीटर लंबा हाईवे फिलहाल टू लेन का है जिसे चौड़ा करके फोरलेन किया जाना है। बरेली जिले की सीमा में हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है, ज्यादातर किसानों को इसका मुआवजा भी दे दिया गया है। कुछ ही किसानों का मुआवजा बकाया रह गया है। एयरपोर्ट के आगे पेड़ों को काटने के साथ खाई खेड़ा के पास मिट्टी का भराव शुरू कर दिया गया है। करीब 26 मीटर चौड़ा फोरलेन हाईवे बनाने के लिए इस सड़क को दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ा किया जाना है।

हाईवे को चौड़ा करने का काम शुरू करने के लिए अक्टूबर 2023 की डेडलाइन तय की गई थी लेकिन भूमि का अधिग्रहण न होने के कारण सात महीने की देरी हो गई है। करीब दस दिनों से किसानों के खाते में मुआवजे की राशि आनी शुरू हो गई है। हाईवे को चौड़ा करने का काम दो चरणों में होना है। पहले चरण में बरेली से पीलीभीत तक हाईवे चौड़ा करने के लिए 32.5 किलोमीटर भूमि की जरूरत है लेकिन अभी 20 किलोमीटर भूमि का ही अधिग्रहण हो पाया है। दोनों जनपदों को मिलाकर करीब 12 किलोमीटर की जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होना अभी बाकी है। तमाम किसानों को भी मुआवजे की धनराशि भेजी जानी बाकी है।

सितारगंज हाईवे यहीं से गुजरना है, यह जमीन अधिग्रहीत की जा चुकी है। ● अमृत विचार

> अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी न होने से काम शुरू करने में सात महीने की देरी हुई है। काम तो शुरू करा दिया गया है लेकिन दूसरे चरण का भी कार्य बाधित न हो, इसके लिए दोनों जनपदों के जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। समय से काम शुरू होता तो समय पर पूरा हो गया होता। मकानों का मुआवजा जल्द ही भेज दिया जाएगा। – **बीपी पाठक**, परियोजना निदेशक एनएचआई

पीलीभीत और ऊधम सिंह नगर का प्रशासन भूमि अधिग्रहण में नहीं दिखा रहा दिलचस्पी

बरेली, अमृत विचार : भूमि अधिग्रहण समय से न होने के कारण इस प्रोजेक्ट का समय से पूरा होना अब मुश्किल माना जा रहा है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक यह प्रोजेक्ट 23 महीने के अंदर पूरा किया जाना है, लेकिन स्थिति यह है कि करीब सात महीने की देरी पहले ही हो चुकी है लेकिन इसके बाद भी दूसरे चरण के काम के लिए पीलीभीत और उधमसिंह नगर का प्रशासन कुल मिलाकर 38.5 किलोमीटर जमीन का अधिग्रहण नहीं कर पाया है। एनएचआई के अफसरों ने दोनों जनपदों के डीएम को पत्र लिखा है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए ताकि काम बाधित न हो।

रिठौरा में मकानों का मुआवजा न देने से भी फंसा पेच

हाईवे को चौड़ा करने के रास्ते में रिठौरा नगर पंचायत के पास करीब 10 मकान भी आ रहे हैं। इस जगह किसानों को तो मुआवजा दे दिया गया है लेकिन मकानों का मुआवजा दिया जाना बाकी है। इस कारण यहां काम शुरू करने में पेच फंसा हुआ है। मकानों में रह रहे लोगों का कहना है कि जब तक उन्हें वाजिब मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक वे मकान नहीं गिराने देंगे।

रिठौरा में इन मकानों को तोड़ा जाना है। ● अमृत विचार

डग्गामार गाड़ियों की वजह से सेटेलाइट तिराहे पर जाम

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट बस स्टैंड के बाहर सड़क पर डग्गामार गाड़ियों और टेंपो-ऑटो खड़े होने की वजह से जाम एक स्थाई समस्या बन गया है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस बेखबर बनी हुई है। रविवार को ट्रैफिक कम होने के बाद भी यहां काफी देर जाम लगा रहा।

सेटेलाइट तिराहे पर सवारियां भरने के लिए डग्गामार गाड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार ये गाड़ियां पूरी सड़क घेर लेती हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक पास होने की जगह ही नहीं बचती है।

जल्द शुरू हो सकता है ई-कॉमर्स सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कॉमर्स सेंटर को पीपीपी मोड पर चलाने के लिए छह और फर्मों ने किया आवेदन

अमृत विचार : लंबे समय से रोजगार का इंतजार कर रहे जरी और बेंत कारीगरों की उम्मीदों को जल्द पंख लग सकते हैं। फरीदापुर इनायत खां में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन ई-कामर्स सेंटर के संचालन का रास्ता साफ होता दिख रहा है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर इसे संचालन करने के लिए छह लोग सामने आए हैं।

फरीदापुर इनायत खां में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन ई-कामर्स सेंटर बनकर तैयार है। इसे बनाने में करीब दो करोड़ का खर्च आया है। इसके संचालन से क्षेत्र के पदारथपुर, नरियावल, बिथरी चैनपुर, फरीदापुर इनायत खां, उड़ला जागीर, आलमपुर गजरौला, भिंडोलिया, उदयपुर, जसरथपुर, सिमरा अजूबा बेगम, पुरनापुर, परसोंना, पदातसपुर के कारीगरों को रोजगार मिलेगा। सेंटर के संचालन की जिम्मेदारी जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को दी गई है। पिछले कई महीनों से इसे शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कोई न कोई अड़ंगा लग जा रहा था। सेंटर चलाने के लिए पूर्व में आने वाली संस्थाओं के दस्तावेजों में कमी पाए जाने की वजह से फाइलें लौटा दी गई थीं। पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह ने बताया कि छह और लोगों ने ई-कामर्स सेंटर को संचालित करने के लिए संपर्क किया है। अनुमति के लिए फाइल जल्द जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। आचार संहिता की वजह से अगर इसे चालू करने में कोई समस्या नहीं आती है तो इसे इसी माह में शुरू कर दिया जाएगा।

किसान आंदोलन : अमरनाथ एक्सप्रेस 40 घंटे की देरी से जंक्शन पर पहुंची

जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार करते यात्रियों की भीड़।

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। रविवार को 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस सबसे ज्यादा 40 घंटे की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। अन्य ट्रेनों ने भी यात्रियों को घंटों का इंतजार कराया।

13308 गंगा सतलुज 9 घंटा 30 मिनट, 13006 पंजाब मेल 2 घंटा 21 मिनट, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 7 घंटा 55 मिनट, 12588 अमरनाथ एक्सप्रेस 14 घंटा 20 मिनट, 04529 भटिंडा समर स्पेशल 7 घंटा, 05050 छपरा समर स्पेशल 19 घंटा 37 मिनट की देरी से जंक्शन पर पहुंची।

30 से अधिक ट्रेनें डायवर्ट और लेट होने से यात्री परेशान होते रहे। सोमवार और मंगलवार को 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस अमृतसर के स्थान पर अंबाला कैंट स्टेशन से चलाई जाएगी।

पूर्वानुमान: दिन के साथ रात में भी बढ़ेगी गर्मी

- मौसम साफ रहने से ऊपर चढ़ेगा पारा, कल के बाद 41 पार जा सकता है तापमान

बरेली, अमृत विचार : अब दिन के साथ रात में भी तापमान बढ़ने से गर्मी लोगों को और परेशान करेगी। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार पश्चिमी विक्षोभ हवा की दिशा बदलने से मजबूत नहीं रह पाया, जिस कारण अधिक बारिश नहीं हुई। हालांकि, अब अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होने के आसार हैं।

रविवार को अधिकतम तापमान 36.8 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटे में एक मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी। 14 मई से अधिकतम तापमान एक बार फिर बढ़कर 41डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है। न्यूनतम तापमान 24- 27 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है। रात के तापमान में वृद्धि से गर्माहट बढ़ सकती है।

डोहरिया में सप्ताह में दो दिन कराई जाएगी फागिंग

बरेली, अमृत विचार : मच्छरों से परेशान ग्रामीणों को राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत डोहरिया में सप्ताह में दो दिन फॉगिंग और छिड़काव कराया जाएगा। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने ग्राम पंचायत अधिकारी विपिन को निर्देश दिए हैं वह प्रधान के सहयोग से पूरे गांव में छिड़काव और फॉगिंग कराए, साथ ही हर सप्ताह साक्ष्य के तौर पर फोटो व्हाट्सअप पर उपलब्ध कराने को कहा है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में गंदगी से पटी नालियों की वजह से शायद ही कोई घर ऐसा बचा हो जहा मच्छरों का प्रकोप न हो।

डीडीपुरम की यह सड़क चार महीने पहले अधूरी छोड़ दी गई थी, रविवार को इस पर निर्माण शुरू हो गया। ● अमृत विचार

राहत : डीडीपुरम में चार महीने से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण शुरू

बरेली, अमृत विचार : डीडीपुरम में करीब चार महीने से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण रविवार को शुरू हो गया। कुछ जगह नई बनी सड़क धंस गई थीं, रविवार को उनकी भी मरम्मत कराई गई। शनिवार सुबह बारिश होने के बाद अधूरी पड़ी डीडीपुरम की सड़क पर पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। नगर निगम ने रविवार को इस सड़क का निर्माण शुरू करा दिया। राजेंद्रनगर, टीबरीनाथ मंदिर रोड समेत कुछ जगह मैनहोल के उखड़े ढक्कन भी ठीक कराए गए। धोबी चौराहे और प्रेमनगर में धंसी सड़क की भी मरम्मत कराई गई। अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने बताया कि जहां मैनहोल और सड़क धंसी थीं, वहां उसे ठीक करा दिया गया है। कुछ जगह काम होना बाकी रह गया है।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY! Limited Seats are available
Special Features : ● Pollution Free 5 Acre Campus ● Normal Fees with Highest Values ● Smart Classes ● Digitization of School Administration ● CCTV Secured Campus ● Online Feedback of Students with Parent ● Transport Facility ● Leading School in Sports activities
Please Note : ● Admission will be on merit base/entrance exam ● New Session will be commenced from 1 April 2024 ● Regular Classes are running - Hurry up! ● Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

सूरत-ए-हाल अतिरिक्त वॉशिंग लाइन नहीं होने के कारण होती है दिक्कत, साप्ताहिक ट्रेनों के फेरे बढ़ाने के लिए भी पर्याप्त नहीं संसाधन

बरेली जंक्शन से 10 साल में नहीं शुरू हुई कोई नई ट्रेन

मोनिस खान, बरेली

अमृत विचार : बरेली जंक्शन मुरादाबाद रेल मंडल का प्रमुख स्टेशन है, लेकिन यहां से चलने वाली ट्रेनों की संख्या कम ही है। दस साल में जंक्शन से एक भी नई नियमित ट्रेन नहीं चली है। आखिरी बार अक्टूबर 2014 में नई ट्रेन के रूप में उज्जैन के लिए महाकाल एक्सप्रेस को चलाया गया था।

जंक्शन के अधिकारी अनाधिकारिक तौर पर कहते हैं कि बरेली जंक्शन से किसी नई ट्रेन का मेंटिनेंस कराने के लिए उनके पास स्लॉट ही खाली नहीं हैं। जंक्शन से दो ट्रेनें सप्ताह में एक-एक बार चलती हैं, बुधवार को महाकाल और शनिवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस। लेकिन दो ट्रेनों को ही चलाने में हाथ पांव फूल जाते हैं। सबसे बड़ी चुनौती इन्हें समय से वाशिंग लाइन में पहुंचाना है। वाशिंग लाइन बढ़ाने की जरूरत है। दिक्कत तब बढ़ जाती है जब दूसरी ट्रेनों का मेंटिनेंस भी यहां दे दिया जाता है। हालांकि, बीते दिनों बरेली मुरादाबाद और बरेली रोजा पैसेंजर को मेमू में बदले जाने के बाद से इनकी मरम्मत का भार कम हुआ है। वर्तमान में यहां से 11 ट्रेनें ओरिजनेट की जा रही हैं।

एक ट्रेन के मेंटिनेंस में छह घंटे

एक ट्रेन के मेंटिनेंस के लिए छह घंटे तय हैं। ट्रेनों के मेंटिनेंस के स्लॉट भी तय हैं। पुरानी वाशिंग लाइन में 18 और नई वाशिंग लाइन में 24 कोच वाली ट्रेन के मेंटिनेंस की क्षमता है।

नहीं बनी 26 कोच की वाशिंग लाइन

दो साल पहले बरेली जंक्शन पर रेल बजट में 26 कोच की वाशिंग लाइन बनाने का एलान किया गया था। बजट भी स्वीकृत हो गया था लेकिन इसके बाद भी वाशिंग लाइन का निर्माण नहीं हुआ।

सिर्फ छह एक्सप्रेस और पांच पैसेंजर

बरेली-वाराणसी, बरेली-प्रयागराज, बरेली-नई दिल्ली इंटरसिटी, बरेली-भुज आला हजरत, बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, बरेली-उज्जैन महाकाल एक्सप्रेस ट्रेनें हैं। पैसेंजरों में बरेली-दिल्ली, बरेली-रोजा, बरेली-मुरादाबाद, बरेली-अलीगढ़ और बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर शामिल हैं।

फेरे बढ़ाने की मांग भी अधूरी

बरेली जंक्शन से चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (दादर) के लंबे समय से फेरे बढ़ाने या दैनिक करने की मांग की जा रही है, लेकिन संसाधनों की कमी से मुमकिन नहीं हो पा रहा है। दक्षिण भारत के लिए ट्रेन चलाने की मांग भी पूरी नहीं हुई है।

> बरेली जंक्शन से ओरिजनेट होने वाली ट्रेनों का मेंटिनेंस नई और पुरानी वाशिंग लाइन में किया जाता है। सभी ट्रेनों के मेंटिनेंस के लिए स्लॉट निर्धारित हैं। समय से मेंटिनेंस कराने पर पूरा जोर रहता है। – **भानु प्रताप सिंह**, स्टेशन अधीक्षक, बरेली जंक्शन



अभी से आसार... इस गर्मी में फाल्ट नहीं, अफसरों के झूठ और बहानेबाजी के झटके करेंगे परेशान

पावर कॉरपोरेशन के वितरण विभाग का दावा मरम्मत के सामान की कमी का, स्टोर वाले कह रहे भरपूर सामान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्मी की शुरुआत में ही बढ़ी मुसीबत, आगे और बड़ा संकट खड़ा होने के आसार
- वितरण अधिकारियों का सामान की कमी पर मुख्यालय को पत्र लिखने का भी दावा

अमृत विचार : बिजली की लाइनों और ट्रांसफार्मरों में होने वाले फाल्ट समय पर ठीक न हो पाने के मुद्दे पर पावर कॉरपोरेशन के ही दो विभाग एक-दूसरे के खिलाफ दावा ठोकने में जुट गए हैं। वितरण विभाग के अफसरों का दावा है कि उन्हें फाल्ट ठीक करने के लिए स्टोर विभाग से जरूरी उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं तो दूसरी तरफ स्टोर विभाग के अफसरों का दावा है कि उनकी तरफ से जरूरत का सामान मुहैया कराया जा रहा है और फाल्ट ठीक न हो पाने के पीछे मरम्मत के सामान की कमी का दावा जरा भी सही नहीं है।

गर्मी बढ़ने के साथ लाइनों में फाल्ट भी बढ़ने लगे हैं। अभी भीषण गर्मी का दौर शुरू नहीं हुआ है, फिर भी नौबत यह है कि फाल्ट ठीक होने में काफी समय लग रहा है और इसकी वजह से लोगों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। वितरण विभाग के अधिकारी इसके पीछे स्टोर में सामान की कमी को वजह बता रहे हैं। उनका कहना है कि बिजली विभाग के स्टोर में ट्रांसफार्मर और बिजली के पोल ही नहीं, फाल्ट ठीक करने के लिए छोटे उपकरण तक नहीं हैं। इसी वजह से फाल्ट ठीक करने में ज्यादा समय लग रहा है। अनाधिकारिक तौर पर यह आशंका भी जताई जा रही है कि अभी ज्यादा फाल्ट नहीं हो रहे हैं, लेकिन जब गर्मी और बढ़ने के साथ हर साल की तरह बड़े पैमाने पर ट्रांसफार्मर फुंकने के साथ ताबड़तोड़ ढंग से फाल्ट होंगे, तब और ज्यादा मुश्किल होगी।

वितरण के अफसरों का यह भी कहना है कि स्टोर में मरम्मत के सामान की अनुपलब्धता के बारे में वे कई बार मुख्यालय को भी पत्र लिख चुके हैं लेकिन इसके बावजूद यह संकट दूर होने में नहीं आ रहा है। उधर, स्टोर विभाग के अधिकारी उनके इस दावे को सिरे से खारिज कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्टोर में किसी सामान की कमी नहीं है। मांग पर सारा सामान मुहैया भी कराया जा रहा है। अगर फाल्ट समय से ठीक नहीं हो पा रहे हैं तो उसकी कोई और वजह होगी। जाहिर है कि दोनों विभागों में से कोई एक झूठ बोल रहा है।

> स्टोर में सामान की कमी चल रही है जिससे समय से फाल्ट ठीक करने में काफी दिक्कत होती है। कई बार मांग के बाद समय से सामान न मिलने के कारण मुख्यालय को पत्र भी लिखा जा चुका है। स्टोर में मुख्यालय से सामान आता है। देरी से सामान मिलने की यह भी वजह हो सकती है।
> – **अंबा प्रसाद वशिष्ठ**, अधीक्षण अभियंता

> स्टोर विभाग में मरम्मत के सामान की कोई दिक्कत नहीं है। वितरण के अधिकारियों की तरफ से जितने सामान की मांग की जाती है, वह उन्हें समय से उपलब्ध करा दिया जाता है। लोहे के पोल की तुलना में सीमेंट के पोल जरूर कम हैं, लेकिन उसकी मांग करते हैं तो उसकी भी कमी नहीं होने दी जाती है। – **आरके यादव**, अधिशासी अभियंता स्टोर

वितरण के अधिकारियों का दावा : नए ट्रांसफार्मरों के साथ मरम्मत का छोटा-मोटा सामान भी स्टोर में नहीं

वितरण विभाग के अफसरों का दावा है कि बिजली विभाग के स्टोर में सिंगल फेस की केबिल, नए ट्रांसफार्मर, इंसुलेटर पिन, डिस्क इंसुलेटर, सीमेंट के पोल के साथ मीटर भी उपलब्ध नहीं हैं। मीटर की कमी होने से चेक मीटर के साथ नए कनेक्शन पर ट्रांसफार्मर नहीं लग पा रहे है। इससे उपभोक्ताओं के साथ उन्हें भी परेशान होना पड़ रहा है। वितरण के अधिकारियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर न मिल पाने से पुराने ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करके काम चलाना पड़ रहा है लेकिन ट्रांसफार्मर फुंकने या खराब होने के बाद पुराना ट्रांसफार्मर लगाने से फाल्ट हो रहे हैं और इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

...तो बगैर सामान मना लिया गया अनुरक्षण माह

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने फरवरी और मार्च में अनुरक्षण माह मनाने का निर्देश जारी किया था। इसके तहत ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के साथ बिजली के जर्जर तार और उपकेंद्रों पर होने वाली कमियों को विभागीय अधिकारियों को दूर कराना था। अनुरक्षण कार्यों का पिछले सप्ताह मुख्यालय की तरफ से निरीक्षण कराया गया तो पता चला जिले में 110 से अधिक काम पूरे ही नहीं हो सके। तब भी वितरण के अधिकारियों ने इसकी वजह स्टोर में पर्याप्त सामान नहीं होना बताई थी।

छुट्टी के दिन कटौती और ट्रिपिंग ने किया परेशान

बरेली, अमृत विचार : रविवार को छुट्टी के दिन भी शहर के लोगों को कटौती और ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ा। जगतपुर, महानगर और सुभाषनगर समेत कई इलाकों में रविवार को पूरे दिन ट्रिपिंग होने से लोग परेशान होते रहे। किला क्षेत्र में भी लो वोल्टेज की समस्या ने परेशान किया। गर्मी में बिजली की लोड बढ़ने के साथ समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रात के समय बड़े पैमाने पर अघोषित कटौती की जा रही है।

संविदा लाइनमैन की मौत के मामले में एसडीओ के खिलाफ दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रिठौरा में फाल्ट ठीक करते समय बिजली चालू कर देने से चली गई थी जान
- शटडाउन के दौरान सप्लाई शुरू करने की जांच को विभागीय कमेटी भी बनी

अमृत विचार : रिठौरा में फाल्ट ठीक करते समय बिजली की लाइन चालू कर देने से संविदा लाइनमैन की मौत के मामले में एसडीओ के खिलाफ थाना इज्जतनगर में तहरीर दी गई है। उधर, अधीक्षण अभियंता ने मामले की जांच के लिए अधिशासी अभियंता और एसडीओ की दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जांच कमेटी से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।

रिठौरा के नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले सुरेश रिठौरा सबस्टेशन पर ही संविदा लाइनमैन थे। शनिवार दोपहर वह शटडाउन लेकर पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास फाल्ट ठीक करने गए थे। परिजनों का आरोप है कि फाल्ट ठीक होने से पहले ही लाइन पर बिजली चालू कर दी गई। इससे करंट की चपेट में आकर सुरेश की मौत हो गई। सुरेश की पत्नी जमुना देवी ने एसडीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना इज्जतनगर में तहरीर दी है। पुलिस ने इस पर जांच शुरू कर दी है।

जमुना देवी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पति सुरेश शनिवार शाम को एसडीओ के कहने पर मुड़िया अहमदनगर में शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक करने गए थे लेकिन कुछ ही देर बार बिजली की आपूर्ति चालू कर दी गई। इससे फाल्ट ठीक कर रहे उनके पति की करंट लगने से मौत हो गई। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच करने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। उधर, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने विभागीय जांच के लिए अधिशासी अभियंता केके राठौर और फतेहगंज पश्चिमी के एसडीओ अखिलेश यादव की जांच कमेटी बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

इज्जतनगर स्टेशन पर लंगूर ने यात्री का काटा कान

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर स्टेशन पर रविवार को लंगूर ने यात्री पर हमला कर दिया और उसका कान काट लिया। यात्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाफिजगंज क्षेत्र के गांव अहमदाबाद निवासी रामदास शहर के राजेंद्र नगर स्थित सूरजभान इंटर कॉलेज में चौकीदारी हैं। रविवार को वह गांव जाने के लिए इज्जतनगर स्टेशन पर पहुंचे। इसी बीच लंगूर ने हमला कर दांतों से उनका कान काट लिया। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें किसी तरह लंगूर से बचाया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरेली जंक्शन समेत पुराने बस अड्डे पर भी कई बार बंदर और लंगूर यात्रियों पर हमला कर चुके हैं।

गर्मियों में रेल यात्रियों को मिलेगा शीतल जल

बरेली, अमृत विचार : रेल अफसरों का दावा है कि इज्जतनगर मंडल के सभी स्टेशनों पर 78 वाटर कूलर लगवाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 1884 पानी की टोंटी लगवाने के साथ खराब हैंडपंप ठीक कराए गए हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों के स्टेशनों पर यात्रियों के लिए शीतल जल का प्रबंध किया गया है। इससे रेल यात्रियों को राहत मिलेगी।

गंदगी से नालियां चोक मच्छरों की भरमार

बरेली, अमृत विचार : शहर के कई मोहल्लों में बेहतर सफाई के दावे दम तोड़ रहे हैं। गंगा नगर, गणेश नगर आदि मोहल्लों में नालियां गंदगी से चोक हैं। इस वजह से मच्छर पनपन रहे हैं। शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी नियमित सफाई नहीं कर रहे हैं। इस कारण नालियां गंदगी से अटी हैं। हल्की बारिश में सड़कों पर पानी भर जाता है। जहां से आवाजाही में लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से नियमित सफाई के साथ मच्छरों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के धीमे निर्माण पर अपर निदेशक नाराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निरीक्षण के दौरान पास बह रहे नाले से संक्रमण फैलने का जताया अंदेशा
- पशु कल्याण अधिकारी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखने का निर्देश

अमृत विचार : परसाखेड़ा में 1.85 करोड़ की लगात से बन रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे नगर विकास विभाग के अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी को कई कमियां मिलीं। उन्होंने निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार के साथ भवन के पास नाला बहने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने इस बारे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखने और निर्माणस्थल पर काम से संबंधित बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

रविवार दोपहर अपर निदेशक परसाखेड़ा में बन रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर को देखने पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अफसरों को भवन का निर्माण में तेजी लाकर समय से काम पूरा करने को कहा। सेंटर के पास से बह रहे नाले से भविष्य में संक्रमण फैलने का अंदेशा जताया। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. आदित्य तिवारी को निर्देश दिया कि फैक्ट्री से बिना ट्रीटमेंट किए दूषित पानी नाले में छोड़ा रहा है। इसे रोकने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखा जाए।

बता दें कि यह सेंटर खासतौर पर कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण करने के लिए बनाया जा रहा है। इसका निर्माण सीएनडीएस कर रही है। निर्माण पूरा होने के बाद कुत्तों को पकड़कर यहां उनकी नसबंदी की जाएगी ताकि उनकी संख्या नियंत्रण में रहे। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराने की कोशिश की जा रही है। सेंटर के पास बह रहे नाले के संबंध में जल्द ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखा जाएगा।

एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी।

पांच साल में 84.24 लाख का खर्च करके 81 सौ कुत्तों को बधिया करने का दावा

शहर के मढ़ीनाथ, संजयनगर, सुभाषनगर, सीबीगंज, पीलीभीत बाईपास रोड, पुराना शहर, बदायूं रोड, कटरा चांद खां, शहामतगंज, बाकरगंज, सुरेश शर्मा और चकमहमूद नगर में आवारा कुत्तों का काफी आतंक है। हर दिन जिले के सरकारी अस्पतालों में सैकड़ों लोग उनके हमलों का शिकार होने के बाद एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचते हैं। नगर निगम का दावा है कि पांच साल में 81 सौ कुत्तों को बधिया किया गया है। इस नगर निगम ने 84 लाख 24 हजार रुपये खर्च किए हैं। हालांकि यह अलग बात है कि इस दावे के बावजूद कुत्तों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

मलेरिया के मरीजों के लिए बनेगा 10 बेड का अलग वार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुखार के मरीजों की मलेरिया जांच करने का निर्देश

अमृत विचार : जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार रोगियों की अनिवार्य रूप से मलेरिया की भी जांच कराई जाएगी। ऐसे मरीजों के लिए 10 बेड का अलग वार्ड बनाया जाएगा। एडीएसआईसी ने इस संबंध में डॉक्टरों को निर्देश दिए हैं।

अप्रैल से जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है, लेकिन इसके बाद भी नए मलेरिया रोगी सामने आ रहे हैं। मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में जनवरी से अब तक 70 से अधिक लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। ओपीडी में भी बड़ी संख्या में बुखार के रोगी आ रहे हैं, जिनमें संदिग्ध मलेरिया के लक्षण होंगे, उन्हें जांच रिपोर्ट आने तक एक अलग वार्ड में भर्ती किया जाएगा। इसके लिए मलेरिया वार्ड के बराबर में दस बेड का वार्ड बनाया जाएगा। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि डॉक्टरों को बुखार रोगियों की मलेरिया जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला अस्पताल में बनाया गया हीट वेव वार्ड। ● अमृत विचार

हीट वेव वार्ड में अभी कोई मरीज भर्ती नहीं

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के ऊपर 10 बेड का हीट वेव वार्ड बनकर तैयार हो गया है। हालांकि अभी कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि लू को लेकर अलर्ट है। इसलिए मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। डॉक्टरों को ओपीडी में आने वाले ऐसे मरीजों को संबंधित वार्ड में रेफर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले में रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज, अमृत विचार : सरकारी भूमि पर निर्माण कराने के मामले में राजस्व टीम ने शुक्रवार को छज्जे की सटरिंग गिराने के साथ रिछोला किफायतुल्ला के प्रधान पति, भाई और एक अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। हल्का लेखपाल गौरव कुमार के अनुसार गांव में गाटा संख्या 523 में विक्रेता रामचन्द्र, रामकिशन, विजय कुमार, मनोज कुमार व अजय ने रिछोला किफायतुल्ला ने मुमताज अहमद, जहीर अहमद, जैबुल निशा को बेच दी है, जिसमें से खरीदारों ने कुछ भाग सुरेन्द्र गंगवार को बेच दिया। गाटा संख्या 522 में से 66.5 वर्ग मी. पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया। कब्जेदार मुमताज अहमद, जहीर अहमद व सुरेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शराब पीकर दुकान में घुसे युवकों ने की छेड़खानी, विरोध करने पर पीटा

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में चार युवकों ने शराब के नशे में दुकान में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर चारों ने गाली गलौज कर युवती को पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि वह घर में ही परचून की दुकान चलाती है। 19 अप्रैल को वह होलसेल की दुकान से सामान लेने गई थीं। दुकान पर उनकी बेटी बैठी थी। आरोप है कि उनके मोहल्ले के अमित, बंटी, राजवीर और अजय शराब के नशे में उनकी दुकान घुस आए। बेटी से नमकीन का पैकेट और सिगरेट मांगने लगे। बेटी को सामान का रेट पता नहीं था। इस वजह से उसने सामान देने से मना कर दिया। इस पर चारों ने युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। कुछ देर बाद महिला भी दुकान पर पहुंच गई। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट कर उनके साथ भी छेड़खानी की।

चुनाव ड्यूटी करने वाले 694 कर्मचारियों का मानदेय अटका

बरेली, अमृत विचार : चुनावी ड्यूटी करने वाले बेसिक शिक्षा विभाग के 694 कर्मचारियों का मानदेय अटक गया है। अभी तक उनके खातों में नहीं पहुंचा है। बैंक खातों में आईएफएससी कोड व अन्य गड़बड़ी के चलते भुगतान खतों में नहीं पहुंच पा रहा है। कर्मियों ने जिलाधिकारी से जल्द मानदेय का भुगतान कराने की मांग की है।

इस बार ऑनलाइन मानदेय भुगतान की व्यवस्था की गई है। बहेड़ी के 125, आलमपुर जाफराबाद के 106, भदपुरा के 47, भोजीपुरा के 49, भुता के 31, बिथरी के 36, दमखोदा के 11, फरीदपुर के 25 , फतेहगंज पश्चिमी के 37, क्यारा के 26, मझगवां के 42, मीरगंज के 21, नवाबगंज के 97, शेरगढ़ के 12, रामनगर के 7 और नगर क्षेत्र के 8 कार्मिकों का अभी तक मानदेय नहीं मिल पाया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के पत्र जारी कर कार्मिकों का ब्योरा दुरुस्त कराते हुए ऑनलाइन धनराशि भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

पॉश इलाकों में रहने वालों ने दावे किए, वोट नहीं डाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर में सबसे कम 20.95 फीसदी मतदान एमबी कॉलेज के बूथ 126 पर
- मेगा ड्रीम कॉलोनी में बने मतदान केंद्र पर हुआ 63.31 फीसदी मतदान

अमृत विचार : शहर के पॉश इलाकों में रहने वाले लोगों ने दावे ही किए लेकिन जब मतदान करने का समय आया तो घरों से बाहर नहीं निकले। शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथों पर मतदान के आंकड़े यही कहानी बयान कर रहे हैं। समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने उनकी तुलना में काफी ज्यादा मतदान किया।

लोकसभा चुनाव में नंदौसी वार्ड के गरगइया गांव के लोगों ने मतदान के बहिष्कार का एलान किया था। यहां के लोग गांव तक सड़क न बनने से क्षुब्ध थे। सुबह से दोपहर 12 बजे तक पांच घंटे उन्होंने एक भी वोट नहीं डाला लेकिन जब अफसरों से सड़क बनवाने का वादा किया तो बाकी छह घंटों में ही 69 फीसदी मतदान कर डाला। यहां प्राइमरी स्कूल गरगइया गोकुलपुर में 723 मतदाताओं में से 499 लोगों ने वोट डाले।

तिलक इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 85 में ईवीएम खराब होने से एक घंटे मतदान रुका रहा लेकिन ईवीएम ठीक होने के बाद यहां भी 56 फीसदी मतदान हुआ। हार्टमन कॉलेज मतदान केंद्र के आठ बूथों पर गांधीपुरम, द्वारिकापुरम, सिद्धार्थनगर, ग्रेटर कैलाश कॉलोनी आदि इलाकों के वोट पड़ने थे लेकिन लोग मतदान करने ही नहीं निकले। इस मतदान केंद्र पर 43.47 फीसदी ही मतदान हुआ।

सुशीला गिरीश गर्ल्स कॉलेज मतदान केंद्र पर 13 हजार 142 लोगों के लिए 11 बूथ बनाए गए थे लेकिन लोग बूथ तक नहीं आए। यहां शास्त्री नगर, अशरफ खां छावनी, बांके की छावनी, टेलीफोन कॉलोनी, कुदेशिया एन्क्लेव, शंकर नगर आदि इलाकों के लोगों को वोट डालने थे। यहां 42.13 फीसदी ही मतदान हुआ। तिलक कॉलेज में बने 16 बूथों पर 49 फीसदी मतदान हुआ। कला केंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज के सात बूथों पर भी सिर्फ 41.82 फीसदी मतदान हुआ।

आल्मा मातेर स्कूल के तीन बूथों पर 52 फीसदी और बीबीएल स्कूल मतदान केंद्र के 11 बूथों पर 51.88 फीसदी मतदान हुआ। यहां चौधरी मोहल्ला, अलखनाथ मंदिर के सामने वाला हिस्सा समेत कई मोहल्लों के वोट पड़े थे। सेंट फ्रांसिस स्कूल के बूथ 203 में 39.28 फीसदी और बूथ नंबर 210 में 37.24 फीसदी मतदान हुआ। इज्जतनगर रेलवे कॉलोनी के मतदान केंद्र पर सबसे कम मतदान हुआ। मॉडल जूनियर हाईस्कूल रेलवे कॉलोनी इज्जतनगर के कमरा नंबर एक पर 22.71 फीसदी, कमरा नंबर दो पर 33.27 फीसदी, कमरा नंबर तीन में 33 फीसदी वोट पड़े।

अधूरी सड़क और गड्ढे बने मुसीबत का सबब

बरेली, अमृत विचार: बरेली बदायूं मार्ग पर अधूरी सड़क और गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। रवींद्र नगर के समीप सड़क अधूरी है। चुंगी के पास गहरे गड्ढे हैं। इस वजह से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। अभी तक इन गड्ढों को नहीं भरा गया है। लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यहां जलनिकासी की व्यवस्था भी बदहाल है। हल्की बारिश में सड़क किनारे जलभराव हो जाता है।

स्ट्रांग रूम देखने पहुंचे मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ईवीएम के रखरखाव के संबंध में जानकारी ली, सीसीटीवी फुटेज भी देखी

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को परसाखेड़ा स्थित स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कई बिंदुओं पर अफसरों को निर्देशित भी किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निरीक्षण के दौरान डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य अधिकारी भी थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आधे घंटे से ज्यादा समय तक स्ट्रांग रूम के बाहर निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा को लेकर जांच की। स्ट्रांग रूम में 3089 ईवीएम के रखरखाव के बारे में अफसरों से पूछा। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी। मतगणना को लेकर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसकी तैयारी में कोई कमी न रहे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अफसरों को ईवीएम की सुरक्षा, मतगणना की तैयारी को लेकर कई बिंदुओं पर आदेश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

भोजीपुरा : मुस्लिम और ओबीसी मतदाताओं ने किया सर्वाधिक मतदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भी रही मतदान की होड़, किसानों ने भी बूथों पर लगाईं लंबी कतारें
- सबसे ज्यादा 86.31 फीसदी रजपुरा, सबसे कम 31.91 फीसदी देवरनियां में मतदान

अमृत विचार : बरेली संसदीय क्षेत्र के भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान हुआ। मुस्लिम और पिछड़े वर्ग की आबादी वाले इलाकों में तो जमकर वोटिंग हुई ही, मिश्रित आबादी में रहने वाले मतदाता भी पीछे नहीं रहे। भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले इलाकों में भी अच्छा मतदान हुआ। जिन इलाकों में किसानों की बहुतायत है, उनमें भी मतदान का प्रतिशत 60 से ऊपर रहा। सबसे कम 31.91 फीसदी मतदान प्राइमरी स्कूल देवरनियां स्कूल प्रथम के कमरा नंबर एक में हुआ।

भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 3 लाख 89 हजार 132 मतदाता हैं जिनमें 2 लाख 7 हजार 707 पुरुष और एक लाख 81 हजार 241 महिलाएं हैं।

सात मई 417 बूथों पर इनमें से 2 लाख 54 हजार 153 यानी 65.31 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन की ओर से जारी बूथवार आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा 86.31 फीसदी मतदान कश्यप, कनौजिया, जाटव बिरादरी की बहुलता वाले प्राइमरी स्कूल रजपुरा में कमरा नंबर एक पर हुआ। यहां 402 मतदाताओं में से 347 वोट डालने पहुंचे। बिलवा के पीछे यादव बहुल गांव के मतदान केंद्र प्राइमरी स्कूल आसपुर में 83.03 फीसदी मतदान हुआ है। प्राइमरी स्कूल पहाड़गंज के कमरा नंबर एक में 82.77 फीसदी मतदान हुआ। यहां 685 मतदाताओं में से 567 ने वोट डाले। यहां अधिकतर लोग कृषि पर आश्रित हैं। जाट और कश्यप बहुल क्षेत्र में शामिल प्राइमरी स्कूल चांदपुर चिपकिया में 81 फीसदी मतदान हुआ जहां 387 मतदाताओं में से 317 ने वोट डाले। कुर्मी, कश्यप, किसान बहुल माने जाने वाले प्राइमरी स्कूल खितौसा के कमरा नंबर एक में 81.85 फीसदी और कमरा नंबर दो में 78.60 मतदान हुआ है।

मिश्रित आबादी वाले खेड़ा मसीत के प्राइमरी स्कूल कमरा नंबर एक में 774 मतदाताओं में से 621 ने मतदान किया जो 80.23 फीसदी है। प्राइमरी स्कूल नूराबाद में 80.17 फीसदी और डुंगरपुर मजरा देहात के कमरा नंबर एक में 80.18 फीसदी मतदान हुआ। प्राइमरी स्कूल नंदपुर के कमरा नंबर एक में 71.42 फीसदी मतदान हुआ है। यहां 686 में से 490 लोगों ने मतदान किया। प्राइमरी स्कूल प्रहलादपुर के कमरा नंबर एक में 74.61 फीसदी और प्राइमरी स्कूल बिचपुरी में 78 फीसदी मतदान हुआ। इसी तरह प्राइमरी स्कूल ठिरिया जसोदा में 74 फीसदी मतदान हुआ। यहां 403 मतदाताओं में से 300 लोगों ने वोट डाले।

मुस्लिम बहुल प्राइमरी स्कूल घुंसा के कमरा नंबर एक में 76.37, कमरा नंबर दो में 72 और प्राइमरी स्कूल अटा कायस्थान के कमरा नंबर एक में 71.97 और कमरा नंबर दो में 71.60 फीसदी मतदान हुआ। प्राइमरी स्कूल रम्पुरा माफी में 77 फीसदी, इंटर कालेज पीपलसाना में 71.52, प्राइमरी स्कूल सैदपुर 77.04 मतदान हुआ। यादव मौर्य बहुल गांव प्रहलादपुर के कमरा नंबर एक 76.43 फीसदी और अंबरपुर में 71.44 फीसदी मतदान हुआ। प्राइमरी स्कूल बिबियापुर में 69 फीसदी और सिंघाई कायस्थान में 75.33 फीसदी मतदान हुआ। प्राइमरी स्कूल ढहिया में 54.89 फीसदी मतदान हुआ। सबसे कम 31.91 फीसदी मतदान प्राइमरी स्कूल देवरनियां स्कूल प्रथम के कमरा नंबर एक में हुआ।

बहिष्कार करने वालों ने भी किया 64 फीसदी मतदान

भोजीपुरा के नौगवा घाटमपुर में लोगों ने सड़क न बनने के विरोध में मतदान के बहिष्कार का एलान किया था। यहां करीब तीन घंटे तक मतदान नहीं हुआ था। अफसरों ने प्रधान के जरिए रोड बनवाने का आश्वासन दिया तो ग्रामीण उत्साह से मतदान में जुट गए। यहां 379 वोटरों में से 245 यानी 64 फीसदी ने मतदान किया।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

महिला की मौत, पिता ने लगाया जहर देकर मारने का आरोप

रास्ते में शव छोड़कर भागे ससुराल वाले, दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

उत्तराखंड के थाना पुलभट्टा के गांव बरी निवासी नबी अहमद ने बताया कि दो साल पहले उन्होंने बेटी सैफा का निकाह गांव पचपेड़ा, हालिया पता आवास विकास कॉलोनी किच्छा निवासी शहबाज से किया था। आरोप है कि पर्याप्त दहेज देने के बावजूद बेटी के ससुराल वाले खुश नहीं थे। शहबाज, उसकी मां, बड़ा भाई और उसके बहन- बहनोई आए दिन दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। बेटी की शिकायत पर कई बार उन्हें समझाया भी गया पर बेअसर हुआ। नबी अहमद के अनुसार, रविवार सुबह करीब दस बजे बेटी के ससुर रईस अहमद ने उसके जहर खा लेने और इलाज के लिए भोजीपुरा के अस्पताल लेकर जाने की सूचना दी तो वे पत्नी और दो बेटों के साथ अस्पताल के लिए दौड़े। रास्ते में जानकारी करने पर बताया गया कि सैफा की मौत हो गई है। देवरनियां आने पर जैसे ही वाहन रूकवाया, आरोप है कि बेटी के ससुराली शव को छोड़कर भाग गए। शव को स्थानीय सरकारी अस्पताल लाकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। मृतका सैफा के पिता नबी अहमद की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति शहबाज़, सास हनीफ़ा, जेठ शहजाद, ननदोई मो. इरफान व ननद नेहा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा देर शाम दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे सैफा के ससुराली

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
–अरूण कुमार, सीओ बहेड़ी

हफ्ता भर पहले ही गांव आया था शहबाज

किच्छा में मकान बनवाने के बाद रईस अहमद का परिवार अधिकांश समय वहीं रहता है। करीब हफ्ता भर पहले ही शहबाज पत्नी सैफा के साथ गांव पचपेड़ा आया था। आरोप है कि सैफा की हत्या करने के इरादे से ही उसे यहां लाया गया। शहबाज़ भिलैय्या अड्डे पर मेडिकल स्टोर चलाता है और पिता नजदीक के ही एक गांव में झोलाछाप है। मृतका सैफा को एक सालभर का बेटा हैं।

दहेज के लिए ससुराल वालों ने घर से निकाला

बरेली, अमृत विचार : दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर में भूखा रखा। विरोध करने पर पीटकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किला क्षेत्र की रहने वाली अलिसा ने बताया कि उसकी शादी मोहल्ला जखीरा के उवैस के साथ जुलाई 2019 में हुई थी। शादी के बाद ससुराली कम दहेज लाने का ताना देने लगे। आरोप है कि ससुरालियों ने मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। इसको लेकर पति, जेठ, जेठानी, ननद, ननदोई आए दिन मारपीट करते थे। आरोप है कि तीन मई के उसके साथ मारपीट की। विरोध पर उसे दो दिन तक भूखा-प्यासा कमरे में बंद रखा। बाद में घर से निकाल दिया।

- भूख रखने का भी लगाया आरोप
- पति समेत आठ के खिलाफ एफआईआर

दहेज की मांग पूरी न करने पर बरात लाने से किया इन्कार

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : एक युवती के पिता ने वर पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न कर पाने के कारण बरात लाने से इनकार करने का आरोप लगाते हुए 9 लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है।

फूंदन नगर गांव निवासी युवक ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी सिरौली के एक युवक से तय की थी। 23 जून 2023 को लड़का पक्ष ने गोद भराई की रस्म की। जिसमें उसके करीब 50 हजार रुपये खर्च हो गए । शादी का दिन11 जुलाई 2024 तय हुआ। जिसके लिए वह तैयारियों में जुटा था।

करीब एक माह से लड़का पक्ष एक लाख की नकदी, एक बाइक, सोने की चेन और एक भैंस की मांग कर रहा है। रविवार की दोपहर लड़का पक्ष ने रेवती स्टेशन के समीप लगने वाली बाजार में उसे बुलाया और दहेज में अन्य सामान की मांग करने लगे। वधू के पिता ने असमर्थता जताई तो मांग पूरी न करने पर बरात लाने से इनकार कर दिया। लड़की के पिता ने लड़का पक्ष के 9 लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिला को पीटकर घर से निकाला

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : दहेज के लिए ससुरालियों ने महिला को पीटा। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उड़ालाजागीर निवासी प्रियंका ने बताया कि उनकी शादी 12 जून 2023 को खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव खिरिया के राजेश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। प्रियंका ने बताया शादी के कुछ दिन बाद ही पति राजेश, सास सोमवती, ममिया ससुर चपऊ और ममेरा देवर कम दहेज की बात कहकर मारपीट करने लगे। मायके से 50 हजार रुपये लेकर आने का दबाव बनाने लगे। 15 अप्रैल को उनके साथ फिर मारपीट की गई। इस पर वह माता पिता के साथ मायके चली गईं। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

वरिष्ठ पत्रकार को पुत्र शोक

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ पत्रकार प्रवीन शर्मा के इकलौते पुत्र प्रज्ज्वल शर्मा का रविवार सुबह निधन हो गया। बीबीए और होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर चुके 25 वर्षीय प्रज्ज्वल जयपुर की एक कंपनी में कार्यरत थे। रविवार शाम उनकी अंतिम यात्रा पवन विहार स्थित निवास से गुलाबबाड़ी श्मशान भूमि पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहर के तमाम लोगों ने प्रवीन के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

रंगदानी न देने पर की छेड़खानी और लूट

बरेली, अमृत विचार : दो लाख रुपये की रंगदारी न देने पर महिला से छेड़खानी कर चेन लूटने के आरोप में दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उनका बहनोई और उसका दोस्त दो माह से लगातार फोन कर रहे हैं। आरोप है कि दोनों दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पांच मई को वह पति के साथ ननद के यहां जा रही थीं। तभी डाकखाने के पास आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।गाली–गलौच करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। पति के साथ भी मारपीट की। विरोध किया तो आरोपियों ने महिला के साथ छेड़खानी की। आरोप है कि सोने की चेन भी लूट ली।

होरीलाल हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : पुलिस ने होरीलाल हत्याकांड में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहल्ला कालीबाड़ी निवासी धीरज राजपूत और विजय राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कालीबाड़ी निवासी होरीलाल (62) का मोहल्ले के ही श्याम, राहुल, संजय और मोहित से वोट डालने के लिए आते समय विवाद हो गया था। होरीलाल के बेटे देवेंद्र ने बताया कि श्याम, राहुल, संजय, मोहित उर्फ भोला निवासी संजय नगर और चनेहटी के धीरज और विजय दोनों भाई कई लोगों के साथ आए और उनके घर पर ईंट–पत्थर फेंकने लगे। जिसकी शिकायत करने जाते समय सभी ने मिलकर उनकी हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि दोनों आरोपियों को संजय नगर स्थित श्मशान भूमि के समीप से गिरफ्तार किया है।

रामगंगा में डूबकर बहन की मौत, भाई को निकाला बाहर

बरेली, अमृत विचार : हाफिजगंज निवासी रमेश की थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नौनी टिकन्ना में ससुराल है। वह 15 दिन पहले पत्नी, दो बच्चे क्रांति (12) और अमित (10) के साथ ससुराल आए थे। रविवार दोपहर भाई–बहन नहाने के लिए रामगंगा में घुस गए और डूबने लगे। ग्रामीणों ने अमित को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन क्रांति का पता नहीं चला। कुछ समय के बाद क्रांति मिल गई। परिजन उसे दातागंज सीएचसी पर ले गए। वहां क्रांति को मृत घोषित कर दिया गया।

स्वास्थ्य मेले में बुखार-डायरिया के रोगियों की भरमार

बरेली, अमृत विचार : 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ, जिसमें तीन हजार से अधिक मरीजों को परामर्श के साथ इलाज दिया गया। मेले में सबसे ज्यादा बुखार और डायरिया के रोगी थे। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मेले में जो गंभीर रोगी मिले, उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

योगीराज में डरने की जरूरत नहीं: अशोक

बैठक में मौजूद व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम की कर्मचारी नगर में हुई बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल से संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल के बेटे को होटल की छत से फेंके जाने के मामले में अब तक कार्रवाई न होने की शिकायत की। अशोक गोयल ने इस पर घटना को निंदनीय बताया। कहा, योगी राज में व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं है। अफसरों को कार्रवाई करनी चाहिए।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के शासन में व्यापारियों को भयमुक्त माहौल मिला है। उन्हें भयमुक्त होकर कारोबार करना चाहिए। बिना वजह किसी से डरने की जरूरत नहीं है। बैठक में जितेंद्र रस्तोगी, दीपक द्विवेदी, सोनू मौर्य, राजीव अग्रवाल, कपिल मल्होत्रा, जितेंद्र आदि व्यापारी मौजूद रहे। फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि संजय अग्रवाल के बेटे को होटल की छत से फेंकने के मामले में प्रदेश अध्यक्ष ने अधिकारियों से बात की है।

- पदाधिकारियों ने व्यापारी के बेटे को छत से फेंकने पर कार्रवाई न होने की शिकायत की

मकान मालिक ने घर में घुसे दो चोरों को पहचाना

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर इलाके में एक घर में घुसकर तीन लोग चोरी कर रहे थे। इस बीच मकान मालिक पहुंचा तो तीनों भागने लगे। मकान मालिक ने दो आरोपियों को पहचान लिया। पुलिस ने दो नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव उदयपुर जसरथपुर के चंद्रपाल ने बताया कि वह शुक्रवार रात आईसक्रीम का ठेला लगाकर घर पहुंचे। एक युवक गेट पर खड़ा था। शोर–शराबा के बाद दो चोर घर के अंदर से निकल कर भागने लगे। उन्होंने चोरों को पकड़ने की कोशिश की तो तलवार से हमला कर दिया गया।

निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ कर मांगी 20 लाख की रंगदारी

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र के जगतपुर में दबंगों ने निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ कर उत्पात मचाया। विरोध करने पर मकान स्वामी के साथ मारपीट की और 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आठ नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जगतपुर निवासी उमाचरण ने बताया कि वह प्लाट पर रविवार सुबह काम करवा रहे थे। तभी हबीब अहमद उर्फ गुड्डू, हसीन कुरैशी, वसीम, कामरान, फजल अहमद, बाबू, रफीक बजाज, रोहताश पटेल कुछ अज्ञात लोगों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों दीवार गिरा दी और दरवाजा उखाड़ कर फेंक दिया। ये आरोपी दो माह से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे है। न देने पर बार–बार प्लाट पर आकर धमकी दे रहे हैं।

हरदोई से लापता हुए किशोर को परिजनों से मिलवाया

बरेली, अमृत विचार : मनोसमर्पण संस्था ने मानसिक मंदित किशोर को परिवार से मिलवाया। संस्था के शैलेश कुमार ने बताया कि शहर में कुमार सिनेमाघर के पास यह किशोर लावारिस हाल में मिला था। जिसे रजऊ परसपुर स्थित संस्था के केंद्र पर भेजा गया। जानकारी पता चला कि किशोर हरदोई का रहने वाला है। वह 12 दिसंबर 2023 को घर से कहीं चला गया था। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। काउंसलिंग के बाद किशोर की स्थिति में सुधार हुआ। इसके बाद संस्था ने पुलिस के सहायता से किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दो बहनों को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी जेल गया

बरेली, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी के गांव सफरी में दो सगी बहनों को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आकाश मौर्य को रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गांव सफरी में तुलसी और उसकी सगी बहन कल्पना ने बुधवार को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता उत्तम कुमार ने पड़ोस में रहने वाले आकाश मौर्य और उसकी भाभी चांदनी पर बेटियों को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चुनावी रंजिश में युवक को बेल्ट से पीटा

बरेली, अमृत विचार : चुनावी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर युवक को बेल्ट से पीटा। पत्नी और पिता बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने मामले में छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के परातासपुर निवासी धर्मवीर ने बताया कि गांव के कुछ लोग उनसे चुनावी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि शुक्रवार रात सामुदायिक केंद्र में विवाह समारोह था। वह उसमें शामिल होने गए थे। इसी बीच मनोज, अंकुर, आकाश, शनि, रामबहादुर और अमन शराब के नशे में वहां पहुंचे। इन लोगों उनके साथ अभद्रता की। इस पर वह घर आ गए। इसके बाद आरोपी उनके घर में घुस आए और उन्हें बेल्ट से पीटने लगे। पत्नी और पिता बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

शीशगढ़ में करंट से महिला की मौत

शीशगढ़, अमृत विचार : घर में टूटे पड़े बिजली के तार पर पैर पड़ने से महिला की मौत हो गई। शीशगढ़ के मोहल्ला कंचन कुंआ निवासी असराना (32) के पिता वकील अहमद उर्फ बड़े ने बताया कि उनकी बेटी ससुराल में रविवार सुबह 8 बजे चाय बनाने के लिए किचेन में पहुंची थी, बिजली का तार टूटा पड़ा था। वह नंगे पैर थी तार से करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पति सदाकत हुसैन दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। जो तीन दिन पहले ही घर आया है। असराना की शादी 8 साल पहले हुई थी, उसे 3 बेटी है, सबसे छोटी बेटी की उम्र 15 दिन ही है। मां की मौत से तीनों बेटियों का हाल बेहाल है।

महिला का सुराग नहीं, एसओ -विहिप जिलाध्यक्ष में नोकझोंक

नवाबगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज कस्बे की एक महिला को बेटी के साथ कस्बे के दूसरे समुदाय का युवक बुधवार रात को अपने साथ लेकर भाग गया। महिला के पति ने हाफिजगंज पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने दो दिन बाद रिपोर्ट लिखकर दर्ज कर इतिश्री कर ली। मामला संज्ञान में आने के बाद विहिप जिलाध्यक्ष ने जब एसएचओ हाफिजगंज से महिला की बरामदगी के बारे में बात की तो तफ्तीश होने की बात कह इतिश्री कर ली। फोन पर विहिप जिलाध्यक्ष ने एसएचओ से महिला की बरामदगी में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त कर शीघ्र बरामदगी की बात कही है। कस्बे के एक नाश्ता कार्नर लगाने वाले की पत्नी के साथ ही उसकी गोद ली हुई छह माह की बच्ची को पड़ोस का दूसरे समुदाय का युवक बुधवार की रात भगा ले गया। देर रात जब महिला के परिवार वाले जागे तो उसे न पाकर घर में देखने के साथ ही जब दूसरे समुदाय के पड़ोसी के घर जानकारी करने पहुंचे तो आरोपी युवक घर से फरार था और उसके परिवार वालों ने महिला के पति को उसकी अश्लील वीडियो और फोटो दिखाकर कार्रवाई करने पर वायरल करने की धमकी देते हुए भगा दिया। महिला के पति ने गुरुवार को थाना पुलिस को मामले की तहरीर दी, शुक्रवार को जब मामला अखबारों की सुर्खियां बना तो पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर इति श्री कर ली।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

THE TOOTH LOUNGE Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दाँत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट 15 मई तक निःशुल्क परामर्श
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक– शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

पहले दिन चार सौ से ज्यादा युवक-युवतियों ने दिया परिचय

श्री अग्रवाल सभा के वैवाहिक परिचय सम्मेलन में शामिल होने कई राज्यों से पहुंचे समाज के लोग, वैवाहिक पुस्तिका का विमोचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी की ओर से मिनी बाईपास के एक बरातघर में रविवार को शुरू हुए दो दिवसीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन में कई राज्यों के युवक-युवती पहुंचे। पहले दिन करीब चार सौ युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। इस दौरान सोसायटी की वैवाहिक पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

- **राजेश अग्रवाल ने कहा- सेवा और सामाजिक समरसता ही अग्रवाल समाज का ध्येय**

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश, महालक्ष्मी, महाराज अग्रसेन के पूजन के साथ हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि अग्र समाज सदैव परोपकार करता रहा है और सेवा ही उसका संकल्प और ध्येय रहा है। सामाजिक समरसता में भी अग्र समाज ने महत्वपूर्ण योगदान किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वैवाहिक सम्मेलन जैसे आयोजन समाज को और सुदृढ़ और संगठित बनाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। व्यापारी सुरक्षा फोरम के राष्ट्रीय संयोजक अशोक गोयल ने विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए अग्रवाल सभा की ओर से मंच उपलब्ध कराए जाने की सराहना की।

परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड से भी अग्रवाल समाज के लोग पहुंचे। बताया गया कि सम्मेलन में 600 से अधिक विवाहयोग्य युवक-युवतियों का पंजीकरण हुआ है जिनमें से पहले दिन लगभग 400 युवक-युवतियों का परिचय हुआ। सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल करेंगे जिसके बाद 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया जाएगा।

सम्मेलन में श्रीअग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री एडवोकेट दिनेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल, संरक्षक विष्णु अग्रवाल सर्राफ, संरक्षक प्रेम प्रकाश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, महामंत्री एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल, परिचय सम्मेलन के संयोजक सुधीर कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आनंद गोयल, रश्मि अग्रवाल, डॉ. आरती, परिचय पुस्तिका संयोजक अरविंद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, धन संग्रह संयोजक देवेश अग्रवाल, शोभित गोयल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वैवाहिक पुस्तिका का विमोचन करते भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वैवाहिक परिचय सम्मेलन में सरकारी नौकरी करने वालों को ढूंढती रहीं निगाहें, कोई नहीं मिला

वैवाहिक परिचय सम्मेलन में बेटियों के रिश्ते के लिए आए कई लोगों की निगाह सरकारी नौकरी करने वाले युवकों को भी ढूंढती रहीं लेकिन एक भी युवक ऐसा नहीं मिला। अधिकांश युवक निजी कंपनी में कार्यरत थे या फिर व्यापार करने वाले। कुछ युवकों ने अपने परिचय में बैंक सेवा में होने की बात कहीं। युवकों ने परिचय के दौरान अपनी आर्थिक स्थिति के साथ वेतन और रुचियों की जानकारी साझा की। कई युवकों ने अभिभावकों का सम्मान करने और घरेलू लड़की को जीवनसंगिनी बनाने की प्राथमिकता जताई। युवतियों के शादी के बाद अपनी नौकरी या पढ़ाई जारी रखने पर अभिभावकों की सहमति से ही फैसला करने की भी बात कही।

कवियों ने भी सम्मेलन में बांधा समा

श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी की ओर से रविवार शाम को कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना सरिता सिंह चौहान ने की। हास्य कवि रोहित राकेश ने संचालन करते हुए कहा, आशाओं का दीपक मन में जलाया है, इस वर्ष विवाह होगा मेरा, मैं नहीं कहता पंडित जी ने बताया है। राजेश शर्मा ने कहा, अगर घर में नहीं बेटी सभी सुख चैन खोते हैं, विदाई जब हो बेटी की पिता के होश खोते है। कमल सक्सेना ने कहा, अपनी रीत रीत रस्मो का जो यूं ही मान घटता रहा, वेद शास्त्रों का हम विधान भूल जाएंगे। उन्नति शर्मा ने कहा, बाबुल पी का घर बड़ी दूर, हमको ना जाना कभी भूल। उमेश त्रिगुणायत ने कहा, बेटियों सौगंध तुम्हें ईश्वर की है कठोर, मात-पिता की दी कुर्बानी को न भूलना।

अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन में मंच से परिचय देतीं युवतियां। ● अमृत विचार

जूडो कराटे सीख कर खुद की आत्मरक्षा कर सकेंगी छात्राएं

बरेली, अमृत विचार : आत्मरक्षा के लिए उच्च प्राथमिक, कस्तूरबा और कंपोजिट विद्यालयों में छात्राओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूलों में तैनात 192 खेल अनुदेशक छात्राओं को प्रशिक्षित करेंगे । इससे पहले अनुदेशकों को कराटे में प्रशिक्षित करने के लिए शासन की ओर से प्रशिक्षक नामित होंगे, जो एक हफ्ते तक नियमित रूप से अनुदेशकों को कराटे की बारिकियों से रूबरू कराएंगे।

छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 24 दिनों का जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों को 24 सौ रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा। जूडो कराटे में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशकों को स्कूल आवंटित किए जांएगे। जुलाई से दिसंबर के बीच छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं, योजना के तहत छात्राओं को रोजाना प्रशिक्षित करना होगा। साथ ही वीरांगना एप पर छात्राओं की उपस्थिति के साथ फोटो और वीडियो भी अपलोड करनी होगी। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए अनुदेशकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस संबंध में सभी बीईओ और अनुदेशकों को निर्देश दे दिए गए हैं।

जिन विद्यालयों का गिरा परीक्षाफल, उनसे पूछी जाएगी वजह

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटर में जिन विद्यालयों का परीक्षाफल 75 फीसदी से कम है, उनसे इसकी वजह पूछी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार कर रहा है। वहीं, टॉपर बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करेंगे।

हाईस्कूल और इंटर में करीब 97 हजार विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 87 हजार छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 80 हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। अफसरों के अनुसार हाईस्कूल और इंटर के 20- 20 टॉपर छात्रों को रोल मॉडल बनाया जाएगा, जो जिले के विभिन्न स्कूलों में छात्रों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में अनुभव साझा करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि नया सवेरा कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट परिणाम देने वाले स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा। जिन स्कूलों का परीक्षाफल पिछली बार से कम रहा है, उनसे वजह पूछी जाएगी। टॉपर छात्र प्रार्थना सभा के दौरान अपनी सफलता के बारे में छात्रों को बताएंगे और परीक्षा की तैयारियों पर चर्चा भी करेंगे। जिले में कुल 408 माध्यमिक स्कूल हैं। सूत्रों के अनुसार ऐसे 22 विद्यालय हैं, जिनका इस बार परीक्षाफल गिरा है।

सार-संक्षेप

नर्स दिवस पर नर्सिंग के महत्व को प्रदर्शित किया

बरेली, अमृत विचार : कैमुआ स्थित वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रविवार को नर्स दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा. विवेक चंद्र सक्सेना, डॉ. राजन दीक्षित और डॉ. लता दीक्षित ने की।इस दौरान छात्रों ने नाटक के जरिये फ्लोरेंस नाईटेंगल के कार्य एवं जीवन के बारे में बताया। नर्सिंग की महत्वपूर्णता को भी प्रदर्शित किया। प्राचार्य अखिल रोजर्स, उप प्राचार्या सरिता आनंद, अंशु सिंह, एल्या, विपुल, अभिषेक सिंह, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

रितिक मिस्टर, प्रचेता मिस फेयरवेल चुनी गईं

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में रविवार को सीनियर छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। छात्रों ने यादों को रचनात्मक तरीकों से प्रस्तुत किया। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या ने कहा कि पत्रकारिता के छात्रों पर समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। डीन पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रो. आरके शुक्ला, सीएसईडी निदेशक प्रो. जेएन श्रीवास्तव,डा. संदीप कुमार दुबे ने भी विचार रखे। रितिक सिंह को मिस्टर फेयरवेल और प्रचेता चौहान को मिस फेयरवेल चुना गया। शुभ्रा खरे और डा. सिंह राघव निर्णायक मंडल में रहे। डा. ललित कुमार, कुलानुशासक प्रो. केके दुबे, डा.अवधेश शर्मा, प्रो. पंकज कुमार राय आदि मौजूद रहे।

आईएएस निर्देश गंगवार को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : जय शिवाजी जय सरदार पटेल फाउंडेशन ट्रस्ट ने रविवार को संजय नगर रोड स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में आईएएस निर्देश गंगवार और उनके पिता अशोक गंगवार को सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, उपाध्यक्ष हरीश यदुवंशी ,भोजीपुरा ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, मीरगंज ब्लॉक प्रमुख गोपाल गंगवार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। डॉ. महेश गंगवार, सुरेंद्र राठौर ,बबलू पटेल ,विवेक पटेल, डॉ. राजवीर गंगवार ,नरेंद्र गंगवार ,रामावतार गंगवार ,सुरेश पटेल ,सत्यवीर गंगवार ,मनोज गंगवार, राजेंद्र पाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

मातृ शक्ति को सम्मानित किया

बरेली, अमृत विचार : मातृ दिवस पर सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने बांके बिहारी मंदिर में रविवार को चित्रा जौहरी को सम्मानित किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि चित्रा जौहरी ने पति की मृत्यु के बाद जिस तरह संघर्ष कर बेटे को पाला वो असाधारण है। बेटे प्रसून को डॉक्टर बनाया। वहीं, सोसायटी के पदाधिकारियों ने राहगीरों को जूस का वितरण किया। अमित गौड़, रविन्द्र शर्मा, दिलीप पाठक, हरीश गंगवार,दीपक शर्मा, राजीव सक्सेना, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

रिद्धिमा में कलाकारों ने किया अग्निसुता का मंचन

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कलाकारों ने अग्निसुता नाटक का मंचन किया। नाटक के जरिये उस भ्रांति को उठाया गया, जिसमें कहा जाता है कि महाभारत द्रोपदी के कारण हुआ। नाटक का आरंभ पांडवों के शिविर से होता है। जहां अश्वत्थामा पांडव समझ कर सोते हुए उनके पांच पुत्रों का वध कर देता है। द्रौपदी पुत्रों का शव देख कर विलाप करती हैं। उधर, श्रीकृष्ण जब बताते हैं कि पांडव जीवित हैं और अश्वत्थामा ने पांडवों के छोटे बालकों को मारा है। यह सुनकर अश्वत्थामा और भी प्रसन्न होता है कि उसने पांडवों का वंश समाप्त कर दिया। द्रौपदी कहती हैं कि मुझ पर ही आरोप लगे कि मेरे कारण महाभारत युद्ध हुआ, जबकि मैं तो कारण नहीं थी। युद्ध कौरवों की महत्वाकांक्षा और हठधर्मिता के कारण हुआ। द्रौपदी का किरदार अक्सा खान ने निभाया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता और अश्वनी कुमार द्वारा लिखित नाटक को विनायक कुमार श्रीवास्तव ने निर्देशित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. एमएस बुटोला, डा. रीटा शर्मा मौजूद रहीं।

पादप विज्ञान विभाग में शिक्षक की नियम विरुद्ध नियुक्ति की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पूर्व अस्थाई कर्मचारी ने शिक्षक को बताया विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारी का नजदीकी**
- **शासन ने विश्वविद्यालय से मांगी रिपोर्ट, फिलहाल कुलसचिव के स्तर पर मामला लंबित**

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग में एक शिक्षक की नियमों के खिलाफ नियुक्ति करने का आरोप लगा है। एक पूर्व अस्थाई कर्मचारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कहा है कि शिक्षक विश्वविद्यालय के ही एक उच्चाधिकारी का काफी नजदीकी है। 19 दिन पहले की गई यह शिकायत फिलहाल कुलसचिव के स्तर पर लंबित दिख रही है। कुछ दिन पहले इतिहास विभाग में भी एक शिक्षिका की गलत तरह से नियुक्ति किए जाने की शिकायत की गई थी।

पूर्व कर्मचारी की ओर से की गई शिकायत में आरोप है कि पादप विज्ञान विभाग में तैनात एक सहायक आचार्य की विश्वविद्यालय परिनियमावली और यूजीसी के नियमों के विरुद्ध गलत ढंग से नियुक्ति की गई है। आरोप है कि शिक्षक ने यूजीसी नेट वर्ष 2014 में एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलॉजी और सेट उत्तराखंड के लिए 2012 में पास किया जो चार साल के लिए ही बायोटेक्नोलॉजी विषय में मान्य होना चाहिए। आरोप है कि शिक्षक का 10 साल का अनुभव सहायक आचार्य के समकक्ष वेतनमान में नहीं है क्योंकि वह संविदा पर नियुक्त थे।

कहा गया है कि पूर्व सेवा का लाभ निरंतर सेवा पर ही अनुमन्य होता है जबकि शिक्षक का उत्तराखंड काउंसिल फॉर बायोटेक्नोलॉजी से सीसीएस हरियाणा के कृषि विश्वविद्यालय के बीच सेवा परिवर्तन में सर्विस ब्रेक है। शिक्षक पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में पोस्ट डॉक्टोरल फेलो की तरह थे। शिक्षक के यूजीसी लिस्टेड जर्नल में निर्धारित अर्हता जो 10 रिसर्च पेपर की होती है, उससे कम रिसर्च पेपर प्रकाशित हैं लिहाजा उनका एपीआई कम है। इसलिए शिक्षक की पादप विज्ञान विभाग में आचार्य पद पर नियुक्ति विधि सम्मत नहीं है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में सभी नियुक्तियां नियमों के तहत हुई हैं। शिकायत निराधार है और उसका जल्द निस्तारण कर दिया जाएगा।

नर्सों के कार्य और महत्व के बारे में बताया

केशलता कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **केशलता कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग में नर्स दिवस मनाया**

बरेली, अमृत विचार : केशलता कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर नर्सिंग की छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, पोस्टर, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, निदेशक डॉ. लता अग्रवाल, केशलता अस्पताल के निदेशक गोपाल अग्रवाल ने दीप जलाकर की। इस मौके पर डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने नर्सों के कार्य एवं महत्व के बारे में बताया। साथ ही फ्लोरेंस नाइटेंगल की जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी और उपप्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव ने सभी छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सेवा भाव तथा उनके कार्य करने के तरीके के बारे में समझाया। प्रो. अरविंद जांगिड़ ने नर्स दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान दिया। प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. ऋषभ कुमार, नितिन सहाय, अनुप्रिया लायल, निशा सिंह, हिमांशु पाल, आशीष सिंह, शुभम सिंह, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन सरिता और रॉबिन पॉल ने किया।

मातृ दिवस : अभिव्यक्त किया माताओं के प्रति प्रेम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वृद्धाश्रम में कटा केक, नम हुईं मांओं की आंखें**

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मां के प्यार, त्याग और बलिदान को याद किया गया। युवक और युवतियों ने फेसबुक, वाट्सएप पर मां की फोटो लगाकर मां के प्रति प्रेम को व्यक्त किया। वहीं, बुखारा रोड स्थित वृद्धाश्रम में परिवार से दूर रह रहीं तमाम महिलाओं के साथ यहां के स्टाफ ने केक काटकर मातृ दिवस मनाया। करीब 49 महिलाएं वृद्धाश्रम में रह रही हैं। सभी ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया। इस दौरान कई माताएं अपने बच्चों को यादकर भावुक हो गईं। उनके आंखों से आंसू छलक पड़े। प्रबंधक कांता गंगवार, रचना चौहान, संतोष मिश्रा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं, टर्वन एंड संस्था की ओर से मातृ दिवस पर वृद्धाश्रम में केक काटा गया। बुजुर्गों की जांच कर दवाएं भी वितरित की गईं।

बुखार रोड स्थित वृद्धाश्रम में केक काटतीं बुजुर्ग महिलाएं। ● अमृत विचार

माता जैसा त्याग और परिश्रम कोई नहीं कर सकता

बरेली, अमृत विचार : चौपुला रोड स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर रविवार को मातृ दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। लोगों ने मां पर आधारित एक से बढ़ कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। क्षेत्र संचालिका राजयोगिनी पार्वती ने कहा कि माता जैसा त्याग और परिश्रम कोई नहीं कर सकता है। सिविल लाइंस सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मकुमारी नीता ने भी मां के महत्व का प्रकाश डाला। संस्था के मोहित ने मां पर आधारित गीत की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन पारूल ने किया। पुष्प लता गुप्ता, शमा गुप्ता, डा. नमीता अग्रवाल, सीमा गोयल, डा. मोनिका, विद्या लदानी, रीता, संतोष कश्यप, मधु वर्मा मौजूद रहीं।

मां के त्याग और ममता के बारे में बताया

बरेली, अमृत विचार : मातृ दिवस पर पूजा सेवा संस्थान में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने तरीकों से माताओं के प्रति प्रेम को व्यक्त किया। इस मौके पर पूजा सिंह, पारस जौहरी, काव्या गोस्वामी, मुस्कान सूरी, प्रतीक शर्मा, साक्षी कनौजिया, अविरल सक्सेना और मो. मूसा की माताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन पीपी सिंह ने बच्चों को मां के त्याग और ममता के बारे में बताया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब आफ बरेली न्यू नॉर्थ की पूर्व अध्यक्ष सीमा टेबड़ीवाल को उनके बेटे सोहम टेबड़ीवाल के भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन पर सम्मानित किया गया। बच्चों ने कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। संचालन रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ के राजपाल सिंह ने किया। रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष राजेश सेठ, गुलशन अरोरा, सुनील शर्मा, मालती देवी, मंजुला खंडेलवाल, राखी सागर, सीमा गुप्ता, प्रज्ञा सक्सेना, कविता अरोरा मौजूद रहीं।

वृद्धाश्रम में माताओं का किया सम्मान

वृद्धाश्रम में माताओं का चरण वन्दन करके किया सम्मान।

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब ने रविवार को हार्टमन पुल के समीप काशीधाम वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित कर माताओं को सम्मानित किया। चरण वंदना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर वृद्धजनों को उनका मनपसंद नाश्ता कराया गया। इसके अलावा दैनिक सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बुजुर्ग महिलाएं भी उत्साहित दिखीं। इस दौरान उन्होंने यादें साझा कीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महासचिव सत्येन्द्र सक्सेना, प्रकाश चंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, अंकित अग्रवाल, प्रदीप माधवार, शचीन्द्र सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, शशि बाला, अविनाश सक्सेना, इरा सक्सेना, सोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

...तो इस बार भी खेल स्पर्धाओं के लिए शिक्षकों को जुटाना पड़ेगा चंदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पिछले साल की तुलना में खेल की धनराशि बढ़ी, लेकिन फिर भी कम**
- **जुलाई में ब्लाक, जिला और मंडल स्तर पर होंगी खेल प्रतियोगिताएं**

> बच्चों में खेल के प्रति उत्साह को देखते हुए ब्लॉक स्तर पर खेल स्पर्धाएं कराई जाती हैं। इसके लिए शिक्षकों को ही आपस में धन एकत्र कर जरूरी व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं।
> **-भानू प्रताप सिंह**, जिलाध्यक्ष, यूटा

> खेल स्पर्धाओं के लिए तैयार कराने को लेकर सभी प्रधानाध्यापकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को पर्याप्त खेल संसाधन मुहैया कराने को विशेष रूप से कहा गया है।
> **-संजय सिंह**, बीएसए

अमृत विचार : जुलाई में बेसिक शिक्षा विभाग में विद्यालय स्तर पर शुरू होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए विभागीय तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार खेल आयोजन के लिए धनराशि में कुछ इजाफा किया गया है। शिक्षकों के अनुसार जितनी जरूरत होती है, उतनी धनराशि नहीं मिली है।

पिछली बार भी शिक्षकों को इसके लिए चंदा करना पड़ा था। क्योंकि बजट तो हर साल आता है, लेकिन स्पर्धाओं में शत प्रतिशत खर्च नहीं किया जाता। ऐसे में शिक्षकों को आपस में समन्वय स्थापित कर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं करानी पड़ती हैं।

जुलाई से अगस्त के बीच में खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई जानी हैं। सभी ब्लाकों के लिए एक लाख और जिला स्तर पर 52 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। जबकि पिछले वर्ष ब्लॉक, जिला, मंडल और प्रदेश पर खेल प्रतियोगिताएं कराने के लिए 1 लाख 21 हजार रुपये आवंटित हुए थे। इस बार मंडल स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए 93 हजार 600 रुपये आवंटित हुए हैं। शिक्षकों के अनुसार इस आवंटित धनराशि से प्रतियोगिता संपन्न कराना कठिन होगा।

ये प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी

कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए हॉकी, तैराकी, कुश्ती, हैंडबाल, वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, जिमनास्टिक, कबड्डी, योगासन, व्यायाम, खो-खो, ताइक्वांडो के साथ लोकगीत, लोकनृत्य, अंताक्षरी आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इनका आयोजन अलग-अलग वर्ग में विद्यालय, न्याय पंचायत, ब्लॉक, जिला व मंडल स्तर पर होगा। 30 नवंबर तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

संकल्प संस्था चलाएगी पौधरोपण अभियान

बरेली, अमृत विचार : संकल्प सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था के पदाधिकारियों की ओर से रविवार को माडल टाउन में बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 15 अगस्त तक पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी ने कहा कि पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने पौधरोपण अभियान के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि पवन अरोड़ा ने कहा कि सनातन संस्कृति में एक वृक्ष को दस पुत्र के समान माना गया है। पार्षद पति अतुल कपूर, समाजसेवी प्रदीप कुमार सक्सेना ने भी विचार रखे।

एक नजर

दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

भुता , अमृत विचार : ससुरालियों ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया, पीड़िता के पिता ने बेटी के ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। भुता के गांव रावल कला निवासी कृष्ण पाल ने बताया कि मैंने बेटी का विवाह चार साल पहले प्रदीप धानुक निवासी बीसलपुर से किया था। मैंने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, शादी के कुछ समय बाद से ही प्रदीप मेरी बेटी को प्रताड़ित करने लगा। जब उसने विरोध किया तो सास नंद रानी और जेठ गुड्डू ने भी उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसका पति आए दिन शराब पीकर उसको पीटने लगा इन सबसे तंग आकर जब उसने फोन करके बताया तो मेरा लड़का उसे विदा कराने चला गया। ससुराल वाले फ्रिज, कूलर आदि की मांग करने लगे और कहां घर में तभी वापस आना जब ये सारी चीजें मिल जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति प्रदीप, सास नंदरानी, व जेठ गुड्डू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

घर में घुसकर युवती को पीटा, एसएसपी से शिकायत

कैंट, अमृत विचार : पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने रंजिशन महिला को घर में घुसकर लाठी -डंडों से पीटा। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कैंट थाने में तहरीर दी गई, कार्रवाई न होने पर एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कैंट के 523 सदर बाजार निवासी शकीला उर्फ सज्जो ने बताया कि पड़ोसी परिवार उनसे रंजिश मानता है, 6 मई की सुबह दो लोग लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आये। गाली देने लगे, उनकी बेटी आलिया के विरोध करने पर उसे पीटने लगे। घसीटते हुए बाहर ले जाने लगे। शोर गुल सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए, जिन्होंने उसे बचाया। आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की कैंट थाने में तहरीर दी गई। रिपोर्ट दर्ज न होने पर युवती की मां ने परेशान होकर शनिवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पांच दिन से बिजली सप्लाई ठप सबस्टेशन के घेराव का एलान

नया ट्रांसफार्मर रख गए बिजली विभाग के कर्मचारी, नहीं किया चालू

संवाददाता, भदपुरा

अमृत विचार : क्योलड़िया के डंडिया सफदर अली गांव में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने की वजह से अक्सर फुंक जाता था। जिसकी जगह पर विभाग ने पांच दिन पूर्व गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लाकर सड़क किनारे रख दिया। लेकिन उससे सप्लाई चालू नहीं की।

जिससे ग्रामीण परेशान होकर अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं। लेकिन अभी तक गांव की सप्लाई चालू नहीं की गई है। परेशान ग्रामीणों ने बिजली घर के घेराव का एलान कर दिया। गांव डंडिया सफदर अली में पांच दिन से बिजली नहीं आने से ग्रामीणों का बुरा हाल है। गांव की सप्लाई नए ट्रांसफार्मर से देने के लिए नया ट्रांसफॉर्मर तो आ गया, लेकिन उससे पांच दिन बाद भी सप्लाई चालू नहीं की गई है। गांव के लोग लगातार सप्लाई चालू करने को विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। लेकिन बिजली कर्मी इसे अनसुना कर रहे हैं। ग्रामीण प्रेम राज, जितेंद्र कुमार, ओमेंद्र कुमार ,हेम प्रकाश डोरीलाल,कांता प्रसाद ,मुकेश कुमार ,शिव कुमार आदि ने कहा कि अगर जल्द उनके गांव की सप्लाई चालू नहीं हुई तो वह क्योलड़िया बिजली घर का घेराव करेंगे। और लापरवाह बिजली कर्मियों की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कर कार्रवाई कराएंगे। जेई साबिर खां ने बताया की गांव में अधिक बिजली कनेक्शन होने के कारण नए ट्रांसफार्मर को लाया गया है। सोमवार को गांव की सप्लाई चालू कराने का वह प्रयास करेंगे।

नई बिजली लाइन से 27 सौ मीटर तार चोरी

आंवला, अमृत विचार : चोरों ने नई बिजली लाइन बनाते समय करीब 27 सौ मीटर तार चोरी कर लिया। ठेकेदार ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहतक हरियाणा निवासी अजय सिंह ने बताया कि वह बिजली ठेकेदार है। उसकी एमएस अजय कांट्रेक्टर के नाम से फर्म है। नवंबर 2023 में आरडीएसएस योजना में एमएस यूनिवर्सल वोल्टास कंपनी में उसका दिगोई फीडर पर 11 केवी लाइन का कार्य चल रहा है। उसने करीब 70 पोल लगवाकर उन पर तार डलवाए थे। जिनमें बिजली सप्लाई चालू न होने से 6 मार्च की रात 7 पोल के 12 सौ मीटर और 10 मार्च की रात 9 पोल के 15 सौ मीटर तार चोरी कर लिए गए। रोहतक में होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आ सका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रोडवेज बस स्टॉप का वाटर कूलर खराब, यात्री परेशान

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : कस्बे के रोडवेज बस स्टॉप पर लगा वाटर कूलर खराब है, जिससे भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद की ओर से नगर में कई स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए गए हैं। जिससे नगरवासी औरर राहगीर ठंडा पानी पी सकें। वहीं रोडवेज बस स्टॉप पर लगा वॉटर कूलर गर्मी शुरु होने पर खराब हो गया।

रोडवेज बस स्टॉप पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह वाटर कूलर करीब दो माह से खराब है। यात्रियों को पानी पीने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। रोडवेज बस स्टॉप के शौचालय गंदगी से पटे हैं। यहां कुर्सियां भी टूटी पड़ी हैं। नगर पालिका की ओर से यहां कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समस्याओं की भरमार से यात्रियों को परेशानी हो रही है। इस मामले में अधिशासी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु सम्पर्क नहीं हो सका।

खराब पड़ा वाटर कूलर। ● अमृत विचार

शिविर में लोगों ने 108 यूनिट किया रक्तदान

आंवला, अमृत विचार : इफको चिकित्सालय में आईएमए बरेली की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें इफको वासियों ने 108 यूनिट रक्तदान किया। इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने कहा कि रक्तदान महादान है, जीवन की रक्षा के लिए रक्त की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है। डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने रक्तदान से होने वाले लाभों के बारें में जानकारी दी। शिविर में डॉ. नीतेश भार्गव, डॉ. वरुण पांड्या और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

ताई के बाद पांच माह की भतीजी ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, भमोरा

अमृत विचार : एक दिन पहले आंधी के साथ आई बारिश के दौरान छज्जा गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग दब गए थे, जिनमें एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, चार लोग घायल हुए थे। दूसरे दिन इलाज के दौरान पांच माह की उन्नति की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं।

ग्राम देवचरा का मजरा भुड़िया निवासी देवेंद्र सिंह की पुत्र वधू सुधा और सुखवीर की पत्नी संजू, बेटा आकाश, विकास के साथ पांच माह की उन्नति जो दादी की गोद में बैठी थी शनिवार सुबह छज्जा गिरने से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकल गया। शनिवार को अर्जुन की पत्नी सुधा देवी की मौत हो गई थी, वहीं रविवार सुबह पांच माह की उन्नति ने भी दम तोड़ दिया।

अभी संजू और आकाश की हालत चिंताजनक है। उन्नति के पिता आकाश अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं मां प्रियंका मासूम को यादकर बार- बार बेहोश हो रही हैं।

● **आंधी बारिश से छज्जा गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग दबे थे, दो की मौत**

किसान के घर से नकदी-जेवर ले गए चोर

संवाददाता, भुता

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम डबरा में शनिवार रात किसान के घर चोर दीवार फांदकर घुस गए। अलमारी में रखो लाखों रुपये के जेवर समेत अन्य सामान चुरा ले गए हैं। पीड़ित किसान ने चोरी की तहरीर थाने में दीहै। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम डबरा तुलाराम घर के बाहर पशुशाला में सोए हुए थे, परिवार के अन्य सदस्य छत सो रहे थे। इसी बीच चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए और संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखा जेवर जिनकी कीमत लाख रुपये थे चुरा ले गए। चोर जाते समय संदूक में रखे कपड़ों में आग लगा गए, आग से हजारों रुपये का घरेलू सामान जल गया। घर में जब धुआं भर गया तो परिजनों की आंख खुल गई उन्होंने कमरे में आकर देखा तो होश ही उड़ गए। आग बुझाने के बाद पता चला संदूक में रखे जेवर गायब थे। कुछ दिनों पहले इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में भी चोरों ने रात के समय दो घरों को निशाना बनाकर नकदी और बर्तन चुरा कर ले गए थे। क्षेत्र में हो रही चोरी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हैं।अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है परिवार जनों ने चोरी की घटना की तहरीर दी है घटना में कुछ संदेह प्रतीत हो रहा है मामले की जांच कराई जा रही है जल्दी चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

एक ही रात दो घरों पर चोरों का धावा

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : फतेहगंज पूर्वी में शनिवार रात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर नकदी और कीमती सामान चुरा ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पहली घटना फतेहगंज पूर्वी के गांव रधौली कलां की है, यहां की रहने वाली मुन्नी ने बताया कि शनिवार रात चोरों ने घर में घुसकर एक मोबाइल और15 सौ की नकदी के साथ ही अन्य सामान गायब था। उसे सुबह चोरी की जानकारी हुई। दूसरी घटना फतेहगंज पूर्वी के गांव मस्तीपुर में हुआ। यहां के निवासी सतीश ने बताया कि चोरों ने दीवार के सहारे घर में घुसकर जेवर गायब कर दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

जल स्रोत की रक्षा करना हमारा दायित्वः रामाशीष

बरेली, अमृत विचार : डायट बदायूं के प्रेक्षागृह में रविवार गंगा समग्र की प्रांतीय बैठक हुई। इसमें गंगा समग्र के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन रामाशीष ने कहा कि अनियोजित विकास, बढ़ती आबादी, भोगवादी स्वभाव और विकृत आस्थाओं के कारण गंगा का स्वरूप लगातार बिगड़ता जा रहा है। इसको लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कहा कि सभी जल स्रोत की रक्षा करना हमारा दायित्व है। डा.रविशरण सिंह चौहान को गंगा समग्र ब्रज प्रांत का संयोजक और हेमेंद्र को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में तय हुआ कि गंगा सप्तमी से गंगा दशहरा तक जन जागरण माह मनाया जाएगा। जुलाई से अगस्त तक पौधरोपण माह और फरवरी में प्रयागराज में होने वाले कुंभ को लेकर चर्चा हुई। राष्ट्रीय मंत्री अवधेश, राष्ट्रीय शिक्षक प्रमुख राधाकृष्ण दीक्षित , संरक्षक स्वामी पगलानंद , सह संयोजक सीमा चौहान, कोषाध्यक्ष डा. विमल भारद्वाज, गंगा भाग प्रमुख अशोक तोमर, अमित शर्मा, संतोष, हेमेंद्र शास्त्री, ममता, अर्चना, संतोष शर्मा,अशोक तोमर, सविता चौहान आदि मौजूद रहे।

डॉ. राहिल ने खिलाड़ियों को क्रिकेट के टिप्स दिए

बरेली, अमृत विचार : शहर निवासी और आरसीसी टीम के संस्थापक डा. राहिल खान दुबई से बरेली पहुंचे। यहां उन्होंने स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्हें क्रिकेट की तकनीक जानकारी, खेल को बेहतर करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने स्टेडियम से जुड़ी पुराने यादों को प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से साझा किया। वरिष्ठ क्रिकेटर मोहम्मद कमर और मोहम्मद चमन ने स्मृति चिन्ह देखकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर खिलाड़ी नितेश भारद्वाज को क्रिकेट किट भेंट की गई। गाजी मियां, माजिद हसन खान, ओपी कोहली, पंकज सिहान, मोहम्मद तबरेज, शिवम पटेल, अमन कुमार, मोहम्मद यूसुफ, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

क्लासिक मिस्टर बरेली बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा 29 जून को

बरेली, अमृत विचार : इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन (यूपी) की ओर से 29 जून को लाल फाटक के समीप यूपी 25 क्लासिक मिस्टर बरेली बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 7 वर्ग भाग में आयोजित होगी। युवा खिलाड़ियों के लिए नेचुरल वर्ग में प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण सर्वेश शाहू मिस्टर इंडिया (मुंबई) रहेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार, बिग ट्रॉफी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अशोक चौधरी,कौशल सिंह, अमित चौहान, आलम सिद्दीकी, मोइनुद्दीन, मो आरिफ, सुमित, तौफीक रजा, हाजी अब्दुल परवेज, दानिस रजा आदि मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर माता-पिता को कराया मुक्त

आंवला, अमृत विचार : आंवला-भमोरा रोड के गांव रामनगला में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित अभिषेक पाठक ने श्री कृष्ण लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कंस जब अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को रथ से पहुंचाने जा रहा था। उसी समय आकाशवाणी हुई कि देवकी और वासुदेव की आठवीं संतान उसका काल होगी। आकाशवाणी सुनकर कंस ने क्रोधित होकर देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया और अपने पिता से राजगद्दी छीनकर स्वयं मथुरा का राजा बन बैठा। कंस ने अपनी बहिन के पुत्रों को एक-एक करके जन्म के समय ही मार दिया। देवकी के आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उस समय कारागार के फाटक स्वत: ही खुल गए। श्रीकृष्ण ने कंस का वध करके माता-पिता को कारागार से मुक्ति कराया। कथा में श्रीकृष्ण के जीवन की झलकियों को कलाकारों ने मंचन कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान प्रशांत पांडे, उमाकांत तिवारी, विकाश शर्मा, अक्षय शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सहदेव शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

अंडर 9 में सक्षम और अंडर 11 में मृत्युंजय अव्वल

बरेली, अमृत विचार : बरेली शतरंज एसोसिएशन की ओर से अंडर 9, 13 और अंडर 11 की स्टेट चैंपियनशिप को खिलाड़ियों के चयन के लिए राजेंद्र नगर स्थित हॉबी टाउन में प्रतियोगिता हुई। अंडर-13 वर्ग में प्रत्यूष रंजन प्रथम, श्रेयान गंगवार द्वितीय व अभिज्ञान कृष्णा तीसरे स्थान पर रहे। साई सक्सेना, शौर्य भट्ट को सांत्वना पुरस्कार मिला। बालिका वर्ग में नव्या को प्रथम और अक्षिता पटेल को द्वितीय पुरस्कार मिला। अंडर 11 में मृत्युंजय सक्सेना को प्रथम, दिव्यम डांडरियाल को द्वितीय, श्रेहान अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग में स्वारा प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 9 में सक्षम अरोड़ा प्रथम, अभिजीत कुशवाहा द्वितीय, अंशु मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में प्रीनी शर्मा प्रथम, अक्षिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। यंगेस्ट प्लेयर का पुरस्कार वरन्या पी चड्ढा स्कूल को मिला। मुख्य अतिथि जिंगल बेल स्कूल के संस्थापक राजीव बग्गा ने पुरस्कार वितरित किए। डायरेक्टर अक्षत बग्गा, हॉबी टाउन की संचालिका रीना माथुर, बरेली शतरंज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभय मोहन शर्मा, सचिव रामकिशोर, अतुल मिश्रा, नीरज रावत, खुशी अरोरा, कार्तिक खेतवाल, गीतांशु आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

बरात आने से पहले दुल्हन प्रेमी संग भागी

आंवला, अमृत विचार : एक परिवार बेटी के हाथ पीले करने की तैयारी कर चुका था शुक्रवार शाम को बरात आनी थी। घर में महिलाएं मंगल गीत गा रहीं थीं। परिवार के लोग बरात के स्वागत की तैयारियों में जुटे थे। बरात आने से पहले ही दुल्हन गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसने बेटी की शादी तय की थी। दो दिन पहले 10 मई को बरात आनी थी। वह परिवार के साथ बरात के स्वागत की तैयारियों में जुटा था। बरात आने वाले दिन सुबह 5 बजे उसकी बेटी को गांव का ही संजय बहला फुसलाकर भगा कर ले गया। वह संजय के घर गया और उसके पिता से बेटी वापस करने को कहा परंतु उसने बेटी देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विहिप ने प्रांतीय अभ्यास वर्ग को सफल बनाने की बनाई रणनीति

आंवला, अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की ओर से प्रांतीय आयाम दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति के प्रांतीय अभ्यास वर्ग को लेकर दो अलग-अलग सत्रों में बैठक हुई। जिसमें होने वाले प्रांतीय अभ्यास वर्ग को सफल बनाने के लिए तैयारियां की गईं। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित पहले सत्र की बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने वर्ग की संचालन समिति के कार्यक्रम को बिंदुवार सफल बनाने का मंत्र दिया। दूसरे सत्र में वर्ग की व्यवस्थाओं में लगे कार्यकर्ताओं को व्यवस्था के दायित्वों को विस्तार से बताया गया। पदाधिकारियों ने कस्बे और आसपास के प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को वर्ग की तैयारियों में लग जाने का आवाहन किया। इस दौरान मुकेश शुक्ल, मुकुंद, त्रिभुवन सिंह महाराज, हिमाचल जानौद, शशिबाला वाष्णेय, रीना, देवेंद्र कुमार, मानवेन्द्र प्रताप राणा , संजय भदौरिया समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सब्जी मंडी से युवक की बाइक चोरी

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : सब्जी मंडी गए युवक की बाइक चोरी हो गई। जब कोई पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। फतेहगंज पूर्वी के मोहल्ला उत्तमगंज पश्चिम के मोहित शर्मा ने बताया कि वह शनिवार शाम को टिसुआ की सब्जी मंडी गए थे। बाइक किनारे खड़ी करके सब्जी खरीदकर लौटा तो देखा बाइक गायब थी। पीड़ित ने बताया बाइक के कागज भी बाइक में रखे हुए थे।

बड़े वाहन घुसने से शीशगढ़ में लगा जाम

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : दिन में कस्बे से होकर गुजरने वाले वाहनों से लोग जाम के हालात बन रहे हैं। अधिकारियों की अनदेखी से लोग जाम से परेशान हो रहे हैं।

दरअसल व्यापारियों की मांग पर पुलिस ने पिछले दिनों नगर के मुख्य मार्ग मोहल्ला पड़ाव आबादी से बड़े वाहनों की सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक प्रवेश पर रोक लगा दिया था। रुद्रपुर को निकलने बाले बड़े वाहनों से कस्बे के मुख्य चौराहा पड़ाव में जाम लगता था, इसलिए पुलिस ने बड़े वाहनों को बरेली बस अड्डे से बहेड़ी होकर उत्तराखंड को निकालने के लिए बरेली बस अड्डे पर बैरियर लगाकर पुलिस पिकेट भी लगाई थी। जिससे राहगीरों के साथ ही दुकानदारों को सहूलियत मिली थी। मगर अब कुछ समय से पुलिस ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया है। जिससे कस्बे में फिर से जाम लगने लगा है, जाम की वजह से बडे.हादसे की आशंका हैं। कस्बे के लोग काफी समय से कस्बे के पूर्वी क्षेत्र बरेली बस अड्डे से बिलासपुर,रुद्रपुर के लिए बाइपास की मांग जनप्रतिनिधियों से कर रहे हैं। जिससे लोगों को जाम के झाम से छुटकारा मिल सके, लेकिन कोई इस आरे ध्यान नहीं दे रहा हैं।

बड़े वाहनों की वजह से लगे जाम में फंसे राहगीर। ● अमृत विचार

एक नजर

युवक पर चाकू से किया वार

गुलड़िया, अमृत विचार : सिरौली थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी राहुल ने बताया कि वह शुक्रवार की रात 2 बजे वह ताऊ धर्मपाल के घर से शादी से लौट रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे कृष्ण पाल ने चाकू से उस हमला करके भाग गया ।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शुक्रवार की रात को रंगशाला आई थी उसमें ही डांस को लेकर कुछ विवाद हुआ था उसी बात का बदला लेने के लिए कृष्ण पाल ने चाकू से हमला किया।

हादसे में बाइक सवार घायल

आंवला, अमृत विचार : ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। तुमड़िया गांव निवासी देवकरन बाइक से आंवला से घर जा रहा था। मोहल्ला बजरिया के समीप एक ई रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

बाल अपचारी गिरफ्तार

मीरगंज, अमृत विचार : शाही पुलिस ने रविवार को पॉक्सो एक्ट में नामजद बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाही सतीश कुमार नैन ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में नामजद बाल अपचारी निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना शाही को उसके घर से हिरासत में लिया ।जिसे किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

नकदी और जेवर चोरी

आंवला, अमृत विचार : एक घर में घुसे चोर जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। मकान मालिक ने पुलिस को शिकायत दी है। महमूदपुर गांव निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि शनिवार रात वह घर की छत पर सो रहा था। रात करीब दो बजे चोर उसके घर में घुस गए और कमरों को खंगाल कर जेवर और 25 हजार की नकदी चोरी कर ली। आहट होने पर वह छत से घर में आया उस समय चोर सामान लेकर जा रहे थे। उसने शोर मचा दिया। ग्रामीणों के आने पर चोर उसे धक्का मारकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

आंवला, अमृत विचार : आंवला पुलिस ने गश्त करते समय एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित चौधरी ने बताया कि रविवार को आंवला स्टेशन रोड तिराहे पर गश्त करते समय एक युवक को पकड़ा, तलाशी में एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। उसने अपना नाम भोला निवासी मोहल्ला ताड़गंज नई बस्ती आंवला बताया है।

देवरनियां-मुंडिया जागीर सड़क पर भरा पानी, लोग हुए परेशान

कस्बे वासियों ने चेयरमैन के खिलाफ निकाली सोशल मीडिया पर भड़ास

संवाददाता, देवरनियां

शनिवार सुबह हुई बारिश के बाद शुक्रवार शाम तक भरा रहा पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दो साल से देवरनियां-मुंडिया जागीर रोड गड्ढों में तब्दील है, जिम्मेदार लोगों की इस समस्या से अनजान बने हुए हैं। शनिवार को हुई घंटे की बारिश से सड़क पर भरा पानी रविवार शाम तक नहीं सूख पाएं, इससे स्थानीय रहवासियों के साथ राहगीरों को काफी समस्या झेलनी पड़ी। कस्बे वासियों ने इसे लेकर चेयरमैन के खिलाफ सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकालकर गुस्से का इजहार किया है।

देवरनियां से मुंडिया जागीर तक दो किमी रोड करीब दो साल से खराब है। दोनों कस्बों का यह मुख्य मार्ग होने के बावजूद इस पर जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। शनिवार को हुई बारिश के बाद रोड पर पानी भर गया, इससे बाइक सवारों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कई दो पहिया वाहन और ई रिक्शा चालक गड्ढों में गिर गए। कस्बे वासियों ने इसे लेकर चेयरमैन की सोशल मीडिया पर काफी फजीहत की। लोगों का कहना है, कि पिछले वर्ष चेयरमैन ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि जीतने के बाद सबसे पहला काम रोड के निर्माण का होगा, एक वर्ष हो चुका है, रोड की दशा नहीं सुधरी है।

> मैं रोड बनवाने की कोशिश में हूं। रोड की फाइल आचार संहिता के चक्कर में रुकी हुई है, आचार संहिता हटते ही इसे मंजूरी मिल जाएगी और उसके बाद काम शुरू कराया जाएगा।
>
> – **मोहम्मद कलीम अंसारी**
> चेयरमैन, देवरनियां

नशा करने को रुपये न देने पर बेटे ने की थी हत्या

संवाददाता, बीसलपुर

- **मृतका की बेटी ने जहर देने के बाद गला दबाकर हत्या करने का लगाया था आरोप**

अमृत विचार: नशा करने के लिए रुपये न देने पर गुस्साए बेटे ने ही वृद्ध पिता की हत्या की थी। उसने नशे की हालत में पहले मां से मारपीट की। जहरीला पदार्थ पिलाया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका की बेटी की ओर से दी गई तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बेटे को जेल भेज दिया है।

शनिवार शाम को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बख्तावर लाल की रहने वाली 55 वर्षीय बिंदु पत्नी स्वर्गीय रघुवीर सरन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थीं। उनकी तीन बेटियों रचना, नीतू और शीतल की शादी हो चुकी है। वह अपने 24 वर्षीय पुत्र बृजेश उर्फ सागर के साथ रहती थीं। आरोप है कि बेटा नशा अधिक करता था। नशा के लिए रुपये न देने पर आए दिन मां से मारपीट किया करता था। छह माह पहले भी जहर देकर जान लेने की कोशिश की थी। शनिवार शाम को वृद्धा का शव अपने ही मकान में मिला था। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची मोहल्ला दुबे की निवासी विवाहित पुत्री शीतल ने पुलिस को सूचना दी थी। जिसमें बेटे बृजेश पर मां की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मृतका की बेटी से मिली तहरीर इकलौते बेटे के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ की गई, जिसमें पहले तो वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। मगर सख्ती करने पर गुनाह कबूल कर लिया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि आरोपी ने मां से नशा करने के लिए रुपये मांगे। जब रुपये देने से इनकार किया तो वह मारपीट कर गुस्सा होकर चला गया। बाहर कहीं से नशा करके वापस आया और फिर मां की जान का दुश्मन बन गया।

शाहजहांपुर में गला दबाकर की गई थी युवती की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **शरीर में चोट के निशान, दुष्कर्म पुष्टि के लिए बनी स्लाइड**

अमृत विचार: निगोही क्षेत्र के जिंदपुरा के जंगल में लापता युवती के शव का पुलिस ने पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या की पुष्टि और शरीर में चोट के निशान भी मिले है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई है। शव पांच दिन पुराना बताया जाता है।

निगोही थाना क्षेत्र के एक गांव की 23 वर्षीया युवती सात मई को रात 11 बजे घर के बाहर स्थित शौचालय में शौच करने के लिए अपनी मां को बताकर निकली थी। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई । पिता ने बेटी को तलाशा लेकिन वह नहीं मिली। उन्होंने आठ मई को बेटी के लापता होने की तहरीर निगोही थाने पर दी। पुलिस ने नौ मई को युवती के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कर ली। लापता युवती के पिता ने थाने पर पुलिस को बताया था कि होली के बाद गांव के छह लोगों ने उसे तथा उसके परिवार को घर में घुसकर कई बार मारा पीटा था और जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपियों से जमीन का विवाद चल रहा था। पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। शनिवार को युवती का शव अर्धनग्न अवस्था में जिदंपुरा गांव के बाहर एक जंगल में ग्रामीणों ने देखा था। पिता ने कपड़ों के जरिये शव की शिनाख्त की थी। पिता ने दुष्कर्म तथा हत्या का आरोप लगाया था। निगोही पुलिस ने युवती के शव का पोस्टमार्टम पैनल के आधार पर कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या की गई और शरीर में चोटों के निशान थे। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनायी गयी है और पांच दिन पुराना शव बताया जाता है। निगोही एसओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

छैमार गिरोह के चार बदमाश दबोचे

बदायूं कार्यालय

- **जिले में जरीफनगर, वजीरगंज के अलावा कई जिले व राज्यों में कर चुके हैं घटनाएं, सिपाही घायल**

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

अमृत विचार : मुठभेड़ के बाद पुलिस ने छैमार गिरोह के तीन बदमाशों को पकड़ लिया। सरगना को पकड़ने के लिए पुलिस जैसे ही आगे बढ़ी, वैसे ही उसने ताबड़तोड़ पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरोह के सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया। जबावी कार्रवाई में एक बदमाश भी घायल हुआ है। पुलिस ने चारों बदमाशों के कब्जे से असलाह, चोरी के जेवर आदि सामान बरामद किया है। रविवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ गईं। इस पर एसएसपी ने स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी को भी लगाया। शनिवार को पुलिस और एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सोभनपुर मोड़ से तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश आमिर खान उर्फ जुनैद खान निवासी गांव ढक्का थाना सैदनगली अमरोहा, इशरत उर्फ दिलशाद निवासी रेलवे स्टेशन भोजपुर मुरादाबाद हाल निवासी गांव मईनाथ थाना मडराक जिला अलीगढ़ और यहीं का अरबाज उर्फ अबराज हैं। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह छह मार गिरोह के सदस्य हैं। उनका सरगना इशरत उर्फ चेयरमैन उर्फ आसिफ निवासी ग्राम बुरावली थाना रहरा जिला अमरोहा है। वे लोग एक वारदात करने वाले हैं, इसलिए इशरत उनसे मिलने के लिए आ रहा है।

सर्राफ यहां हुई चोरी का माल बरामद : बदमाशों ने बताया कि जनवरी में दहगवां में सराफा की दुकान में उन्होंने ही चोरी की थी। जिसके बाद दो मई को गांव जतकी निवासी नेकराम, जहीर अहमद, जमीर अहमद, नबी शेर के घर लूट की थी। वजीरगंज क्षेत्र में चोरी कर चुके हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से 9500 रुपये, जेवर के के अलावा तमंचे व कारतूस बरामद किए।

इशरत ने पुलिस पर कर दी ताबड़तोड़ फायरिंग

पकड़े गए बदमाशों के बताने पर जरीफनगर पुलिस और एसओजी ने गांव जतकी चौराहा पर बागवाला से मालपुर ततेरा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति आया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में सिपाही गौरव चौधरी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली इशरत उर्फ चेयरमैन के पैर में धस गई, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए।

सार-संक्षेप

मातृ दिवस पर छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के स्पाइस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्र –छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर माताओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें शोभा देवल एवं रजनी देवी विजेता रहीं। प्रबंधक महेश चंद्र गंगवार ने कक्षा 10 के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उन्हे उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रनवीर सिंह ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन रंजना ने किया। शिक्षक अरविंद कुमार ,मोहम्मद जाकिर, कासिम, अमित सक्सेना, अमित कुमार राठौर, रंजना शर्मा, हुमा परवीन ,अमर सूर्यवंशी, सुनील कुमार ,अनीता ,जूही समेत अन्य मौजूद रहे।

छात्रों ने मां पर सुनाई कविताएं और किया नृत्य

कैंट, अमृत विचार : मदर्स पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चे और मां के रिश्ते पर आधारित नाटक का मंचन किया। जिसे देख लो भावुक हो उठे। विद्यालय के प्रबंधक राजेश यादव ने कार्यक्रम के प्रतिभागियों की प्रशंसा प्रधानाचार्या शीबा खान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों का आत्मबल बढ़ाते हैं। और उनका चरित्र निर्माण करते है। उन्होंने सभी माताओं का इस कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया। सह प्रधानाचार्या ममता गंगवार ने कहा कि मां सृष्टि की सुंदर रचना है। वह अपने बच्चों की पहली शिक्षिका भी है। मां ही है जो बच्चों में अच्छी आदतों का निर्माण करती है।

पिल्ले को ईंट से कूचकर मारा घसीटने का वीडियो वायरल

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला लालपुल निवासी एक व्यक्ति और उसके दो बेटों पर एक पिल्ले की ईंटों से कूचकर हत्या का आरोप लगाया है। पशु प्रेमी ने पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही एक वीडियो दिया। जिसमें पिता–पुत्र पिल्ले को सड़क पर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला कल्याण नगर निवासी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को उन्हें जानकारी मिली कि लालपुल चौराहे से शकील रोड पर एक व्यक्ति के बेटे को पिल्ले ने काट लिया था। जिसके बाद उसने और उसके दो बेटों ने पिल्ले को ईंट से कूचकर मार दिया है। वह पिल्ले के शव को घसीटते हुए ले जाकर कहीं फेंक दिया है। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल भी किया है। पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे और पिल्ले को मारने के बारे में जानकारी की। लोगों ने बताया कि उन्होंने पिल्ले को मारते हुए नहीं देखा जबकि पिल्ले के शव को घसीटते हुए ले जाते देखा था।

महिला को पीटकर किया बेदम, दबा दी गर्दन

बंडा, अमृत विचार : आपसी बंटवारे को लेकर महिला की गर्दन दबाकर उसके साथ मारपीट करने के आरोप में महिला के पति ने दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बंडा के गांव कल्यानपुर भारती निवासी अनिल ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम चार बजे उसकी गैरमौजूदगी में पत्नी अंजली देवी की उसके भाई की पत्नी से कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसको लेकर उसके भाई और भाई की पत्नी ने अंजली को गालियां देते हुए लाठी डंडे से मारापीटा और उसकी गर्दन दबा दी, जिससे उसकी पत्नी को काफी चोटें आ गईं । अनिल ने बताया कि भाई से कमरा खाली करने का विवाद था, जिसके बाद उसने शनिवार को कमरा भी खाली कर दिया था और रविवार सुबह वह काम से निकल गया। इस दौरान उसके भाई और उसकी पत्नी ने अंजली के साथ मारपीट की। उसे इतना पीटा कि वह बेहोश हो गई और बेहोशी की हालत में उसे बंडा थाने लाया। पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए बंडा के सरकारी अस्पताल भेजा है।

सदाकत को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

देवरनियां, अमृत विचार : ब्लॉक दमखोदा के जूनियर हाईस्कूल मंगतपुर में तैनात पूर्व एबीआरसी सदाकत हुसैन इदरीसी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए नौ जून को गालिब अकादमी, दिल्ली में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सदाकत हुसैन इदरीसी जल्द ही एक उर्दू–हिंदी शब्दकोश भी तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कविताएं भी लिखी हैं। उर्दू शिक्षण और सीखने की दुनिया में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें नेशनल उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ (पंजीकृत) लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है।

लुप्त होने की कगार पर पहुंचा मेंथा

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

गांव विजय नगला स्थित खेत में खड़ी मेंथा की फसल। ● अमृत विचार

- **तीन साल के अंदर 28 हजार से सिकुड़कर मात्र पांच हजार हेक्टेयर पहुंचा रकबा**

अमृत विचारः जिस मैंथा की खेती की वजह से जिले का नाम विदेशों तक मशहूर था, अब उसी फसल से किसानों ने दूरी बना ली है। चालीस सालों तक मुनाफे की खेती कही जाने वाली मैंथा की फसल अब लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। तीन साल में तेजी से हुई गिरावट के कारण रकबा 28 हजार हेक्टेयर से सिकुड़कर मात्र पांच हजार हेक्टेयर पर आ गया है। मेंथा का स्थान पर अब जायद में होने वाली मक्का ने लिया है। कम लागत और मुनाफे की फसल होने की वजह से पांच से छह सौ हेक्टेयर में होने वाली मक्का का रकबा 45 हजार हेक्टेयर पर जा पहुंचा है। बड़ी संख्या में किसान मक्का की खेती कर रहे हैं।

दो दशक पूर्व जब जिले में मेंथा की खेती की शुरुआत की थी, उस समय मेंथा के तेल की कीमत 18-19 सौ रुपये प्रति लीटर थी। मुनाफे की खेती होने के कारण जिले के हजारों किसासन मेंथा की खेती करते थे। किसानों को तेल की बिक्री करने के लिए भी जिले से बाहर नहीं जाना पड़ता था। जिले के ही व्यापारी किसानों से तेल की खरीद करते थे। तेल की खरीद करने में जिले के दो व्यापारी काफी मशहूर थे।

इनमें विष्णु कुमार और भाजपा नेता हरप्रसाद पटेल मैंथा तेल को किसानों से खरीद कर विदेशों में सप्लाई करते थे। अब पिछले कई वर्षों से तेल की कीमतों में लगातार गिरावट होने से किसानों की कमर टूट गई है। किसानों के लिए मेंथा की खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। जिसके कारण किसानों का मोहभंग हो गया है।

मासूम की मौत, दूसरे दिन भी छापामारी

पूरनपुर, अमृत विचारः नूडल्स खाने के बाद एक परिवार के छह लोगों की तबियत बिगड़ने और उसमें एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जांच में जुटी है। दूसरे दिन टीम ने कस्बे में कई दुकानों पर पहुंचकर नूडल्स को लेकर जांच की ।तहसील क्षेत्र के ग्राम राहुल नगर चंदिया हजारा में मनिराज के घर में गुरुवार शाम नूडल्स और चावल खाए गए थे। कुछ देर बाद ही छह लोगों की तबियत बिगड़ गई। शनिवार सुबह मनिराज के नाती रोहन पुत्र सोनू की मौत हो गई थी। उसकी मां सीमा, भाई विवेक और बहन संध्या सहित पांच लोग बीमार हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया था। घटना के बाद खाद्य सुरक्षा की टीम ने शनिवार शाम से छापेमारी शुरू कर दी थी। कस्बे में मजिस्ट्रेट ऋषिकांत दीक्षित की मौजूदगी में सतपाल किराना स्टोर पर नूडल्स का सैंपल लिया गया था।

निकाह के बाद पत्नी को रखने से किया इनकार

संवाददाता, बिलसंडा

- **पति पर तलाक की धमकी देने का भी लगाया आरोप, पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचारः प्रेम प्रसंग के बाद युवक ने प्रेमिका से निकाह किया। दो माह तक साथ रहने के बाद नोएडा पति काम करने चला गया और वापस नहीं लौटा। इधर, ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता पति के पास पहुंची तो पति ने उसे जान से मारने की कोशिश की। खुद को घिरता देख ससुरालवाले मायके वालों को नोएडा ले गए और विवाहिता को उनके सुपुर्द कर दिया। मगर, अब युवक विवाहिता को रखने से इनकार करने के साथ ही तलाक देने की धमकी दे रहा है।

करेली थाना क्षेत्र की एक युवती का पड़ोस के ही युवक से दो साल से प्रेम प्रसंग था। कई महीनों तक छिपकर एक दूसरे से मुलाकात करते रहे। इसी बीच उन्हें गांव के कुछ लोगों ने मिलते हुए देख लिया और प्रेम प्रसंग का शोर मच गया। पहले तो युवक निकाह करने को ही राजी नहीं हुआ, गांव के गणमान्य लोगों का दबाव पड़ने पर मई 2023 को दोनों का निकाह करा दिया गया। बताते हैं कि निकाह करने के करीब दो माह तक युवक पत्नी के साथ अपने घर पर रहा। इसके बाद नोएडा काम करने चला गया। इसके बाद से वापस नहीं आया। युवक के परिवार वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता अपने पति से मिलने नोएडा जा पहुंची। पत्नी को देखते ही युवक भी अभद्रता करने लगा और उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि छत से धक्का देकर घायल कर दिया।

मुर्गी फार्म संचालक पिता पुत्रों पर जानलेवा हमला

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गजरौला निवासी द्वारिका प्रसाद ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोग उसके व्यापार को लेकर उससे रंजिश मानते हैं। आरोप है कि शनिवार को गांव के ही कुछ लोगों ने एक राय होकर उसके मुर्गी फार्म पर लाठी– डंडों, धारदार हथियारों से उस पर और उसके पुत्रों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसके बेटे जयसिंह घायल हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग भी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तरनजीत सिंह को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कश्मीर सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी ग्राम हरदासपुर तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

बाबा पं. रामचन्द्र शर्मा महाविद्यालय
वजीरगंज मार्ग, अम्बियापुर, बिल्सी (बदायूँ)
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
E-mail : mjp331@mjpru.ac.in
आवश्यकता है
1. प्राचार्य-एक पद
2. प्रवक्ता कला संकाय-एक पद
हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र
3. प्रवक्ता विज्ञान संकाय-एक पद
जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान
योग्यता-MJPRU/UGC के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन, सत्यापित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो के साथ कॉलेज प्रबन्धक के नाम विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजें–
मो. 9412445246, 9412535987
प्रबन्धक-प्रशान्त शर्मा

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोता मिला छह साल का बच्चा, पुलिस ने चाइल्ड हेल्प लाइन भेजा

खुटार, अमृत विचार : तिकुनियां चौराहा पर रविवार दिन के ग्यारह बजे छह साल का बच्चा रोता हुआ मिला। दुकानदारों ने बच्चे को रोता देख भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने पहले उसे शांत कराया। इसके बाद उसे दुकान पर ले गए और बैठाया। लोगों ने उस से पता करने के लिए उससे सवाल जवाब किया कि कहा के रहने वाले हो और किसके साथ आये थे। इस तरह से पूछताछ की। लेकिन परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। दो ई रिक्शा चालकों ने उसे थाने पहुंचा दिया।

जमानत का झांसा देकर किया दुष्कर्म

बीसलपुर, अमृत विचार : एडीजी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र की एक युवती की ओर से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद किए गए आरोपी मामा–भांजे पर युवती को धमकाने का भी आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि उसके पिता हत्या के एक मामले में जेल में बंद हैं। वह अपने पिता की जमानत कराने के लिए पीलीभीत कचहरी में आती जाती थी। उसकी जान पहचान बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम कनपरी रमेश से हो गई। आरोपी ने युवती को बातों में फंसाकर नजदीकियां बढ़ाई और पिता की जमानत कराने की गारंटी लेने लगा। युवती को जब विश्वास होने लगा तो युवक ने खुद को अविवाहित बताते हुए शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए।

कुनबा बढ़ा तो आक्रामक हुए तेंदुए

सुनील यादव, पीलीभीत

दीवार पर बैठा तेंदुआ (फाइल फोटो)।

- **सख्ती के आगे जिम्मेदार भी निगरानी तक ही सीमित**

अमृत विचारः पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में न केवल बाघ बल्कि तेंदुओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। पीटीआर के लिहाज से यह एक शुभ संकेत है, मगर जंगल के भीतर वर्चस्व की जंग हार रहे तेंदुआ बेघर होने के बाद रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों से जहां बाघों की दस्तक दिखाई दे रही थी, वहीं अब सिर्फ तेंदुओं की चहलकदमी देखी जा रही है। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। जंगल से बाहर घूम रहे इन तेंदुओं को लेकर ग्रामीण इलाकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, वहीं जिम्मेदार जंगल के नियम-कानून की सख्ती के आगे मात्र निगरानी तक ही सीमित है।

जनपद के जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया। जंगल के संरक्षित होने के साथ ही जंगल में इंसानों की दखलंदाजी पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। बाघ, तेंदुआ समेत अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा। जंगल क्षेत्र में ग्रास लैंड के साथ जलाशयों को भी विकसित किया गया। हालांकि जंगल और इसके आसपास इलाकों में पूर्व से ही नदी-नहरों का जाल पहले से ही बिछा हुआ है। बेहतर जलवायु एवं जैवविविधता के चलते बाघ, तेंदुओं समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ने लगी। बाघों की तेजी से बढ़ती संख्या के साथ तेंदुओं की भी संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी गई। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2019 में पीलीभीत के जंगलों में मात्र 36 तेंदुआ थे। इसके बाद 2022 में आई रिपोर्ट में संख्या बढ़कर 101 पहुंच गई है। अब राष्ट्रीय स्तर पर भी देशभर में तेंदुआ के कुनबे बढ़ने के संकेत मिले हैं।

भाजपा के सामने अपने ही चक्रव्यूह में उलझने का खतरा

कुछ गांवों में जरूर नजर आ रही बदलाव की बयार, लेकिन शहरी इलाके में मोदी की गारंटी पर दिख रहा भरोसा

हरियाणा का रणक्षेत्र

मनोज त्रिपाठी



अमृत विचारः हरियाणा में लोकसभा की 10 सीटें हैं। भाजपा सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस नौ सीटों पर तो एक सीट कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में है। 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन इस बार कांग्रेस आधा दर्जन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश कर रही है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार का घमासान आगे बढ़ने के साथ भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग दिलचस्प होती जा रही है। तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी से राज्य की भाजपा सरकार पर खतरे के बादल मंडराते देखकर कांग्रेस ने बढ़त बनाने के लिए स्थानीय मुद्दों को उछालकर आगामी विधानसभा चुनाव में किए जाने वाले वादों को भी जनता के सामने परोसना शुरू कर दिया है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके मुकाबले भाजपा 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए एक बार फिर 2019 की तरह क्लीन स्वीप करके सभी 10 सीटों का तोहफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती है। इसके लिए मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं के ध्रुवीकरण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए इस चुनाव में जहां सात सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वहीं कांग्रेस पर पिछली बार की तरह सीटों का सूखा खत्म करने की दबाव है। भाजपा ने दूसरी बार राज्य में क्लीन स्वीप करने के लिए इस बार गैर-जाट मतदाताओं पर दांव लगा रखा है। इस रणनीति में जाटलैंड मानी जाने वाली रोहतक और सोनीपत लोकसभा सीट पर भी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। अन्य सीटों पर ओबीसी पर ज्यादा भरोसा किया है। राज्य में जाट मतदाता 22 प्रतिशत तो ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। लेकिन जाट मतदाता कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो के बीच बंटे हुए हैं और कुछ हद तक भाजपा से किसान आंदोलन के कारण नाराज भी हैं। ऐसा आकलन है कि भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 74 प्रतिशत सामान्य जाति, 72 प्रतिशत ओबीसी और करीब 58 प्रतिशत दलित समुदाय का वोट मिला था। पार्टी के अनुमान के अनुसार उसे जाट वोट 50 फीसदी के आसपास मिला था। भाजपा की रणनीति के मुकाबले कांग्रेस ने जाट समुदाय पर भरोसा जताते हुए अन्य वर्गों को भी साधने की बिसात बिछाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जोरदार वापसी के लिए दिन-रात एक किए हैं। राज्य के इस चुनावी माहौल में फिलहाल आठ सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र एकमात्र सीट है, जहां भाजपा के नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता और इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने में आ रहा है।

राज्य का जातीय संतुलन अनुमानित

जाट	22%
दलित	20 %,
ब्राह्मण	10%
पंजाबी	8%
वैश्य	5%
राजपूत	4%
गुर्जर	3%
सैनी	3%
विश्नोई	2%
अन्य पिछड़ा	18%
मुस्लिम	4%

2014
में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं

भाजपा पर पिछले चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटों की बरसात

- 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की सभी 10 सीटें जीती थीं। उसे प्रदेश में पहली बार रिकॉर्ड 58.21% वोट मिले थे। वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौरान भाजपा ने 41% वोट प्राप्त करके राज्य की 10 में से सात सीटें जीती थीं, तब इनेलो ने दो सीटें हिसार और सिरसा तथा कांग्रेस अकेली रोहतक लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में बड़ी जीत दर्ज करते हुए 10 में से नौ सीटों पर विजय हासिल की थी, तब एक सीट कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) को मिली थी। अब वोट शेयर के लिहाज से कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो 2009 में पार्टी के 42% वोट मिले थे जो 2019 में गिरकर 28% पर आ गए।

2019 चुनाव में किसको कितने वोट

भाजपा	58.02%
कांग्रेस	28.42%
जेजेपी	4.9%
इनेलो	1.89%

कांग्रेस का तीन बार सूपड़ा साफ, सिर्फ एक बार किया क्लीन स्वीप

- कांग्रेस ने हरियाणा में सिर्फ एक बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर विजय पताका फहरायी है, जबकि तीन बार पार्टी को शून्य हासिल हुआ है। 2019 के अलावा इमरजेंसी हटने के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इसी तरह 1999 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का राज्य में खाता नहीं खुला था। इस चुनाव में भाजपा और इनेलो गठबंधन ने पांच-पांच लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा से आधे वोट और सीट एक भी नहीं

2019 के चुनाव में भाजपा को हरियाणा में कुल 73,57,347 मत प्राप्त हुए थे। इसके मुकाबले कांग्रेस ने करीब आधे 36,04,106 वोट हासिल किए थे, लेकिन पार्टी को एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, जबकि भाजपा ने सभी 10 सीटें जीत ली थीं। 2019 मैं जेजेपी को 6,19,970 तथा इनेलो को 2,40,258 वोट मिले थे।

वोट शेयर में बदलाव



जाट बाहुल्य फरीदाबाद में गुर्जर नेताओं का मुकाबला

फरीदाबाद में जातीय समीकरणों के लिहाज से जाट मतदाता सबसे ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जाट उम्मीदवार नहीं उतारकर गुर्जर बिरादरी पर दांव लगाया हैं। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा के सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बीच विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों पहली बार भिड़ रहे हैं। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह विजयी हुए थे। वह पांच बार के विधायक तथा चौधरी भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इस सीट पर इनेलो ने सुनील तेवतिया और जेजेपी ने नलिन हुड्डा को मैदान में उतारा है। दोनों ही जाट समुदाय से आते हैं। जाट लैंड कही जाने वाली सोनीपत लोकसभा सीट पर भी इस बार भाजपा और कांग्रेस ने जाट नेताओं को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। इस लोकसभा सीट पर 35 प्रतिशत तक जाट मतदाता हैं और यहां अब तक हुए 12 लोकसभा चुनावों में नौ बार जाट नेता ही जीते हैं। सोनीपत में भाजपा ने दो बार के ब्राह्मण सांसद रमेशचंद्र कौशिक की जगह राई के विधायक मोहन लाल बडोली को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जींद जिले के रहने वाले सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव लगाया है। ब्रह्मचारी के हरिद्वार में आश्रम हैं। यहां इन्हीं दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां तगड़ा झटका लगा था। पार्टी के दिग्गज क्षत्रप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे। हुड्डा को भाजपा के रमेश चंद्र कौशिक ने हराया था। कौशिक यहां से 2014 में भी चुनाव जीते थे। इस सीट पर इनेलो ने अनूप दहिया, जेजेपी ने भूपेंद्र मलिक और बसपा ने उमेश गहलावत को मैदान में उतारा है। तीनों ही जाट समुदाय से आते हैं।

भिवानी-महेंद्रगढ़ में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर भी भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां से धर्मबीर सिंह सांसद हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी का टिकट काटकर गैर जाट राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे किरण चौधरी नाराज हैं। जेजेपी ने अहीरवाल इलाके से ताल्लुक रखने वाले राव बहादुर सिंह को और इनेलो ने शेर सिंह राणा की राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के सुभाष परमार को समर्थन दिया है। बसपा से कंमाडर सुनील शर्मा मैदान में हैं। इस सीट पर ग्रामीण मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। कांग्रेस की स्थिति जातीय समीकरण के अलावा ग्रामीण वोट बैंक में मजबूत दिख रही है। लेकिन शहरी मतदाताओं पर भाजपा की मजबूत पकड़ है। लोकसभा में क्षेत्र में जाट मतदाता तीन लाख से ज्यादा हैं। दूसरे नंबर पर यादव (अहीर) मतदाता हैं, जिनकी संख्या पौने तीन लाख तक गिनी जाती है। 2019 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने 7,36,699 वोट पाए थे। कांग्रेस की श्रुति चौधरी को 2,92,236 और जेजेपी की स्वाति यादव को 84,956 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 में भाजपा के धर्मबीर सिंह ने इनेलो के बहादुर सिंह को 1,29,394 वोटों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी श्रुति चौधरी 2,68,115 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं। अंबाला में राजनीतिक विरासत वाले नए चेहरों पर दांव अंबाला सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने इस बार यहां नए चेहरों पर दांव लगाया है। भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को चुनावी मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने मुलाना से विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना पर दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया भाजपा संगठन की मजबूती, मोदी की गारंटी और पति रतन लाल कटारिया के नाम पर सहानुभूति के आधार पर वोट मांग रही हैं। लेकिन बंतो कटारिया को कई स्थानों पर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना भी पिता के राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने में लगे हैं। इनेलो ने इस सीट पर सिख उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह सहोटा को टिकट दिया है। 2019 के चुनाव में दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को 7,46,508 (57.06) प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी शैलजा को 4,04,163 (30.89) प्रतिशत वोट हासिल हुए थे।

करनाल में अनुभव और युवा जोश की टक्कर पूर्व सीएम खट्टर के सामने कांग्रेस से बुद्धिराजा


मनोहर लाल खट्टर

दिव्यांशु बुद्धिराजा।

करनाल लोकसभा सीट पर अनुभव और युवा जोश के बीच रोचक चुनावी भिड़ंत हो रही है। यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को मैदान में उतारा है। मनोहर लाल के विरुद्ध पंचकूला में दो साल पहले पोस्टर लगाने के आरोप में पंचकूला की अदालत ने बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया था। हालांकि पिछले हफ्ते उन्हें जमानत मिल गई है। यहां खट्टर के सामने दोहरी चुनौती है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक बनाने के लिए अपना पहला लोकसभा चुनाव तो जीतना ही है, करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने उत्तराधिकारी मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी की जीत भी सुनिश्चित करनी है। दो माह पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर के इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में करनाल में संजय भाटिया ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 6,54,269 लाख वोटों से हराया था। संजय भाटिया को 9,09,432 (70 फीसदी) वोट मिले थे, जबकि कुलदीप शर्मा 2,55,163 लाख (20 फीसदी) वोट ही पा सके थे। तीसरे नंबर पर बसपा के पंकज थे, जिन्हें 67,091 (5 फीसदी) वोट मिले थे।

बाहरी का प्रचार और कमजोर संगठन राज बब्बर की बढ़ा रहा मुसीबत


राज बब्बर।

राव इंद्रजीत सिंह।

गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह फिर से मैदान में हैं, उनके सामने कांग्रेस ने पूर्व फिल्म अभिनेता राज बब्बर को उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से राहुल यादव फाजिलपुरिया ताल ठोंक रहे हैं। गुरुग्राम सीट पर 23 प्रत्याशी होने के कारण हर बूथ पर दो ईवीएम मशीन लगेंगी। राव इंद्रजीत सिंह गुड़गांव से लगातार तीन बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह को 4,95,290 वोटों से हराया था। इंद्रजीत सिंह को 8,81,546 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में वह पहली बार भाजपा से चुनाव लड़े थे और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) के जाकिर हुसैन को हराया था। इस बार उनके मुकाबले में उतरे राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। लेकिन गुड़गांव में राज बब्बर को कांग्रेस का संगठन नहीं होने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और नूंह में मुस्लिम वोटर चार लाख माना जाता है, जबकि गुड़गांव पंजाबियों का गढ़ है। पंजाबी समाज में भाजपा का मजबूत प्रभाव है। राज बब्बर खुद के पंजाबी होने के चलते अपनी दम पर पंजाबी समाज में पकड़ बनाने में जुटे हैं।

रोहतक में हुड्डा परिवार के सामने इस बार साख बचाने का सवाल

दीपेंद्र हुड्डा।

डॉ. अरविंद शर्मा।

जाटलैंड रोहतक में इस बार का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हुड्डा परिवार की साख का सवाल बन गया है। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा चौथी बार मैदान में हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता के बीच हैं, तो दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस सरकार के समय में हुए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीन बार 2005 का उपचुनाव, 2009 और 2014 में रोहतक से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र हुड्डा को 7500 हजार वोटों के अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस की कोशिश फिर से रोहतक सीट जीतकर इस इलाके में अपनी चौधराहट वापस लाने की है। रोहतक सीट कांग्रेस के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां से चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी चुनाव जीत चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा भी यहां से दो बार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अरविंद कुमार शर्मा को 5,73,845 और कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा 5,66,342 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने भाजपा को ओपी धनखड़ को 1,70,627 लाख वोटों से हराया था। 2009 में दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इनेलो के नफे सिंह को साढ़े चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी।

कुरुक्षेत्र के दंगल में फंसते नजर आ रहे हैं भाजपा से उतरे नवीन जिंदल

नवीन जिंदल।

डॉ. सुशील गुप्ता।

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट हरियाणा का सबसे बड़ा चुनावी कुरुक्षेत्र बनने के साथ ही हॉट सीट बनी है। यहां पर सभी पार्टियों के बड़े दिग्गज नेता चुनावी मैदान में एक-दूसरे को मात देने के लिए जोर लगाए हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने पिछले दो चुनाव में दोनों बार प्रत्याशी बदला है और जीत हासिल की है। इस बार भी भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए कांग्रेस से आए उद्योगपति और पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से उतारा है। इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले एक-दो दिन में प्रचार के लिए आने वाले हैं। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला पहले ही यहां जमे हैं। ऐसे में इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता नजर आ रहा है। अब नए घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र से दो बार की पूर्व सांसद कैलाशो सैनी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तोड़कर कांग्रेस में शामिल कर लिया है। कैलाशो को कुरुक्षेत्र में प्रमुख ओबीसी नेता माना जाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करने की बात कही है। पिछले 2019 के चुनाव में मौजूदा सीएम भाजपा के नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को करीब चार लाख वोटों से शिकस्त दी थी। नायाब सिंह को 56 फीसदी वोट, जबकि निर्मल सिंह को 25 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।यहां जाट मतदाता भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं, जबकि गांवों में इनेलो मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

सिरसा के मैदान में कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं आमने-सामने

कुमारी सैलजा।

अशोक तंवर।

सिरसा लोकसभा सीट पर भी इस बार चुनावी मुकाबला काफी रोचक है। यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे हैं। हालांकि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस से ही सांसद रह चुके अशोक तंवर ने 2019 के बाद से तीन पार्टियां बदलकर अपने राजनीतिक समीकरण थोड़े बिगाड़ लिए हैं। अशोक तंवर ने 2019 में समर्थकों का टिकट कटने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी बनाई, लेकिन कुछ ही दिन में टीएमसी में शामिल हो गए, लेकिन साल भर बाद ही उन्होंने टीएमसी भी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया, लेकिन इसी साल चुनाव से पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की सुनीता दुग्गल ने सिरसा में 7,14,351 वोट पाए थे, कांग्रेस से चुनाव लड़े अशोक तंवर 4,04,433 वोट पाकर दूसरे तो जेजेपी के निर्मल सिंह मलरी 95,914 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। सिरसा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती थी। लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी के बाद 2019 में भाजपा की सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा से 2004 के बाद से कोई नेता लगातार दो बार संसद नहीं जा पाया है। भाजपा यहां सिर्फ एक बार 2019 में ही जीत हासिल कर पायी थी।

जीत की हुंकार भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दिल्ली के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल के लिए रोड शो किया और मोदी की गारंटी पर वोट मांगे।

मांगे वोट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ दिल्ली के मोती नगर में रोड शो कर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव, सपा की साख का सवाल

हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा के योद्धा दिख रहे हैं व्यग्र, गठबंधन गढ़ छीनने को तैयार

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। हालांकि कुछ सीटों पर बसपा प्रत्याशी जातीय समीकरण के बूते मुकाबला त्रिकोणीय बनाते नजर आ रहे हैं। मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, तो विपक्षी इंडिया गठबंधन इस बार कुछ सीटें भाजपा से छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा ने 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में 09 सीटों पर बड़े अंतर से चुनाव जीता था। इसके साथही इस बार पिछले चुनाव की तरह सपा का बसपा से गठबंधन भी नहीं है।

कानपुर में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर दोनों प्रत्याशियों की जीत के तीन बड़े फैक्टर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर पिछले चुनावों की ही तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। इस संघर्ष में दोनों प्रत्याशियों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने पर ही जीत का रास्ता आसान होता नजर आ रहा है। भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह चुनावी समर में उतरे रमेश अवस्थी को मजबूत संगठन और मोदी के चेहरे के नाम पर जीत का भरोसा है। लेकिन जानकारों के मुताबिक उनकी राह में सबसे बड़ी तीन चुनौतियां बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा, कहीं-कहीं भितरघात का खतरा और ध्रुवीकरण की आशंका है। इसी तरह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी आलोक मिश्रा की भी जीत की उम्मीद तीन फैक्टर समाजवादी पार्टी की बूथ पर मेहनत, ब्राह्मण वोटों में हिस्सेदारी के साथ मुस्लिम मतों के एकमुश्त समर्थन पर टिकी है। दरअसल, कुछ कांग्रेस नेताओं के चुनाव से पहले पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस प्रत्याशी को कमजोर संगठन की चुनौती से जूझना पड़ा है, जबकि सपा के लोकसभा क्षेत्र में तीन विधायक हैं।

बसपा कमजोर पर बन सकती सहारे की डोर

- भाजपा-कांग्रेस की चुनावी लड़ाई में बसपा से कुलदीप भदौरिया भी हैं। माना जा रहा है कि वह क्षत्रिय वोटों का बड़ा हिस्सा हासिल कर पाते हैं, तो भाजपा के लिए थोड़ी परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसी के साथ जिस तरह पूर्व में बसपा का कॉडर वोट श्रीप्रकाश जायसवाल की जीत में मददगार साबित होता था, वैसे ही अगर इस बार भी संविधान और आरक्षण बचाने के मुद्दे पर दलित मतदाता कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करता है, तो मुकाबला रोचक हो सकता है।

कन्नौज में कांटे की टक्कर में किसका इत्र महकेगा

- कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के बीच कांटे की टक्कर हो रही है। हालांकि यहां बसपा के इमरान बिन जफर भी मैदान में हैं, लेकिन वह सीधी लड़ाई में पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि सपा अध्यक्ष यहां 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से अपनी पत्नी डिंपल यादव की करीबी हार का बदला लेने आए हैं। 2019 के चुनाव में डिंपल यादव को रसूलाबाद क्षेत्र में सबसे बड़ी हार मिली थी, इसलिए अखिलेश ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत रसूलाबाद में ही रोड शो करके की थी। इस दौरान दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने रथ पर एक बालक को भीमराव आंबेडकर की वेशभूषा में सवार करके भाजपा द्वारा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का डर भी दिखाया था। भाजपा ने भी मतदान से पहले इस सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाओं के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी मतदाताओं को खास संदेश दे गए हैं। ऐसे में सारा दारोमदार अब मतदान पर टिक गया है। जिसके समर्थक घरों से निकल कर ज्यादा वोट ज्यादा करेंगे, उसकी जीत की संभावनाएं उतनी ही बढ़ जाएंगी।

09
सीटें 32 फीसदी तक वोटों के अंतर से 2019 में भाजपा ने जीती थीं

अपनों के कदमताल पर टिकी भोले की बड़े अंतर से तीसरी जीत

- अकबरपुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से जीत रहे भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सपा के राजाराम पाल में मुकाबला तो कांटे का है। लेकिन यहां तीन ऐसे बड़े समीकरण ऐसे हैं जो भोले की हैट्रिक की राह आसान बना सकते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अपनों की कदमताल। रनिया की विधायक एवं मंत्री प्रतिभा शुक्ला वारसी और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा पिछले कुछ दिनों से जिस तरह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, वैसी ही मेहनत वोट डलवाने में भी दिखानी होगी। हालांकि भोले के समर्थकों को कुछ स्थानों पर भितरघात का डर भी सता रहा है। ब्राह्मण मतदाताओं में बसपा के राजेश द्विवेदी की सेंधमारी रोकने की रणनीति भी भोले की बड़े अंतर से जीत का सिलसिला कायम रखने में अहम भूमिका अदा करेगी। हालांकि बारा टोल प्लाजा बंद कराने की उनकी घोषणा पूरी न होने से इलाके में कुछ नाराजगी दिखती है, लेकिन यह किसी नुकसान का कारण बनेगी, ऐसा नहीं लगता। सपा के राजाराम पाल सजातीय वोटों के साथ ही पिछड़ी जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने का दावा कर रहे हैं पर उन्हें कांग्रेस का भरपूर समर्थन जरूरी है। पाल बसपा में रहे हैं, वे बसपा के काडर वोट को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए लगातार जुटे रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक रूप से कमजोर होने का खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ रहा है।

खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास

- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

सीतापुर में जीत की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

अन्नू से लड़ाई में साक्षी महाराज को सजातीय वोट का सहारा

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज लगातार तीसरी बार जीतेंगे या नहीं यह सोमवार को तय होना है। उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ ही सजातीय (लोध जाति) मतदाताओं के पूर्ण समर्थन का भरोसा है। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों की नाराजगी का डर उनके समर्थकों को सता रहा है। ये जनप्रतिनिधि नेतृत्व के दबाव में साथ तो दिख रहे हैं पर उनका साथ वोट में कितना तब्दील होगा यह तो समय बताएगा। हालांकि संगठन और आरएसएस व उसके अनुसांगिक संगठनों के मिल रहे सहयोग से उनकी हैट्रिक लग सकती है। यहां बसपा से ब्राह्मण उम्मीवार अशोक पांडेय भाजपा के साथ जा चुके काडर वोट को साथ लाने की कोशिश कर तो रहे हैं। ब्राह्मण वोटों के बंटवारे में सपा की अन्नू टंडन अपनी जीत का आधार देख रही हैं पर ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में भाजपा से छिटकेंगे ऐसा दिख नहीं रहा है। अन्नू टंडन के समर्थन में हुईं अखिलेश यादव की सभाओं में भीड़ तो खूब जुटी है पर यह भीड़ में कितना तब्दील हुई तो अन्नू की बल्ले- बल्ले होगी। यह सपा और कांग्रेस के रणनीतिकार भी मान रहे हैं। कांग्रेस का थोड़ा परेशानी का कारण तो है पर बूथ स्तर पर युवाओं मजबूत टोली जीत का रोडमैप तैयार करने में जुटी है।



इटावा में नजर आ सकता है नजदीकी मुकाबला

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा की तरफ से यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे ने कड़ी मेहनत की है। बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल हैं। लेकिन वह त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ रही हैं। भाजपा ने पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीता था। भाजपा से सीधी लड़ाई में सपा ने साइकिल दौड़ाने के लिए ताकत लगाई है।

बहराइच में भाजपा को तीसरी जीत का भरोसा

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

मिश्रिख में बसपा बना रही लड़ाई त्रिकोणीय

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत ने जीत के लिए व्यूह रचना की है। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में सफल होते नजर आ रहे हैं।

धौरहरा में जातीय समीकरणों की लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। यहां ओबीसी और सवर्ण वोट निर्णायक हैं।

हरदोई में फिर दिख रहा पुराना मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा है। इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत फिर कमल खिलाने उतरे हैं। सपा ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है।

फर्रुखाबाद में जातीय समीकरण की चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

शाहजहांपुर में बसपा ने फंसाया खेल

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

कहां क्या था 2019 में भाजपा की जीत का आंकड़ा

कन्नौज	1.1%
इटावा	6.3%
मिश्रिख	9.8%
सीतापुर	9.5%
अकबरपुर	26.8%
बहराइच	13.0%
खीरी	19.2%
धौरहरा	15.2%
हरदोई	12.6%
उन्नाव	32.4%
फर्रुखाबाद	22.1%
शहजहांपुर	22.6%
कानपुर	18.5%

सहानुभूति और सपा के बीच ददरौली में फंसा है चुनाव

अमृत विचार। 13 मई को शहजहांपुर की ददरौली विधान सभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जहां पिता के निधन से मिलने वाली सहानुभूति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का भरोसा है, वहीं सपा से पूर्व मंत्री और दो बार के विधायक अवधेश कुमार वर्मा इस सीट पर साइकिल दौड़ाने में लगे हैं। ददरौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा की जीत रोकने के लिए सपा ने पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा और बसपा ने सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू पर दांव लगाया है। ददरौली विधानसभा सीट पर 2017 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। 2022 में भी भाजपा जीती।

बागी बिगाड़ पाएगा समीकरण या तीसरी बार जीतेंगी अनुप्रिया पटेल

मिर्जापुर संसदीय सीट

अनंत कृष्णन

मऊ। विंध्य क्षेत्र की लोकसभा सीटों पर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। यहां भाजपा को अपने बागियों से ही खतरा हो गया है। पहले पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने बगावत कर सपा का दामन थामा। सपा ने उन्हें राबर्ट्सगंज से उम्मीदवार बनाया तो अब भदोही के सांसद रमेश बिंद सपा से मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार बन गए। ये दोनों सीटें भाजपा की सहयोगी अपना दल के खाते में हैं, लेकिन पार्टी के चार सौ पार लक्ष्य की पूर्ति में इन दोनों सीटों पर जीत भी बहुत ही जरूरी है। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। अब भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर जीत के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहे हैं। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विंध्य क्षेत्र में रैलियां कराने की तैयारी है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह की ज्यादा से ज्यादा जनसभाओं का आयोजन कराने पर विचार किया जा रहा है।

इसलिए नाराज हुए रमेश बिंद

अनुप्रिया पटेल।

- विंध्य क्षेत्र में भाजपा के वर्तमान और पूर्व सांसद को सपा ने बनाया उम्मीदवार
- मिर्जापुर में अनुप्रिया तो राबर्ट्सगंज में रिंकी कोल से होना है मुख्य मुकाबला

अनुप्रिया और रमेश बिंद के बीच मुख्य मुकाबला

- समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को उम्मीदवार बनाया था। राजेंद्र ने प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन पार्टी के रणनीतिकार उन्हें प्रचार में कमजोर मान रहे थे। ऐसे में भदोही सीट से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे सांसद रमेश बिंद पर सपा नेताओं ने डेरा डाला और उनकी मुलाकात तीन दिन पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कराई गई। अब टिकट फाइनल हो गया तो रमेश ने प्रचार भी तेज कर दिया है। वे निषाद, बिंद, मझवार समाज के मतदाताओं को एकजुट करने में लग गए हैं। इस सीट पर बसपा ने मनीष तिवारी को उतारा है लेकिन यहां मुख्य मुकाबला अपना दल एस की उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और रमेश बिंद के बीच होना है। बसपा यहां मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास कर रही है। उधर भाजपा और अपना दल नेताओं ने टिकट कटने से नाराज राजेंद्र एस बिंद पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है यह वक्त बताएगा। फिलहाल हैट्रिक की तैयारी कर रहीं अनुप्रिया पटेल के पक्ष में निषाद मतदाता बनें रहें इसके लिए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनकी टीम भी यहां डेरा डालेगी।

रमेश बिंद ने 2019 में बसपा के रंगनाथ मिश्र से 43 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। भाजपा के आंतरिक सर्वे में यह बात सामने आई थी कि इस बार उनकी स्थिति कमजोर रहेगी। यही वजह है कि पार्टी ने उनका टिकट काटकर मंझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद को प्रत्याशी बना दिया। इसी बात से रमेश बिंद नाराज चल रहे थे।

राबर्ट्सगंज में भी कांटे का मुकाबला : राबर्ट्सगंज सीट भी अपना दल एस के कब्जे में है। यहां से पिछले चुनाव में पार्टी पकौड़ी लाल कोल जीते थे, जबकि 2014 में भाजपा के छोटेलाल खरवार यहां से सांसद बने थे।

पकौड़ी लाल कोल का टिकट काटकर उनकी विधायक बहू रिंकी कोल को अनुप्रिया पटेल ने टिकट दिया है। जबकि भाजपा से त्यागपत्र देने वाले छोटेलाल खरवार उन्हें चुनौती दे रहे हैं। छोटेलाल यहां ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी को भुनाना चाहते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी के कारण पकौड़ी लाल कोल का टिकट कटा था। हालांकि भाजपा और अपना दल के नेता इस नाराजगी को दूर करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां कांटे के मुकाबले में फंसी राजग गठबंधन की हैट्रिक पूरी हो इसके लिए मध्य प्रदेश के कोल जाति के बड़े नेताओं को भी प्रचार में लगाया गया है। बसपा ने यहां से धनेश्वर गौतम को उतारा है। वे मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। यहां बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र और मायावती की सभा कराने की तैयारी है। ताकि परंपरागत मतदाता साथ आ जाएं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

उठाया मुद्दा
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पश्चिम बंगाल के हुगली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया।

आरक्षण बचाओ
राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और विकासशील इंसाफा पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी के साथ मुजफ्फरपुर में जनसभा को संबोधित किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

सकारात्मक पहल

भारत-चीन संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति में हैं। समय-समय पर चीन की तरफ से ऐसी गतिविधियां हुईं जिससे दोनों देशों के बीच शांति की गुंजाइश के इंतजार को और बढ़ाया ही है। चीन से तनावपूर्ण संबंधों की बात स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्वीकार्य की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग हो गई है। इसलिए वह उम्मीद जता रहे थे कि चीनी सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान स्थिति उसके हित में नहीं है। गौरतलब है कि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि दोनों पक्ष कई बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। भारत लगातार यह कहता भी रहा है कि समग्र संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत सदैव से शांति का पक्षधर रहा है। चाहे पाकिस्तान हो या चीन भारत ने कभी उनको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की पहल नहीं की। जब सीमा के उस पार से भारत विरोधी कोई हरकत या गतिविधि हुई तभी भारत ने विरोध स्वरूप कोई कार्रवाई की।

बीते दिनों पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति से निर्भर करती है। यह बात सही है कि जब तक सीमा पर शरारत पूर्ण हरकतें बंद नहीं होंगी तब किसी भी देश के साथ शांति स्थापित कर मैत्रीपूर्ण संबंध की कल्पना करना दिवास्वपन जैसा ही है। इसके इतर बात की जाए तो हर देश अपने पड़ोसी देशों से शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों की अपेक्षा करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब तब इस बात को दोहराते रहते हैं। भारतीय नेतृत्व के इस तरह के रूख को देखते हुए चीन भी भारत से पुनः मैत्रीपूर्ण संबंधों की चाह रख रहा है। शायद तभी भारत में 18 माह से खाली पड़े पद पर चीन ने अपना राजदूत नियुक्त कर भेजा है। बीते दिनों भारत में चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। चीन के इस रूख से दोनों देशों के बीच संबंधों में कितना सुधार होगा यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इसे संबंधों के सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल जरूर कहा जा सकता है।

सभी तबके के मुसलमानों को मिलता है आरक्षण

डॉ. फैयाज अहमद फैजी
चिकित्सक, लखनऊ

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है।

लोकसभा के चुनाव के बीच एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा बहस के केंद्र में हैं। कोई सारे मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करता है तो कोई सारे मुसलमानों के आरक्षण को खत्म करने की बात करता है। मुस्लिम आरक्षण सदैव से एक अबूझ पहली रही है। समाज से लेकर न्यायालायों तक में इस पर बहसें होती रहीं हैं।

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं। विदित रहे कि मजहबी पहचान के नाम पर आरक्षण संविधान के मूल भावना के विरुद्ध है। कोई भी मजहब पिछड़ा या दलित नहीं होता है, बल्कि उसके मानने वालों में गरीब, पिछड़े और दलित हो सकते हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए आरक्षण की ईडब्लूएस, ओबीसी और एसटी कैटेगरी में अन्य धर्मों के मानने वालों के साथ-साथ सारे मुसलमानों को भी समाहित किया गया। हालांकि एससी कैटेगरी के आरक्षण से अभी भी मजहबी पहचान के आधार पर ईसाई और मुस्लिम धर्मावलंबी दलित (इन्हें ओबीसी में रखा गया है) बाहर हैं। यह मामला सर्वोच्च न्यायलय में पिछले लगभग 23 वर्षों से विचाराधीन है और केंद्र सरकार ने दो वर्षीय कार्यकाल और तीन सदस्यीय आयोग गठित कर इस पूरे मुद्दे पर रिपोर्ट तलब किया है।

दक्षिण भारत के राज्यों विशेष रूप से तमिलनाडु और केरला में लगभग सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के आरक्षण में समाहित किया गया है, जो कि न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। यहां यह गौरतलब है कि इन्हीं राज्यों की केंद्रीय ओबीसी की लिस्ट में सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से मजबूत मुस्लिम जातियों को बाहर रखा गया है, जो कि न्याय संगत भी है। इन राज्यों के आरक्षण की लिस्ट से सशक्त मुस्लिम जातियों (अशराफ मुसलमान) को बाहर किया जाना चाहिए ताकि सामाजिक न्याय के आधार पर योग्य जातियों एवं समुदायों को ही आरक्षण का लाभ मिले। इसके लिए संबंधित

सबसे पहले यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि ईडब्लूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) आरक्षण लागू होने के बाद ऐसा कोई मुस्लिम तबका नहीं है, जो आरक्षण की परिधि से बाहर हो अर्थात् लगभग सारे मुसलमान पहले से ही आरक्षण का लाभ लें रहें हैं।

राज्यों के ओबीसी लिस्ट को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट के तर्ज पर तैयार किया जा सकता है। पिछले वर्ष कर्नाटक राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास की अनुशंसा पर ओबीसी आरक्षण के अंतर्गत केवल मुस्लिमों के लिए (विशेष रूप से मुस्लिम आरक्षण) आवंटित कैटेगरी 2 बी (4 प्रतिशत) को समाप्त कर इसमें आने वाले मुस्लिमों को ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत) में शिफ्ट कर दिया और 2 बी के 4 प्रतिशत को दो बराबर भागों में विभाजित कर ओबीसी की अन्य कैटेगरी 3 ए (अब 2 सी) और 3 बी (अब 2 डी) को दे दिया। सरकार के इस फैसले को बाद में कोर्ट में चुनौती दी गई है।

यह आरक्षण शुद्ध रूप से धार्मिक पहचान पर आधारित था, यहां तक कि इस कैटेगरी के लिए बनने वाले सर्टिफिकेट पर भी कास्ट के आगे मुस्लिम लिखा रहता था, जो संविधान सम्मत नहीं था। यहां गौरतलब है कि सामाजिक न्याय के आरक्षण के लिए अर्ह मुस्लिमों की अधिकतर पसमांदा जातियों को पहले से ही ओबीसी के कैटिगरी 1 (4 प्रतिशत), 2 ए (15 प्रतिशत) और एसटी (7 प्रतिशत) में रखा गया है, जो अभी भी यथावत बरकरार है। यानी पसमांदा जातियों को पहले की तरह ओबीसी के 19 प्रतिशत और एसटी के 7 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जहां तक तेलंगाना और आंध्रा के ओबीसी की केटेगरी बीसी-इ (4 प्रतिशत) की बात है तो वो मजहबी पहचान/धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े होने की पहचान के आधार पर चिन्हित मात्र 13 मुस्लिम पिछड़ी जातियों (पसमांदा) को ही सम्मिलित किया गया है। बीसी-ए और बीसी-बी में मुस्लिम समाज की जातियां यथा मेहतर, दूदेकुला, नूरबाश, पिंजारी अन्य धर्मों के पिछड़ी जातियों के साथ पहले से ही शामिल हैं। ठीक इसी प्रकार केटेगरी बीसी-सी में केवल ईसाई धर्म की वंचित जातियां दर्ज हैं। इन दोनों कैटेगरी में केवल मुस्लिम और केवल ईसाई धर्म विशेष की पिछड़ी जातियों के दर्ज होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर है, जबकि यह पूरी तरह से संवैधानिक मंशा के अनुरूप शैक्षिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर है। इस भ्रम को दूर करने के लिए ओबीसी के वर्गीकरण पर पुनः विचार करते हुए धर्म निरपेक्ष वर्गीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त देश के अन्य प्रदेशों में सारे मुसलमानों को नहीं, बल्कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों को ही ओबीसी और एसटी के आरक्षण में सम्मिलित किया गया।

सच्चर कमेटी के अनुसार ओबीसी आरक्षण के केन्द्र व राज्य सूची में असमानता अब भी मौजूद है। यह एक साधारण शिकायत है, जो केवल मुस्लिमों से ही जुड़ी हुई नहीं है। धार्मिक पहचान से परे ऐसे कई ओबीसी समूह हैं, जो राज्यसूची में हैं, लेकिन केन्द्र सूची में नहीं हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा अनुशंसित 95 सामाजिक समूहों को ओबीसी सूची में सम्मिलित किया गया है, लेकिन इनमें से केवल 65 समूहों को ही केंद्र सूची में जगह मिल पाई है। उत्तर प्रदेश की ओबीसी सूची में 74 जातियां सम्मिलित हैं, लेकिन केन्द्र की सूची में केवल 65 जातियां शामिल हैं। ऐसी विभिन्नता मुस्लिम ओबीसी की स्थिति में भी पाई जाती है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश की राज्य सूची में 37 समुदाय, मुस्लिम समूहों के रूप में सम्मिलित हैं, लेकिन उनमें से केवल 27 ही केन्द्रीय सूची में हैं। बिहार में सूचियों के नवीनीकरण के बाद 17 ओबीसी समूह ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश में 2 मुस्लिम समूह- मिर्शिकार व नानबाई को केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। गुजरात में मुस्लिम समूह जैसे कि जिलाया, तरियातई, मंसूरी, बरब, सूमरा, तरक कलाल और नहवैया राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में हैं, लेकिन केन्द्रीय सूची में नहीं। इसी प्रकार महाराष्ट्र में कई मुस्लिम समूह जैसे कि मंसूरी, पान फरोश, अतार, मुस्लिम मदारी, मुस्लिम गावली, दरवेशी, हाशमी (डफाली), नालबंद ऐसे हैं, जिन्हें केन्द्रीय सूची में जगह नहीं मिली है। राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई ओबीसी सूचियों में भी कई ऐसी वंचित जातियां और समुदाय हैं, जिन्हें सूची में जगह नहीं मिली है। ऐसे कुछ मुस्लिम समूह है, जिन्हें केंद्र की सूची में जगह मिली है, परंतु जिन्हें अभी राज्य सूची में सम्मिलित किया जाना बाकी है।

बिहार में कलवार, राजस्थान में मुसूरी, उत्तर प्रदेश में आतिशबाज, पश्चिम बंगाल में राईन, कलवार, रंगबाज और चूड़ीहार ऐसे मुस्लिम समुदायों के उदाहरण हैं। अभी भी ऐसे कई समूह हैं, जिन्हें न तो केन्द्र और न ही राज्य की सूची में जगह मिल पाई है। यह बात न्याय संगत है कि मुस्लिम समाज के वंचित जातियों का उत्थान उनके मजहबी पहचान के इतर सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन के अनुरूप हो। इसीलिए यह उचित है कि अनुच्छेद 341 के पैरा 3 को हटाकर मुस्लिम धर्मावलंबी और ईसाई धर्मावलंबी दलित को भी एससी आरक्षण में सम्मिलित किया जाए और ओबीसी आरक्षण की तरह एससी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण किया जाए। दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों यथा कर्नाटका, तमिलनाडु और केरला के ओबीसी आरक्षण से शासक वर्गीय सशक्त अशराफ जातियों को बाहर निकाला जाए। साथ ही सच्चर कमेटी द्वारा दर्शायी गई केंद्रीय और राज्य सरकारों की जातिसूची की विसंगतियों को सुधारने का प्रयास हो। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी ईश्वरैया के मतानुसार केंद्र और राज्यों के अन्य पिछड़े वर्ग को तीन समूहों में विभाजित किया जाए ताकि मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो और आरक्षण किसी भी स्तिथि में मुस्लिम सांप्रदायिकता का मुद्दा न बनने पाए।

प्रसंगवश

आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य

आठवीं सदी से पहले भारत धार्मिक अव्यवस्था से ग्रस्त हो गया था जिसे अनुशासित और व्यवस्थित करने के लिए आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन को प्रतिष्ठित किया। श्रुतियों के भाष्यों में उन्होंने बताया की अनर्थ का मूल कारण भेद की भावना है, जो घृणा और भय उत्पन्न करती है। घृणा और भय ही जीवन और जगत के अशांति का कारण है। सर्वाहि घृणा तमनोन्यद दुष्टं पश्यतो भवति-अर्थात् जो नित्य अद्वैत आत्मा का अनुभव कर लेता है उसके लिए भय का कारण शेष नहीं रह जाता।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सर्वात्म भाव ही वेदांत दर्शन का मूलभाव है, जो परम कल्याण का साधन है। वैदिक युग के अंतिम चरण का द्योतक वेदांत दर्शन का मुख्य आधार प्रस्थान त्रयी-ब्रह्मसूत्र उपनिषद् और गीता है, जो आज के संकट को दूर करने का आचार, विचार और दर्शन प्रस्तुत करता है। वेदांत में उपनिषदों के तत्वदर्शन को विशेष रूप से ग्रहण करते हुए अन्यान्य समाजपरक तथ्यों को शंकराचार्य ने महत्व दिया। हिन्दू धर्म में नवाचार करते हुए सभी वर्णों के लोगों को संन्यास की दीक्षा को शंकर ने जायज करार दिया। मनुष्य पंचक में उन्होंने एक स्थान पर लिखा है-कोई भी तत्वदर्शी मनुष्य मेरा सच्चा गुरु है चाहे वह द्विज हो चाहे चांडाल।

वैष्णव और शैव आचार्यों ने अनेक स्थानों पर शंकर के मत का विरोध किया, पर वस्तुतः शंकर दिग्विजय ने ही सनातन धर्म में प्राण संचरण किया। अद्वैत दर्शन ही वस्तुतः एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो परस्पर विरोधी मतों के अंतः में निहित सत्य है। शंकर ने स्थापित किया की धर्म जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करके केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है, जब की वह विचार का उत्कृष्ट परिणाम हो। शंकर ने कहा की मनुष्य की आसुरी प्रवृत्ति उसकी भौतिक सत्ता का संयोग है उसकी आध्यात्मिक सत्ता का सत्य नहीं है। हमारी प्रवृत्तियों के अध्यात्मिककरण द्वारा मनुष्य जाति के आध्यात्मिक एकत्व में ही शांति और सुख के साम्राज्य की आशा निहित है। शंकर का वेदांत मनुष्य को उच्चतम आध्यात्मिक गौरव प्रदान करता है जिससे मनुष्य के हृदय में आत्मशक्ति दृढ़ होती है और वह लोभ, स्वार्थ, घृणा, द्वेष को अनुशासित कर पता है। सनातन संस्कृति के आद्य आचार्य को कोटि कोटि नमन।

विराट और उदार, कुदरत जैसी मां


अशोक पांडे
हल्द्वानी

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं।

मां अन्ना कॉर्नेलिया का एक पोर्ट्रेट विंसेंट ने 1888 के बरस एक ब्लैक-एंड-व्हाइट फोटो को देखकर बनाया था। उन दिनों एक तरफ तो वह अपनी कला के शिखर पर था, दूसरी तरफ उसकी दिमागी हालत भी लगातार बिगड़ रही थी। उस पर पागलपन के दौरे पड़ते थे, उसका हाल इस कदर खराब था कि एक दफा उसने अपने दोस्त पॉल गोगां पर चाकू से हमला किया तो एक दफा अपना बायां कान काट कर एक लड़की को दे दिया। जीवनभर साथ चली गरीबी तो थी ही, उसे अपने घर-परिवार और खास तौर पर मां की बहुत याद भी खूब आती थी। यह और बात थी कि लगातार पेन्टिंग करना उसने कभी नहीं छोड़ा।

मां का चित्र बनाते हुए उसने अपने छोटे भाई थियो को चिठ्ठी में लिखा, "मां का बेरंग फोटो मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं उसे रंगों के ठीक वैसे संयोजन में देखना चाहता हूं, जैसे वह मुझे हमेशा याद आती है।" यह इत्तेफाक नहीं था कि उसने मां के इस चित्र में हरे रंग को इतनी सारी जगह दी। प्रकृति की विपुल उदारता के प्रतीक इस हरे से मोहब्बत करना उसे मां ने ही सिखाया था। यही हरा जब पकता है तो पीला बन जाता है और विन्सेन्ट के यहां यही दो रंग सबसे ज्यादा हैं।

उस जमाने के हिसाब से अन्ना कॉर्नेलिया की शादी काफी देर में हुई थी। खुद से तीन बरस छोटे पादरी थियोडोरस वान गॉग से विवाह के वक्त वे बत्तीस की हो चुकी थीं। उनके छह बच्चे हुए- तीन बेटे, तीन बेटियां। एक पादरी के घर पर जैसा धार्मिक और नैतिक माहौल होना चाहिए था, अन्ना कॉर्नेलिया ने उसे वैसा ही बनाया और अपने बच्चों को परिवार का सम्मान करना सिखाया। उनका मानना था कि संसार में मनुष्य की प्रसन्नता का रहस्य परिवार के साथ रहने में निहित है। मां के बताए इन शुरुआती सबकों का असर रहा होगा कि विन्सेन्ट और उसके भाई-बहनों ने अपने जीवनकाल में एक-दूसरे को हजारों खत लिखे। ज्यादातर चिठ्ठियों में वे सब लगातार अपने बचपन को याद करते रहते हैं-गांव की पनचक्कियां, मां की बनाई डबलरोटी, बीमार घोड़े की आंख का आंसू, तकियों के गिलाफों पर मां की बनाई कशीदाकारियां।

अन्ना कॉर्नेलिया वाटरकलर्स पर शौकिया काम करना जानती थीं और अपने बनाए फूल-पत्तियों के चित्रों से उन्होंने ढेरों नोटबुक्स भर रखी थीं। एक तरह से उन्हें विन्सेन्ट का पहला कला-गुरु भी कहा जा सकता है। अन्ना कॉर्नेलिया ने अपने बच्चों को कुदरत से मोहब्बत करना भी सिखाया। वे दिन में कम से कम घंटे के लिए सारे बच्चों को लेकर टहलने जाती थीं। घर पर उनके लगाए बगीचे में हर बच्चे को कुछ न कुछ काम करना अनिवार्य था-मां की संगत में वान गॉग परिवार के सारे बच्चों ने मिट्टी, बीज, अंकुर, पत्तों, टहनियों और जड़ों वगैरह को परिवार के संबंधों के मजबूत रूपकों के तौर पर देखना सीखा। यही रूपक विन्सेन्ट की सारी कला के गर्भ में पाए जा सकते हैं। पैसे की कमी से जीवनभर जूझते विन्सेन्ट को उसके छोटे भाई थियो ने लगातार सहारा दिया-अपनी कमाई का एक-एक पैसा उसके साथ बराबर बांटा और उसे कभी अकेला नहीं रहने दिया। जब 1885 में उनके पिता थियोडोरस वान गॉग की मृत्यु हो गई तो दो बरस बाद सबसे छोटा भाई इक्कीस साल का कॉर्नेलियस ड्राफ्ट्समैन की नौकरी करने अफ्रीका चला गया।

थियो पेरिस में रहता था, जबकि विन्सेन्ट को कभी कोई पक्का पता हासिल नहीं हुआ। बच्चों से बेपनाह मोहब्बत करने अन्ना कॉर्नेलिया को बेटों की लगातार फिक्र रहती थी। तीनों उससे दूर रहते थे और वे उन्हें लगातार चिठ्ठियां लिखती थीं। इसके बावजूद उनके जीवन का आखिरी हिस्सा किस कदर मुश्किल बीता होगा इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। अपने जीते जी इस मां को अपन तीनों लाड़लों की असमय मौत देखनी पड़ी। लिख देने में कितना आसान लगता है कि बुढ़ापे में किसी मां के साथ ऐसा घटे। मानव सभ्यता के सबसे बड़े कलाकारों में से एक को जन्म देने वाली अन्ना कॉर्नेलिया अपने सबसे छोटे बेटे की मौत के सात साल बाद तक जीवित रहीं।

विन्सेंट की तीनों बहनें-एलिजाबेथ, अन्ना और विलेमिना-मां की देख-रेख में तत्पर रहीं और तीनों ने पिचहत्तर से ज्यादा बरस की उम्र पाई। हॉलैंड के बादशाह की लाइब्रेरी में किताबों के आधिकारिक बाइंडर रहे विलेम कारबेन्टस की इस बेटी अन्ना कॉर्नेलिया के इस हरे पोर्ट्रेट को देखना मुझे हमेशा भावुक बनाता है। दुनिया की हर मां की तरह विन्सेन्ट वान गॉग की मां भी अकल्पनीय रूप से विराट और उदार थीं- बिल्कुल मां कुदरत जैसी।

सोशल फोरम

सम्मान मांगने की चीज नहीं

मेरी मां मेरे बारे में एक बात अक्सर कहती है। "तुम्हारी रीढ़ की हड्डी में कुछ समस्या है ये जल्दी मुड़ती नहीं है" ये बात सच भी है। जब मैंने किसी के पैर छुए हों। ऐसा नहीं कि मैं लोगों का आदर नहीं करता, उन्हें इज्जत नहीं देता, लेकिन मेरा सम्मान केवल प्रणाम तक ही सिमटकर रह जाता है।

मेरे पिता भी मेरी इस आदत को अच्छी तरह जानते थे। इसलिए मेरी शादी की सारी रस्में समाप्त होने के बाद जब मैं सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए उनके चरण स्पर्श कर रहा था तो मेरे पिता ने मजाक में एक बात कही। बेटा और कही नहीं झुकना है तो मत झुको, लेकिन शादी के बाद एक जगह झुकने की आदत डाल लो तो सुखी रहोगे। नहीं झुकने की मेरी समस्या आज भी बरकरार है। आप मुझे संस्कारहीन, घमंडी वगैरह वगैरह कुछ भी कह सकते है, लेकिन मेरे कुछ अपने तर्क है। इज्जत, सम्मान, आदर मांगने की चीज नहीं है। ये कोई आपका अधिकार नहीं है। ये तो अपने व्यवहार, सोच, काम से हासिल किया जाता है। अगर आप सोचते है कि मैं आपके सामने केवल इसलिए झुकूं की आप मुझ से 10 या 15 साल पहले इस दुनिया में आए है तो ये कारण मुझे मंजूर नहीं। क्योंकि ये बुजुर्ग आज भी वैसे ही है, जैसा मैंने इन्हें आज से 30-35 साल पहले देखा था। अपनी सड़ चुकी मान्यताओं और पुरानी पड़ चुकी सोच के साथ ये आज भी वही के वही खड़े हैं। दुनिया तब से आज तक बहुत आगे निकल गई है, पर ये एक कदम भी चलने को तैयार नहीं।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

आज तक मैंने ऐसा कोई बुजुर्ग नहीं देखा जो आपको समय से आगे निकलने के लिए प्रेरित करे। सभी ढेर सारे हिले-हवाले देकर आपको बस पीछे खींचने में लगे रहते हैं। बुजुर्ग नाराज होकर कहते है कि हमने बाल धुप में सफेद नहीं किए, तो मन में आता है कि कह दूं जनाब आपने शायद बाल धुप में ही सफेद किए हैं, लेकिन कह नहीं पाता। कही न कही संस्कार आड़े आ जाते हैं। ऐसा नहीं कि झुकना, चरण स्पर्श करना गलत है और मुझे इसमें आपति है, लेकिन इसके लिए सामने वाले में पात्रता भी होनी चाहिए। योग्यता भी होनी चाहिए। उसे इस काबिल भी होना चाहिए। केवल उम्र का आधार मेरे लिए काफी नहीं है।

-फेसबुक वॉल से

डीके खापर्डे और दलित राजनीति


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

कांशीराम को बाबा साहब आंबेडकर और उनके आंदोलन के विषय में डीके खापर्डे जी ने ही विस्तृत ज्ञान दिया था। कांशीराम से खापर्डे जी को मिलवाने में मुख्य भूमिका महामना दीनाभना की थी। डीके खापर्डे ने ही डॉ आंबेडकर की लिखी प्रसिद्ध पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' मान्यवर कांशीराम को पढ़ने को दी। यहीं से साहब कांशीराम से बहुजन नायक बनने और बहुजन राजनीति की कहानी बनती है। अब सवाल यह है कि स्वतंत्र दलित नेतृत्व की राजनीति क्या हाशिए पर है? इस लोकतंत्र के पर्व में अपने दम पर कितना दम दिखा पाएगी? अभी भी जो दलितों की बड़ी संख्या बहुजन समाज पार्टी के हिस्से में है, उसका कारण अनुसूचित जातियों का भावनात्मक लगाव भी है।

मैं फिर कोड करना चाहता हूं डीके खापर्डे जी को, उनका मानना था कि सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन उसके बाद राजनीतिक परिवर्तन और अंत में व्यवस्था परिवर्तन, व्यवस्था परिवर्तन का मतलब देश की सत्ता सरंचना में बदलाव। सत्ता सरंचना का स्वरूप नहीं बदलने से व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो रहा है। डीके खापर्डे, दीनाभाना, कांशीराम ने बहुजन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर बंजर जमीन को राजनीतिक उपजाऊ जमीन तैयार की थी। खापर्डे व मान्यवर साहब ने अपने को आगे बढ़ाने के बजाय योग्य और सक्षम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया। संगठन में व्यक्तिवाद के स्थान पर संस्थागत सामूहिक नेतृत्व में उनका विश्वास था, जो सामाजिक न्याय के आंदोलन कभी बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी के नाम थे। आज कांग्रेस के राहुल गांधी, अखिलेश यादव बहुत मजबूती के साथ जाति जनगणना, आरक्षण, संस्थाओं में हिस्सेदारी की बात सभाओं में रख बहुजनों को आकर्षित कर रहे हैं। तीनों साथियों ने और अन्य सामाजिक जागरूक लोगों को जोड़कर अनुसूचित जातियों/जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और धर्मान्तरित अल्पसंख्यक समाज का थिंकटैंक बनाया। फुले, आंबेडकरी विचारधारा के तहत गैर राजनीतिक जड़ें यानि सामाजिक जड़ें मजबूत करने के लिए काम किया। 6 दिसंबर 1978 को दिल्ली में इस वैचारिकी को मूर्त रूप देकर वामसेफ की दिल्ली में स्थापना की जिसका काम समाज को दिशा दिखाना था। यहीं से 1981 में डीएस 4 फिर 14 अप्रैल 1984 में बहुजन समाज पार्टी राजनीतिक दल की स्थापना हुई। मान्यवर कांशीराम अध्यक्ष बनें, डीके खापर्डे सामाजिक सोच को मजबूत करना चाहते थे जिनका जन्म 13 मई 1939 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था, जो कि व्यवस्था परिवर्तन में सहायक हो।



कांशीराम ने राजनीति को तरजीह दी जैसा कि डॉ आंबेडकर सोचते थे कि राजनीतिक सत्ता सामाजिक प्रगति की कुंजी है। बहुजन समाज पार्टी महापुरुषों की विचारधारा के मुताबिक जल्दी ही बहुजन समाज में जगह बनाने में कामयाब हुई और उत्तर प्रदेश में सत्ता तक पहुंची। अन्य कई राज्यों में भी सांसद व विधायक बनाने में कामयाब हुई। निश्चित ही अन्य राजनीतिक दलों को अपने एजेंडे बदलने पड़े, उन्होंने अपने दलों में पिछड़े व दलितों को राजनीति में तरजीह मिलने लगी। बाबा साहब आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी उत्तर प्रदेश में एमपी बनाए थे। धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई, जो भी अस्तित्व बचा वो महाराष्ट्र में ही है। समाजवादी आंदोलन से निकलकर रामविलास पासवान ने भी लोकजन शक्ति पार्टी का गठन कर बिहार में राजनीति को प्रभावित किया। उनके न रहने पर उनके परिवार के झगड़े में पार्टी कमजोर हुई। अब नेतृत्व उनके बेटे चिराग पासवान के हाथ है और भाजपा के साथ गठबंधन में है। बहुजन समाज पार्टी अपने बल पर लोकसभा चुनाव के समर में अकेले हैं। किसी से गठबंधन नहीं है, 2007 में अकेले ही पूर्णरूप से उत्तर प्रदेश में सत्ता पर स्थापित हुई मुख्यमंत्री बहन मायावती बनीं। यह राजनीतिक अचंभा था, जो समाज सामाजिक व्यवस्था में निम्नतम था वो भी महिला अनुसूचित समाज की पिछड़े दलित के अलावा अन्य सवर्णों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार किया। भरपूर वोट देकर पूर्णरूप से सत्ता तक पहुंचाया, उनके निर्णय, सत्ता चलाने की कार्यशैली अपराध पर नियंत्रण ने उनको आयरन लेडी बना दिया। उन्होंने अपनी सरकार के दौरान लखनऊ व नोएडा में परिवर्तन स्थल प्रेरणा स्थल में उन महापुरुषों को स्थापित किया, जो सामाजिक क्रांतिकारी थे। वे आज भी और कल भी लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

मां से मोहब्बत

अब क्या मां पर भी लिखना होगा! कैसे लिखेंगे, क्या लिखेंगे? वह तकलीफ लिखें जो उनके पेट में रहकर, अंदर से शरारतन हमारे पहली बार टांग मारने से उन्हें हुई थी। उस दर्द को लिखें जो हमारे पैदा होने में उन्होंने सहा था। उस एहसास को कैसे लिखें जब वह पहली बार मुझे देख तमाम तकलीफ को दबाकर मुस्कुराई थीं। अपने बड़े से हाथ में मेरा पूरा बदन लेकर कहा था आज से मैं तेरा साया हूं। कैसे लिखूं उन उंगलियों पर जिन्होंने पूरे बदन पर ऐसे मालिश कि मैं आज भी सख्त पत्थरों से जूझने लायक बना। उस दूध पर लिखने की सलाहियत मुझमे नहीं। उन निवालों पर क्या लिखा जाए, जो बिना मेरे भूख-भूख पुकारे मेरे मुंह में अनगिनत बार डाल दिए गए। मैं या कोई भी मां पर कैसे लिखे? आप और हम सारे एहसास, जज्बात, मोहब्बत सब लिख सकते हैं, मगर मां पर कलम खुद बच्चा हो जाती है।

हफीज किदवई
लेखक

हां एक बात जो मैं हमेशा सोचता हूं, वह यह कि मेरी मां मेरे सामने दुनिया छोड़े न कि उसके सामने मैं। मरना सभी को है, मगर मैं नहीं चाहता एक मां अपने बेटे के मरने का दर्द सहे। यह पीड़ा उसके जीवन की सबसे दर्दनाक पीड़ा है। हां, मैं बेटा होकर उस दर्द को उठा लेना चाहता हूं। मैं कोई अच्छा बेटा नहीं हूं, फिर भी मैं जब उनके पैरों को दबा रहा होता हूं, तब ही दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को छूने का एहसास होता है। तकलीफ तब होती है जब देखता हूं कोई नौजवान मां को नासमझ समझ कर उन्हें दुत्कारता है। मां का जिसके दिल में एहसास हो गया वह दूसरे को नुकसान तो नहीं ही पहुंचा सकता। मैं क्या कहूं यह उल्टा सीधा लिखते-लिखते दिल भरने लगता है। मां का एहसास लफ्ज से क्या लिखें? दिल खुद उसकी गवाही दे रहा होगा।

मदर्स डे पर मूसा की कैफियत को देखना। मूसा कोहेतूर (पहाड़) पर बेधड़क दौड़े चले जाते थे। एक रोज दौड़ते हुए पहाड़ पर जा रहे थे कि एक पत्थर पर ठोकर लगी और वह मुंह के बल गिर गए, तब आसमान की तरफ शिकायती अंदाज में देखा। उधर आसमान से आवाज आई "ऐ मूसा अब संभल कर चला करो। तुम्हारे लिए दुआ करने वाले अब हाथ नहीं रहे। वह मां खत्म हो गई, अब एहतियात रखना।" मूसा के आंसू आ गए। सोचिए वह तो पैगंबर थे तो हम और आप को उस मां की कितनी जरूरत है। उनकी दुआओं की कितनी दरकार है राम जी ने सौतेली मां के मान को रखकर, जंगल की पीड़ा चुनी, क्या तब भी हम यह नहीं समझे कि किसी भी मां की इज्जत करना ही हमारा धर्म है। मां के दिल में अगर किसी बेटे का खौफ आ गया तो वह बेटा जुल्मी है। मां से मोहब्बत तो जरूरी ही है उनकी इज्जत तो फर्ज है।

आज गिरह बांध लो मां की इज्जत की गिरह। उनके दिल को तकलीफ मत पहुंचाना वरना बिखर जाओगे। कई बार कुछ माएं गलत हो सकती हैं। बच्चों से हकतल्फी कर सकती हैं, मगर तभी राम जी जैसे किरदार उठ खड़े होकर बतलाते हैं, मां का कहना मानो। भले ही दर्द हो, भले ही दिल टुकड़े-टुकड़े हो जाएं, मगर मां पर गुस्सा मत पलटो। लोग कहेंगे, क्या सिर्फ एक दिन मां की इज्जत होगी, हम कहेंगे, जो पूरे साल इज्जत करते हैं, वही तो यह एक दिन मनाएंगे। आपने पूरे साल मां को आजिज किया है तो आज के एक दिन अगर दिखावटी प्यार उमेड़ोंगे, तो अनगिनत जोरदार तमाचे ही तो स्वागत करेंगे। यह एक दिन उनके लिए है, जो हमेशा इज्जत करते हैं और एक दिन व्यक्त कर देते हैं।

50 लाख वोट एकमुश्त साधने की छटपटाहट कुछ यूं ही नहीं

सपा, भाजपा व अन्य दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जुटे

व्यापारी सम्मेलन के बहाने वोट बैंक पर नजर: भाजपा

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: व्यापारियों को अपने पाले में लाने की छटपटाहट दलों में यूं ही नहीं है। वजह है एक एकमुश्त बड़ा वोट बैंक। प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब पचास लाख व्यापारी है। वहीं राजधानी लखनऊ में इनकी संख्या 50 हजार के पार है। परिवार में अगर पांच सदस्यों को उनसे परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जुड़ा मान लिया जाए तो सूबे में व्यवसायियों की संख्या करीब ढाई करोड़ और राजधानी में ढाई से तीन लाख पहुंच जाती है। छोटे, मंझोले और बड़े व्यापारियों की संख्या जोड़ी जाए तो आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। यानी यह एक ऐसा बड़ा वोट बैंक है जो दिखता नहीं लेकिन चुनावी गणित के फेरबदल में अपनी महती भूमिका अदा करता है। ऐसे में सभी दल कारोबारियों को जोड़ने की फिराक में हैं। यह बात अलग है कि भाजपा इन सभी दलों में सबसे आगे है। वहीं सपा पोल खोलो अभियान के जरिए व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश में है। यही नहीं जनपदवार दौरे कर व्यापारियों को साधा जा रहा है। मतदान के करीब आधे चरण पूरे होने को हैं लेकिन दो बड़े दलों के अलावा अन्य ने अभी बाजारों में न तो कोई बड़े कार्यक्रम लगाए हैं और न ही कोई कारोबारी सम्मेलन किए हैं।

सपा हो या भाजपा। सभी दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा समर्थित व्यापारी नेता कहते हैं कि चुनाव की फेजवार रणनीत बना जिलों का दौराकर व्यवसायी समाज से सीधे जुड़ने की कोशिश है। वहीं भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठन व्यापारी सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ चुके हैं। मतदान तिथियों से पूर्व हुए सम्मेलन फिलहाल यही संदेश दे रहे हैं कि प्रदेश के दोनों बड़े दल व्यापारियों को जोड़ने में पीछे नहीं रहना चाहता है।

हुए ये काम

- प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किया। रंगदारी रुकी। मंडी में पंजीकृत व्यापारियों को तीन लाख रुपये का बीमा दुर्घटना दिया जा रहा है। दो लाख क्षतिपूर्ति बीमा। एक मुश्त 15 साल का पंजीकरण शुल्क लेकर आजीवन लाइसेंस दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर ओबरा विस्तारीकरण के दौरान एक हजार व्यापारियों की सुधि ली गई। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया। जिन दुकानों में कर्मी नहीं वहां का पंजीकरण श्रम विभाग से किया गया मुक्त। डेढ़ गुना शुल्क लेकर साप्ताहिक बंदी से मुक्त किए गए दुकानदार। जल्द ही व्यापारियों के दस लाख रुपये का बीमा किए जाने की उम्मीद। वहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों को दस लाख का बीमा प्रदान किया गया। 40 लाख से कम का कारोबार करने वाले व्यापारी को जीएसटी से मुक्त किया गया। कालाबाजारी से मुक्त कर गैस सिलेंडर को उनके तय स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। कम ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराए जाने समेत कई मामलों को धरातल पर लाया गया।

इस गणित पर करें गौर

- प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब –50 लाख व्यापारी
- एक परिवार के 5 सदस्यों को साथ जोड़ा जाए तो प्रदेश में यह संख्या– 2.5 करोड़ कारोबारी
- लखनऊ क्षेत्र में व्यापारी – 50,000 व्यवसायी
- पांच सदस्यों को शामिल करने पर संख्या ढाई से 3,00,000 व्यापार
- प्रदेश में छोटे–बड़े बाजारों की संख्या 5,000

पोल खोलो अभियान के जरिए बता रहे हैं व्यापारियों को हकीकत: सपा

सरकार के काम बताते हैं। जिन मांगों पर काम हुआ उसे भी गिनाया। दस फीसद व्यापारियों को सीट दी गई है। प्रदेश की 80 सीट में से आठ पर व्यापारी ताल ठोंक रहा है। व्यापारी संदेश यात्रा निकाल कारोबारियों को सरकार से जोड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई मांगें पूरी की हैं। लंबित मांगों पर भी ध्यान दिया जाए। **–बनवारी लाल कंछल**, प्रांतीय अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

व्यापारियों की पहली प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है। जो दल उनको सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहा है व्यापारी समाज उसके साथ है। चुनाव का माहौल बनाने में भी समाज का बड़ा योगदान रहता है। दूसरे सीधे आमजन से जुड़ता है। कर्मचारियों की मिला लिया जाए तो और बड़ा वोट बैंक बन जाता है। कई मुद्दों पर व्यापारी सरकार के साथ है। **–संजय गुप्ता**, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

यह सही है कि व्यापारियों को जोड़ने में भाजपा अन्य दलों से आगे है। सरकार के काम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था तब व्यापारी खाना, राशन और दवाएं पहुंचा रहा था। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ठोस पहल की आवश्यकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए अफसरशाही पर अंकुश लगाना होगा।

–अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

व्यापारी सरकार के साथ हमेशा खड़ा रहता है। इस बार भी वह पीछे नहीं है। मतदान में आगे दिखेगा। डोर–टू–डोर व्यापारियों से जाकर मिला जा रहा है। लेकिन कोई तो उसकी समस्या सुने। सरकारों को व्यापारी वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान देना होगा। जीएसटीएन में तमाम दिक्कतें हैं। व्यापारी इससे उबर नहीं पा रहा है।

–संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

व्यापारियों के समक्ष रख रहे पक्ष, खोल रहे पोल

अमृत विचार : केन्द्र सरकार व्यापारियों के हित में नहीं है। नोटबंदी के दौरान सबसे अधिक उत्पीड़न व्यापारियों का हुआ है। इसी को लेकर सपा की व्यापार सभा इकाई प्रदेश के हर लोक सभा क्षेत्र में भाजपा की पोल खोलो अभियान चला रही है। इसमें कोरोना काल के दौरान व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है। बताया कि सपा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से जुड़े मामले में व्यापारियों के पक्ष में नहीं हैं। महत्वपूर्ण योजनाओं में सपा सरकार ने व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये निशुल्क बीमा योजना की स्कीम चलाई थी। सरकार ने पटरी दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

प्रदीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष, सपा व्यापार सभा

जिलों के दौरे ला रहे रंग

व्यापारियों को सपा के साथ लाने के लिए जनपद स्तरीय दौरे तय किए गए हैं। चुनावी फेज को देखते हुए चरणवार चुनावी जिलों की ओर रुख किया जा रहा है। व्यापारी नेता कारोबारियों को साथ लाने के लिए जिलों में निरंतर दौरे कर रहे हैं। सम्मेलन के बजाए व्यापारियों तक सीधे पहुंचने की कोशिश है। व्यापारियों के साथ सख्ती की जाती है।

पवन मनोचा, प्रवरिष्ठ व्यापारी नेता

इलेक्शन बायस्कोप

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यह जनसभा में मौजूद भारी भीड़ देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में परिंदा भी पर न मारने की बात करने वाले देख लें, आज रामभक्तों को रेला उमड़ रहा। **–अमृत विचार**

कम सीटों के साथ कांग्रेस का बड़ा लक्ष्य

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- **कांग्रेस ने 2014 में जीती थीं केवल दो सीटें, 2009 से गिरता गया ग्राफ**

अमृत विचार: वर्तमान में चल रहे चुनावी समर में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। जहां कांग्रेस अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रदेश में 2019 में केवल रायबरेली सीट जीतने वाली कांग्रेस कैसे यूपी फतह कर पाएगी। सात में से तीन चरण का मतदान हो चुका है और चौथे चरण का मतदान आज सोमवार को है।

कांग्रेस इस बार अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहीं है। सीटों की संख्या के लिहाज से छोटी नजर आ रही इस चुनावी जंग के लिए कांग्रेस ने बड़ा लक्ष्य तय करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसे गठबंधन की बाकी पार्टियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। कांग्रेस की रणनीति है कि पार्टी भले ही कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हो लेकिन उनका गठबंधन सीटें ज्यादा जीते। पिछले चुनाव की बात करें तो यूपी में कांग्रेस अकेले लड़कर केवल एक रायबरेली सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने 1999 में 76 सीट पर चुनाव लड़ा था जिसमें उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और रिपब्लिकन पार्टी थीं। इसमें कांग्रेस को 10 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 14.72 था। लेकिन तब उत्तर प्रदेश में लोक सभा सीटें 85 थी। 2004 में 73 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ी थी और उसे महज 9 सीटों पर ही जीत मिली थी। यह चुनाव भी कांग्रेस ने रालोद के साथ गठबंधन में लड़ा था और उसे 12.4 प्रतिशत वोट मिला था।

2009 में कांग्रेस बिना गठबंधन के 80 सीट पर चुनाव लड़ी थी और उसे 21 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 18.3 प्रतिशत था। इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव की अपेछा ज्यादा सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 23, बसपा को 20 और बीजेपी को 10 सीटे मिली थी। 2014 के चुनाव ने पूरा समीकरण ही बदल दिया था। कांग्रेस 21 से सीधे दो सीट पर आ गई थी और वह भी उसकी परम्परागत सीट अमेठी और रायबरेली थीं। वहीं बीजेपी ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए 71 सीट पर जीत दर्ज की थी। सबसे बुरा हाल 2019 के चुनाव में कांग्रेस के साथ हुआ। राहुल गांधी अपनी परम्परागत सीट अमेठी भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए और केवल सोनिया गांधी रायबरेली से अपनी सीट बचा पाईं। इस बार अमेठी से कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार है।

मतदाताओं ने रोचक बनाया मुकाबला

बहराइच सुरक्षित सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

भाजपा के आनंद व रमेश के बीच मुख्य मुकाबला

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार : बहराइच सुरक्षित सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। लेकिन इस बार का चुनाव एक तरफा नहीं होगा। मतदाताओं की चुप्पी ने लड़ाई को और ही रोमांचक बना दिया है। अब मतदान और मतगणना के बाद ही प्रत्याशी के जीतने के बारे में पता चलेगा।

बहराइच सुरक्षित सीट पर इस समय भाजपा का कब्जा है। इससे पूर्व भी वर्तमान सांसद ने भाजपा सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन पुत्र डाक्टर आनंद कुमार गौड़ के टिकट मिलने के चलते वह हैट्रिक लगाने से चूक गए। समाजवादी पार्टी ने इस बार रमेश को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने प्रोफेसर बृजेश सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इस बार के चुनाव में जनता की चुप्पी से सभी प्रतयाशियों की मुश्किलों को बढ़ाने के साथ ही चुनाव को रोचक बना दिया है।

पार्टी के समर्थकों को छोड़ दिया जाए तो आम मतदाता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से भी भाजपा और सपा प्रत्याशी के मन में संशय है। हालांकि अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। सोमवार सुबह से बहराइच सुरक्षित सीट के लिए मतदान शुरू हो जाएगा।

आनंद कुमार गौड़



रमेश गौतम

बृजेश सोनकर

- **सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी मैदान में**

इसके बाद ही किसी भी प्रत्याशी के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

हालांकि चुनाव मैदान में सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद शाम छह से सात बजे के बाद ही चुनाव के हवा का रुख पता चल जायेगा। मालूम हो कि अभी तक इस सीट से आरिफ मोहम्मद खान तीन बार, वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड और पदम सेन चौधरी ही दो दो बार चुनाव जीत चूक हैं। मनरेगा लहर में कांग्रेस प्रत्याशी कमांडो कमल किशोर भी चुनाव वर्ष 2009 में जीत चुके हैं।

बहराइच लोकसभा सीट पर मतदाता



डुमरियागंज: महिला प्रत्याशी नहीं जीत पाई चुनाव

सिद्धार्थनगर

मोहसिना किदवई

सीमा मुस्तफा

- **मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा लड़ चुकी हैं चुनाव**

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में आजादी के बाद से लेकर आज तक लोकसभा डुमरियागंज से कोई भी महिला दिल्ली की श्रेष्ठ पंचायत में नहीं पहुंची। यहां के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराई है किंतु अभी तक कोई भी महिला लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि लोकसभा डुमरियागंज से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा जैसी बड़ी नेता लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। मालूम हो कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र आज भी पिछड़ों में गिना जाता है और केंद्र सरकार की सूचि में जनपद आकांक्षा जनपद के रूप में प्रचलित है।

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी है जनपद उद्योग विहीन जनपद है। भारत नेपाल सीमा पर होने के कारण यह जनपद विकास से काफी अछूता है। यहां महिलाओं की भागीदारी दिल्ली की पंचायत में ना के बराबर है जबकि सरकार महिला सशक्तिकरण पर काफी फोकस करती है। आजादी के बाद से लोकसभा डुमरियागंज में अभी तक महिलाओं ने अपनी किस्मत तो आजमाई किंतु चुनाव जीतने में काफी पीछे रही इस बार भी एक निर्दल महिला चुनावी समर में कूद कर अपनी किस्मत आजमा रही हैं लेकिन अभी देखा जाए तो इस चुनावी दौर में हो काफी पीछे दिखाई दे रही है।

चुनावी चक्कर

- **उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिजन शहनाई से करेंगे मोदी का स्वागत :**

शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। यह रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर–घर निमंत्रण भेज रहे हैं। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10 –10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल–नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

इस बार मोहनलालगंज में त्रिकोणीय मुकाबला

उमेश गुप्ता, निगोहां/ लखनऊ

सांसद कौशल किशोर

आरके चौधरी

राजेश कुमार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो रही हैं। प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झोंक रखी है।

बात करे मोहनलालगंज लोकसभा सीट की तो इस बार भी केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर तीसरी बार चुने जाने के लिये दिन-रात जुटे हैं वहीं इंडिया गठबंधन के सपा उम्मीदवार आर के चौधरी जो कि मोहनलालगंज विधानसभा से कई बार विधायक व बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं कि क्षेत्र की जनता से अच्छी पकड़ है। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान ने पार्टी के कोर वोट के सहारे इस सीट के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सासंद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से कुछ क्षेत्रों के मतदाता नाराज हैं ,जनता की मांग के बाद भी अब तक मोहनलालगंज व निगोहां रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण केन्द्र, समेत मोहनलालगंज मऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु ओवरब्रिज का निर्माण ना कराये जाने व नहरों में पानी का न आना है। यहां के मतदाताओं की नाराजगी का प्रमुख कारण हैं। लेकिन वहीं मोदी और योगी का चेहरा इनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और ये जनता से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद को जिताने की अपील कर रहे हैं।

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी यहां अपनी बिरादरी समेत यादव व मुस्लिम वोटों से अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं। आरके चौधरी बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मोहनलाल गंज सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत अपना चुके हैं। जहां उन्हे हार का सामना करना पड़ा है , इस बार ये भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देते आ रहे हैं। यह सीट 1962 से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसके बाद भी बसपा यहां से कभी नहीं जीती। इस बार वैतरणी पार करने के लिए बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान पर दांव लगाया है, जातीय समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक 34.14 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है। बसपा इन्हें अपना कैडर वोट समझती हैं, बसपा प्रत्याशी इसी को जीत का अधार मान कर इन मतदाताओं में अपनी पकड़ बनाने में जुट हैं।

11 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

वहीं लखनऊ से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा सपा ने आरके चौधरी, बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पार्टी से बृजेश कुमार विक्रम को टिकट मिला है। साथ ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेट पार्टी से एसएल सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी इंडिया से सुनीता छेदा पासी को टिकट मिला है। जबकि सुशील कुमार रावत, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार और महेंद्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक रहे हैं। इस तरह मोहनलालगंज सीट से 11 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं।

विस की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा

मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंदर विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, पांचों सीट पर भाजपा का कब्जा है, इस लोकसभा सीट के अंतर्गत मलीहाबाद, बख्शी का तालाब , सरोजिनी नगर और मोहनलालगंज और सीतापुर जिले की सिधौली सीट आती है।

2019 में किसको मिले कितने मत



अपनी ढपली अपना राग

चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए, दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। **– स्मृति ईरानी**

छोटे व्यवसायी, महिलाएं परेशान हैं। 10 वर्षों में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, आपको चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। **– प्रियंका गांधी**

सरकार की नीयत और नीति दोनों में खोट है। वह भेदभाव की राजनीति करते हैं। समाज में भेद लगाकर वोट हथियाना चाहते है। **– डिंपल यादव**

पिछड़ा, मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर न लें। शिक्षा, सदन, कमाई, पढ़ाई में हमारी हिस्सेदारी जाति के आधार पर होनी चाहिए। **– पल्लवी पटेल**

50 लाख वोट एकमुश्त साधने की छटपटाहट कुछ यूं ही नहीं

सपा, भाजपा व अन्य दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जुटे

व्यापारी सम्मेलन के बहाने वोट बैंक पर नजर: भाजपा

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: व्यापारियों को अपने पाले में लाने की छटपटाहट दलों में यूं ही नहीं है। वजह है एक एकमुश्त बड़ा वोट बैंक। प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब पचास लाख व्यापारी है। वहीं राजधानी लखनऊ में इनकी संख्या 50 हजार के पार है। परिवार में अगर पांच सदस्यों को उनसे परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जुड़ा मान लिया जाए तो सूबे में व्यवसायियों की संख्या करीब ढाई करोड़ और राजधानी में ढाई से तीन लाख पहुंच जाती है। छोटे, मंझोले और बड़े व्यापारियों की संख्या जोड़ी जाए तो आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। यानी यह एक ऐसा बड़ा वोट बैंक है जो दिखता नहीं लेकिन चुनावी गणित के फेरबदल में अपनी महती भूमिका अदा करता है। ऐसे में सभी दल कारोबारियों को जोड़ने की फिराक में हैं। यह बात अलग है कि भाजपा इन सभी दलों में सबसे आगे है। वहीं सपा पोल खोलो अभियान के जरिए व्यापारियों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश में है। यही नहीं जनपदवार दौरे कर व्यापारियों को साधा जा रहा है। मतदान के करीब आधे चरण पूरे होने को हैं लेकिन दो बड़े दलों के अलावा अन्य ने अभी बाजारों में न तो कोई बड़े कार्यक्रम लगाए हैं और न ही कोई कारोबारी सम्मेलन किए हैं।

सपा हो या भाजपा। सभी दल व्यापारियों को अपने पाले में लाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। सपा समर्थित व्यापारी नेता कहते हैं कि चुनाव की फेजवार रणनीत बना जिलों का दौराकर व्यवसायी समाज से सीधे जुड़ने की कोशिश है। वहीं भाजपा और उसके आनुषंगिक संगठन व्यापारी सम्मेलन की रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ चुके हैं। मतदान तिथियों से पूर्व हुए सम्मेलन फिलहाल यही संदेश दे रहे हैं कि प्रदेश के दोनों बड़े दल व्यापारियों को जोड़ने में पीछे नहीं रहना चाहता है।

हुए ये काम

- प्रदेश सरकार ने मंडी शुल्क घटाकर 1.5 प्रतिशत किया। रंगदारी रुकी। मंडी में पंजीकृत व्यापारियों को तीन लाख रुपये का बीमा दुर्घटना दिया जा रहा है। दो लाख क्षतिपूर्ति बीमा। एक मुश्त 15 साल का पंजीकरण शुल्क लेकर आजीवन लाइसेंस दिया गया। व्यापार मंडल के अनुरोध पर ओबरा विस्तारीकरण के दौरान एक हजार व्यापारियों की सुधि ली गई। शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया। जिन दुकानों में कर्मी नहीं वहां का पंजीकरण श्रम विभाग से किया गया मुक्त। डेढ़ गुना शुल्क लेकर साप्ताहिक बंदी से मुक्त किए गए दुकानदार। जल्द ही व्यापारियों के दस लाख रुपये का बीमा किए जाने की उम्मीद। वहीं केंद्र सरकार ने व्यापारियों को दस लाख का बीमा प्रदान किया गया। 40 लाख से कम का कारोबार करने वाले व्यापारी को जीएसटी से मुक्त किया गया। कालाबाजारी से मुक्त कर गैस सिलेंडर को उनके तय स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। कम ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराए जाने समेत कई मामलों को धरातल पर लाया गया।

इस गणित पर करें गौर

- प्रदेश में पंजीकृत और गैर पंजीकृत करीब –50 लाख व्यापारी
- एक परिवार के 5 सदस्यों को साथ जोड़ा जाए तो प्रदेश में यह संख्या– 2.5 करोड़ कारोबारी
- लखनऊ क्षेत्र में व्यापारी – 50,000 व्यवसायी
- पांच सदस्यों को शामिल करने पर संख्या ढाई से 3,00,000 व्यापार
- प्रदेश में छोटे–बड़े बाजारों की संख्या 5,000

पोल खोलो अभियान के जरिए बता रहे हैं व्यापारियों को हकीकत: सपा

सरकार के काम बताते हैं। जिन मांगों पर काम हुआ उसे भी गिनाया। दस फीसद व्यापारियों को सीट दी गई है। प्रदेश की 80 सीट में से आठ पर व्यापारी ताल ठोंक रहा है। व्यापारी संदेश यात्रा निकाल कारोबारियों को सरकार से जोड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई मांगें पूरी की हैं। लंबित मांगों पर भी ध्यान दिया जाए। **–बनवारी लाल कंछल**, प्रांतीय अध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

व्यापारियों की पहली प्राथमिकता उनकी सुरक्षा है। जो दल उनको सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहा है व्यापारी समाज उसके साथ है। चुनाव का माहौल बनाने में भी समाज का बड़ा योगदान रहता है। दूसरे सीधे आमजन से जुड़ता है। कर्मचारियों की मिला लिया जाए तो और बड़ा वोट बैंक बन जाता है। कई मुद्दों पर व्यापारी सरकार के साथ है। **–संजय गुप्ता**, अध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल

यह सही है कि व्यापारियों को जोड़ने में भाजपा अन्य दलों से आगे है। सरकार के काम गिनाते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश ठप था तब व्यापारी खाना, राशन और दवाएं पहुंचा रहा था। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ठोस पहल की आवश्यकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए अफसरशाही पर अंकुश लगाना होगा।

–अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

व्यापारी सरकार के साथ हमेशा खड़ा रहता है। इस बार भी वह पीछे नहीं है। मतदान में आगे दिखेगा। डोर–टू–डोर व्यापारियों से जाकर मिला जा रहा है। लेकिन कोई तो उसकी समस्या सुने। सरकारों को व्यापारी वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान देना होगा। जीएसटीएन में तमाम दिक्कतें हैं। व्यापारी इससे उबर नहीं पा रहा है।

–संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

व्यापारियों के समक्ष रख रहे पक्ष, खोल रहे पोल

अमृत विचार : केन्द्र सरकार व्यापारियों के हित में नहीं है। नोटबंदी के दौरान सबसे अधिक उत्पीड़न व्यापारियों का हुआ है। इसी को लेकर सपा की व्यापार सभा इकाई प्रदेश के हर लोक सभा क्षेत्र में भाजपा की पोल खोलो अभियान चला रही है। इसमें कोरोना काल के दौरान व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है। बताया कि सपा धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से जुड़े मामले में व्यापारियों के पक्ष में नहीं हैं। महत्वपूर्ण योजनाओं में सपा सरकार ने व्यापारियों के लिए दस लाख रुपये निशुल्क बीमा योजना की स्कीम चलाई थी। सरकार ने पटरी दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

प्रदीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष, सपा व्यापार सभा

जिलों के दौरे ला रहे रंग

व्यापारियों को सपा के साथ लाने के लिए जनपद स्तरीय दौरे तय किए गए हैं। चुनावी फेज को देखते हुए चरणवार चुनावी जिलों की ओर रुख किया जा रहा है। व्यापारी नेता कारोबारियों को साथ लाने के लिए जिलों में निरंतर दौरे कर रहे हैं। सम्मेलन के बजाए व्यापारियों तक सीधे पहुंचने की कोशिश है। व्यापारियों के साथ सख्ती की जाती है।

पवन मनोचा, प्रवरिष्ठ व्यापारी नेता

इलेक्शन बायस्कोप

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। यह जनसभा में मौजूद भारी भीड़ देखकर गदगद मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में परिंदा भी पर न मारने की बात करने वाले देख लें, आज रामभक्तों को रेला उमड़ रहा। **–अमृत विचार**

कम सीटों के साथ कांग्रेस का बड़ा लक्ष्य

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- **कांग्रेस ने 2014 में जीती थीं केवल दो सीटें, 2009 से गिरता गया ग्राफ**

अमृत विचार: वर्तमान में चल रहे चुनावी समर में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। जहां कांग्रेस अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहीं है। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रदेश में 2019 में केवल रायबरेली सीट जीतने वाली कांग्रेस कैसे यूपी फतह कर पाएगी। सात में से तीन चरण का मतदान हो चुका है और चौथे चरण का मतदान आज सोमवार को है।

कांग्रेस इस बार अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रहीं है। सीटों की संख्या के लिहाज से छोटी नजर आ रही इस चुनावी जंग के लिए कांग्रेस ने बड़ा लक्ष्य तय करने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसे गठबंधन की बाकी पार्टियों से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। कांग्रेस की रणनीति है कि पार्टी भले ही कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हो लेकिन उनका गठबंधन सीटें ज्यादा जीते। पिछले चुनाव की बात करें तो यूपी में कांग्रेस अकेले लड़कर केवल एक रायबरेली सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने 1999 में 76 सीट पर चुनाव लड़ा था जिसमें उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और रिपब्लिकन पार्टी थीं। इसमें कांग्रेस को 10 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 14.72 था। लेकिन तब उत्तर प्रदेश में लोक सभा सीटें 85 थी। 2004 में 73 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ी थी और उसे महज 9 सीटों पर ही जीत मिली थी। यह चुनाव भी कांग्रेस ने रालोद के साथ गठबंधन में लड़ा था और उसे 12.4 प्रतिशत वोट मिला था।

2009 में कांग्रेस बिना गठबंधन के 80 सीट पर चुनाव लड़ी थी और उसे 21 सीट पर जीत मिली थी और वोट प्रतिशत 18.3 प्रतिशत था। इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव की अपेछा ज्यादा सीटें मिली थीं। वहीं सपा को 23, बसपा को 20 और बीजेपी को 10 सीटे मिली थी। 2014 के चुनाव ने पूरा समीकरण ही बदल दिया था। कांग्रेस 21 से सीधे दो सीट पर आ गई थी और वह भी उसकी परम्परागत सीट अमेठी और रायबरेली थीं। वहीं बीजेपी ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए 71 सीट पर जीत दर्ज की थी। सबसे बुरा हाल 2019 के चुनाव में कांग्रेस के साथ हुआ। राहुल गांधी अपनी परम्परागत सीट अमेठी भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए और केवल सोनिया गांधी रायबरेली से अपनी सीट बचा पाईं। इस बार अमेठी से कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उम्मीदवार है।

मतदाताओं ने रोचक बनाया मुकाबला

बहराइच सुरक्षित सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

भाजपा के आनंद व रमेश के बीच मुख्य मुकाबला

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार : बहराइच सुरक्षित सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा। लेकिन इस बार का चुनाव एक तरफा नहीं होगा। मतदाताओं की चुप्पी ने लड़ाई को और ही रोमांचक बना दिया है। अब मतदान और मतगणना के बाद ही प्रत्याशी के जीतने के बारे में पता चलेगा।

बहराइच सुरक्षित सीट पर इस समय भाजपा का कब्जा है। इससे पूर्व भी वर्तमान सांसद ने भाजपा सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन पुत्र डाक्टर आनंद कुमार गौड़ के टिकट मिलने के चलते वह हैट्रिक लगाने से चूक गए। समाजवादी पार्टी ने इस बार रमेश को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने प्रोफेसर बृजेश सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इस बार के चुनाव में जनता की चुप्पी से सभी प्रतयाशियों की मुश्किलों को बढ़ाने के साथ ही चुनाव को रोचक बना दिया है।

पार्टी के समर्थकों को छोड़ दिया जाए तो आम मतदाता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं की चुप्पी से भी भाजपा और सपा प्रत्याशी के मन में संशय है। हालांकि अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। सोमवार सुबह से बहराइच सुरक्षित सीट के लिए मतदान शुरू हो जाएगा।

आनंद कुमार गौड़



रमेश गौतम

बृजेश सोनकर

- **सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी मैदान में**

इसके बाद ही किसी भी प्रत्याशी के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है।

हालांकि चुनाव मैदान में सपा, बसपा और भाजपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के बाद शाम छह से सात बजे के बाद ही चुनाव के हवा का रुख पता चल जायेगा। मालूम हो कि अभी तक इस सीट से आरिफ मोहम्मद खान तीन बार, वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड और पदम सेन चौधरी ही दो दो बार चुनाव जीत चूक हैं। मनरेगा लहर में कांग्रेस प्रत्याशी कमांडो कमल किशोर भी चुनाव वर्ष 2009 में जीत चुके हैं।

बहराइच लोकसभा सीट पर मतदाता



डुमरियागंज: महिला प्रत्याशी नहीं जीत पाई चुनाव

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में आजादी के बाद से लेकर आज तक लोकसभा डुमरियागंज से कोई भी महिला दिल्ली की श्रेष्ठ पंचायत में नहीं पहुंची। यहां के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराई है किंतु अभी तक कोई भी महिला लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि लोकसभा डुमरियागंज से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा जैसी बड़ी नेता लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। मालूम हो कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र आज भी पिछड़ों में गिना जाता है और केंद्र सरकार की सूचि में जनपद आकांक्षा जनपद के रूप में प्रचलित है।

मोहसिना किदवई

सीमा मुस्तफा

- **मोहसिना किदवई और सीमा मुस्तफा लड़ चुकी हैं चुनाव**

विकास की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी है जनपद उद्योग विहीन जनपद है। भारत नेपाल सीमा पर होने के कारण यह जनपद विकास से काफी अछूता है। यहां महिलाओं की भागीदारी दिल्ली की पंचायत में ना के बराबर है जबकि सरकार महिला सशक्तिकरण पर काफी फोकस करती है। आजादी के बाद से लोकसभा डुमरियागंज में अभी तक महिलाओं ने अपनी किस्मत तो आजमाई किंतु चुनाव जीतने में काफी पीछे रही इस बार भी एक निर्दल महिला चुनावी समर में कूद कर अपनी किस्मत आजमा रही हैं लेकिन अभी देखा जाए तो इस चुनावी दौर में हो काफी पीछे दिखाई दे रही है।

चुनावी चक्कर

- **उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिजन शहनाई से करेंगे मोदी का स्वागत :**

शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। यह रोड शो देश के अन्य रोड शो से बिल्कुल जुदा होगा। नरेंद्र मोदी अपने रोड शो में शामिल होने के लिए काशीवासियों के घर–घर निमंत्रण भेज रहे हैं। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आ रहे हैं। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह के परिवार के सदस्य मदनपुरा के पास शहनाई वादन से नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम लोग पुष्प वर्षा करेंगे। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत करेंगे। रोड शो में देश के लगभग हर प्रांत के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुसार स्वागत करेंगे। रोड शो के दौरान मिनी इंडिया की झलक के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी देखने को मिलेगी। 11 बीट के अन्तर्गत 10 –10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इन प्वाइंट पर फूलों की बरसात की जाएगी। ढोल–नगाड़े बजाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। रोड शो में प्रधानमंत्री का अपनी माँ की पैर छूते हुए तस्वीर भी दिखाई देगी।

इस बार मोहनलालगंज में त्रिकोणीय मुकाबला

उमेश गुप्ता, निगोहां/ लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो रही हैं। प्रत्याशियों ने चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झोंक रखी है।

सांसद कौशल किशोर

आरके चौधरी

राजेश कुमार

बात करे मोहनलालगंज लोकसभा सीट की तो इस बार भी केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद कौशल किशोर तीसरी बार चुने जाने के लिये दिन-रात जुटे हैं वहीं इंडिया गठबंधन के सपा उम्मीदवार आर के चौधरी जो कि मोहनलालगंज विधानसभा से कई बार विधायक व बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं कि क्षेत्र की जनता से अच्छी पकड़ है। अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान ने पार्टी के कोर वोट के सहारे इस सीट के मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सासंद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से कुछ क्षेत्रों के मतदाता नाराज हैं ,जनता की मांग के बाद भी अब तक मोहनलालगंज व निगोहां रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण केन्द्र, समेत मोहनलालगंज मऊ रोड पर रेलवे क्रासिंग पर आये दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु ओवरब्रिज का निर्माण ना कराये जाने व नहरों में पानी का न आना है। यहां के मतदाताओं की नाराजगी का प्रमुख कारण हैं। लेकिन वहीं मोदी और योगी का चेहरा इनके लिए फायदेमंद साबित हो रहा है और ये जनता से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए खुद को जिताने की अपील कर रहे हैं।

दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी यहां अपनी बिरादरी समेत यादव व मुस्लिम वोटों से अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं। आरके चौधरी बसपा की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मोहनलाल गंज सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत अपना चुके हैं। जहां उन्हे हार का सामना करना पड़ा है , इस बार ये भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देते आ रहे हैं। यह सीट 1962 से ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, इसके बाद भी बसपा यहां से कभी नहीं जीती। इस बार वैतरणी पार करने के लिए बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान पर दांव लगाया है, जातीय समीकरण देखें तो यहां सबसे अधिक 34.14 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की है। बसपा इन्हें अपना कैडर वोट समझती हैं, बसपा प्रत्याशी इसी को जीत का अधार मान कर इन मतदाताओं में अपनी पकड़ बनाने में जुट हैं।

11 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

वहीं लखनऊ से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा सपा ने आरके चौधरी, बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, राष्ट्रीय समाज पार्टी से बृजेश कुमार विक्रम को टिकट मिला है। साथ ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेट पार्टी से एसएल सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी इंडिया से सुनीता छेदा पासी को टिकट मिला है। जबकि सुशील कुमार रावत, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार और महेंद्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक रहे हैं। इस तरह मोहनलालगंज सीट से 11 कैंडिडेट ताल ठोक रहे हैं।

विस की सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा

मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंदर विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, पांचों सीट पर भाजपा का कब्जा है, इस लोकसभा सीट के अंतर्गत मलीहाबाद, बख्शी का तालाब , सरोजिनी नगर और मोहनलालगंज और सीतापुर जिले की सिधौली सीट आती है।

2019 में किसको मिले कितने मत



अपनी ढपली अपना राग

चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए, दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। **– स्मृति ईरानी**

छोटे व्यवसायी, महिलाएं परेशान हैं। 10 वर्षों में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, आपको चैनलों पर सारी अच्छी चीजें दिखाई जाती हैं। **– प्रियंका गांधी**

सरकार की नीयत और नीति दोनों में खोट है। वह भेदभाव की राजनीति करते हैं। समाज में भेद लगाकर वोट हथियाना चाहते है। **– डिंपल यादव**

पिछड़ा, मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर न लें। शिक्षा, सदन, कमाई, पढ़ाई में हमारी हिस्सेदारी जाति के आधार पर होनी चाहिए। **– पल्लवी पटेल**

फर्जी पते पर शस्त्र लाइसेंस लेने पर सपा नेता को भेजा गया जेल

गजरौला पुलिस ने पूर्व प्रदेश सचिव पर दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

अमृत विचार : सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेख बनाकर दो शस्त्र लाइसेंस बनवाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

गजरौला थाने में दर्ज कराई एफआईआर में दरोगा मोहम्मद आरिफ ने बताया कि दस मई को कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने एक बीट सूचना अंकित कराई थी। जांच की गई तो सामने आया कि ग्राम पौरखास निवासी सतनाम सिंह वर्तमान में सदर कोतवाली के एकता नगर कॉलोनी में रहता है। उसके पास दो शस्त्र लाइसेंस हैं। एक लाइसेंस डीबीबीएल गन 12 बोर और दूसरी रिवाल्वर/पिस्टल 32 बोर का है। दोनों शस्त्र लाइसेंस वर्ष 2007 में शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ क्षेत्र के ग्राम प्रसादपुर के पते पर लिए गए थे। 2018 में सतनाम सिंह की ओर से प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र डीएम को प्रेषित कर दोनों लाइसेंस में अपना पता एकता नगर कॉलोनी दर्ज कराया गया। पते पर शाहजहांपुर के ग्राम प्रसादपुर में ग्रामीणों से जानकारी की गई तो पता चला कि प्रसादपुर में सतनाम सिंह नाम का कोई व्यक्ति कभी नहीं रहा।

सतनाम पर दर्ज मुकदमों का भी किया जिक्र

दर्ज की गई एफआईआर में गजरौला पुलिस ने आरोपी सपा नेता सतनाम सिंह सत्ता के आपराधिक इतिहास का भी हवाला दिया है। जिसमें समस्त मुकदमें के क्राइम नंबर और धाराओं के आधार पर पूरा विवरण स्पष्ट किया गया है। इनमें जानलेवा हमला, धोखाधड़ी, घर में घुसकर हमला करने आदि धाराओं के मुकदमे हैं।

सपा ने मिर्जापुर से भाजपा सांसद रमेश बिंद को बनाया उम्मीदवार

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश ने मिर्जापुर सीट पर भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा का उम्मीदवार बनाया है। रमेश बिंद भदोही से सांसद हैं। मिर्जापुर में पहले सपा ने राजेंद्र बिंद को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए अखिलेश ने टिकट बदल दिया। यहां रमेश बिंद के सामने एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा रॉबर्ट्सगंज से छोटेलाल खरवार को सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। साल 2014 में भाजपा के टिकट पर जीते छोटेलाल ने 15 दिन पहले ही सपा का दामन थामा है। उनका रॉबर्ट्सगंज सीट पर मुकाबला वर्तमान सांसद पकौड़ी लाल की बहू रिंकी कोल से होगा। मिर्जापुर उप्र. की दूसरी सीट होगी जहां दो मौजूदा सांसदों के बीच मुकाबला है।

ट्रक ने दो ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, तीन की मौत की पुष्टि

संवाददाता, संभल/सौंधन

हादसा

- संभल जनपद के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात हुआ हादसा
- अंतिम संस्कार से लौट रहे थे ग्रामीणों,आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत का अंदेशा

अमृत विचार: जनपद संभल के राजपुर थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक में अंतिम संस्कार से लौट रहे ग्रामीणों के दो ट्रैक्टर ट्रालियों को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के मरने की आशंका है जबकि दो दर्जन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं।

केला देवी अनुच्छेद के लधनपुर गांव निवासी वीर सिंह के पिता की मृत्यु हुई तो उनके अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण दो ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर अनूप शहर गंगा घाट गए थे। रविवार रात 11 बजे के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दीपपुर डांडा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को बुरी तरह से रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दो दर्जन गंभीर घायलों राजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है । स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि जो लोग अस्पताल ले गए हैं उनमें से तीन मृत अवस्था में हैं। कहा जा रहा है इस हादसे में मृतकों की संख्या आधा दर्जन से ज्यादा हो सकती है। पुलिस प्रशासनिक अमला राहत व बचाव के कार्य में जुटा है।

सार-संक्षेप

गला घोंटकर की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रामपुर/धमोरा, अमृत विचार : घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम फैजनगर निवासी संजीव कुमार के अनुसार उसने अपनी बहन मंजू (35) की शादी करीब 17 साल पहले शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मेघा नगला निवासी रोहन सिंह से की थी। आरोप है कि रोहन सिंह आए दिन मंजू के साथ मारपीट करता था। वह जब भी मायके आती थी तो अपनी मां बृजेश कुमारी तथा चाचा महेशपाल से आपबीती बताती थी। उसका घर न बिगड़े इसके चलते उसे समझा-बुझाकर ससुराल घर भेज देते थे। रविवार को करीब 11 बजे रोहन सिंह ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए। इस बीच पुलिस भी आ गई।

चालक ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में चालक ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया। आरोप है कि चालक ने शादी का झांसा देकर महिला का उसके पति से तलाक करा दिया और बाद में महिला के साथ शादी करने से मना कर दिया। नखासा थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि चार माह पहले कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी ट्रक चालक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। जिसके चलते चालक ट्रक में बैठाकर महिला को घुमाने भी लेकर जाने लगा। आरोप है कि चालक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर महिला का उसके पति से तलाक करा दिया। पति को तलाक देने के बाद फरवरी माह में महिला चालक के घर पहुंची। शादी की बात की तो चालक ने मारपीट कर महिला को घर से भगा दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो एक सप्ताह बाद चालक ने महिला से समझौता कर लिया। 12 अप्रैल को चालक ने घर पहुंचकर महिला के साथ फिर से शादी का प्रस्ताव रखा। शादी से मना किया तो चालक ने धमकी देते हुए महिला के साथ दुष्कर्म किया।

एंबुलेंस पलटने से घायल महिला के हाथ-पैर टूटे

दातागंज। अपने बेटे के साथ बदायूं शहर से अपने गांव जा रही महिला को कांसपुर मार्ग पर बाइक से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन महिला को जिला अस्पताल न ले जाकर प्राइवेट एंबुलेंस से बरेली ले जा रहे थे, लेकिन गांव बौरा के पास एंबुलेंस पलट गई। पहले से घायल महिला का हाथ व पैर टूट गया। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरिया खन्नू निवासी मुन्नी देवी (60) पत्नी शिव पाल अपने बेटे दिनेश सिंह के साथ रविवार दोपहर लगभग 12 बजे बाइक से वापस अपने गांव आ रही थीं। कांसपुर के पास बाइक पर महिला को झपकी आ गई। वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। महिला को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों जिला अस्पताल रेफर किया। बेटे की सूचना पर अन्य परिजन सीएचसी पर पहुंच गए। परिजन महिला को बदायूं न ले जाकर निजी एंबुलेंस से बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। महिला का एक हाथ और पैर टूट गया। दूसरा वाहन मंगलवाकर महिला को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शोरूम खुलवाने के नाम लाखों की धोखाधड़ी

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी देवेश ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उससे व उसके पिता से उनकी संपत्ति किराए पर उठवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने संपर्क किया था। आरोपी ने कपड़ों का शोरूम खुलवाने के लिए हामी भरी थी। उसने अपना हिस्सा भी तय कर लिया था। विश्वास में आकर आरोपी को सात लाख रुपये छह दिसंबर 23 को ट्रांसफर कर दिए थे। आरोपी बराबर यह कहता रहा कि काम शुरु हो जाएगा। रुपये लेते समय उसने कहा था कि एग्रीमेंट कराने की क्या जरूरत है। पीड़ित ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

दो किशोरियों को बहलाकर ले गए युवक, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहापुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि छह मई को दिन में तीन बजे उसकी 16 वर्षीया पुत्री घर से निकली थी। वह शाम तक घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। दूसरे दिन जानकारी हुई कि गांव का प्रेम उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। घर में रखे पचास हजार रुपये तथा सोने के कुंडल, चेन व पायल ले गई है। दो दिन बाद उसके फोन पर आरोपी ने कॉल की तो बताया कि दोनों लोगों ने शादी कर ली है। उसकी पुत्री को भगाने में अन्य लोगों का सहयोग है। पुलिस ने प्रेम, धर्म सिंह, ओमपाल, नेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। वहीं, कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि पांच मई को दिन में 11 बजे वह अपनी पुत्री के घर पर गयी थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री थी। कासगंज का कुशल उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया। उसकी बेटी को अगवा कराने में आरोपी के परिवार वालों का हाथ है। उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी की घटना हो सकती है। पुलिस ने आरोपी कुशल, जयवीर, बेबी, अरविंद, राधा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

सोनिया ने सांसद निधि का सर्वाधिक भाग अल्पसंख्यकों पर खर्च किया

संवाददाता, रायबरेली

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले हम ऐटमबंम से नहीं डरते



अमृत विचार : कांग्रेस की नीति व नीयत हमेशा ही समझ से परे रही हैं। राष्ट्रवाद पर तो उनके नेता उलूल-जुलूल बयान देने से बाज ही नहीं आते। अन्यथा कांग्रेस के नेता कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के पास भी एटम बम होने की धमकी भला क्यों देते हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का बयान उनकी ओछी मानसिकता बताने को काफी है। लेकिन, ऐसे लोग जान लें कि हम एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है और रहेगा। उक्त बातें गृहमंत्री अमित शाह ने कहीं।

जीआइसी मैदान पर रविवार को चुनावी सभा में अमित शाह कांग्रेस पर हमलावर दिखे, खास तौर पर गांधी परिवार पर। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने अपने सांसद निधि का 70 प्रतिशत हिस्सा अल्पसंख्यकों पर खर्च किया। शाह बोले कि प्रियंका कहती हैं कि मैं अपने परिवार से वोट मांगने आई हूं। आखिर, पांच साल तक रायबरेली राहुल या प्रियंका कितनी बार आए हैं। रायबरेली में अनेक दुर्घटना हुई। एनटीपीसी में ब्वॉयलर फटा, बछरावां में ट्रेन दुर्घटना हुई, गरीब महिलाएं जलकर मरी, गांधी परिवार का कोई आया क्या? शाह ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कहते हैं यूपी व राजस्थान को कश्मीर से क्या लेना देना।

पति से विवाद के बाद सास को पीटा घर में की तोड़फोड़

उसहैत, अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड चार निवासी मुन्नी पत्नी अबरार ने बताया कि वह, उनका बेटा नफीस व पुत्रवधु चांदनी एक ही मकान में रहते हैं। चार दिन पहले नफीस और चांदनी शादी समारोह में गए हुए थे। वहां दोनों में कहासुनी हो गई। अगले दिन नफीस मजदूरी करने चला गया। पुत्रवधू मायके चली गई थी। रविवार सुबह वह घर पर अकेली थीं। इसी दौरान उनकी पुत्रवधू अपने पिता भूरे, चाची फिरोज बानो, चाचा नौशे के साथ घर पर आ गईं। पुत्रवधू चांदनी ने बाल पकड़कर उन्हें मारापीटा और घरेलू सामान तोड़ दिया।

सोने की तस्करी में टांडा के चार युवक मुंबई एयरपोर्ट पर किए गए गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा

तेजी से फल-फूल रहा है सिगरेट का धंधा

टांडा में सोना तस्करी के बाद सिगरेट का धंधा भी खूब फल-फूल रहा है। विदेशों से टैक्स चोरी करके सिगरेट लाई जाती हैं। इन्हें दिल्ली में बेच दिया जाता है। सूत्रों का कहना है कि सोने की तस्करी के अलावा नगर के लोग मणिपुर की राजधानी से टैक्स की चोरी करके सिगरेट लाने का धंधा भी कर रहे हैं।

अमृत विचार : सोना तस्करी के मामले में मुंबई हवाई अड्डे पर टांडा के चार युवकों को पकड़ लिया गया। टांडा के तस्कर दुबई से सोना पेट में छिपाकर लाए थे।

चेकिंग के दौरान कस्टम अधिकारियों के हत्थे चढ़ गए। इससे टांडा में अफरा-तफरी मच गई। नगर के कई लोगों के पुलिस के हत्थे चढ़ने और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश देने के बावजूद खाड़ी देशों से सोना तस्करी का धंधा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के तमाम लोग जल्दी मालदार होने के लिए सोने की तस्करी का धंधा रहे हैं। बताया जाता है सोने की तस्करी से जुडे कुछ बड़े लोगों ने ग्रुप बना लिया है। वह मजदूर वर्ग के लोगों को अपने खर्च पर उमराह करने के बहाने सऊदी अरब भेजते हैं। उधर से उनसे पेट में या अन्य तरीके सोने की तस्करी कराते हैं। देखते ही देखते इस धंधे में नगर के कई दर्जन युवा शामिल हो गए। एक अप्रैल को नगर के तीन दर्जन लोग लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़े गए थे। यह लोग पेट में छुपाकर खाड़ी देशों से सोना तस्करी करके लाए थे। इनमें से 29 लोग कस्टम अधिकारियों की कस्टडी से फरार हो गए थे। इसके अलावा 28 अप्रैल की रात बरेली के मीरगंज क्षेत्र में तस्करों एक किलो से अधिक सोना लूट लिया था।

भाजपा सरकार में बेटियां लगाती हैं गुहार, मिलती है सजाः कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय कोआर्डीनेटर गरिमा मेहरा व अन्य।

अमृत विचार: कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षा की गुहार लगाती हैं, पर उन्हें सुरक्षा के बजाय सजा मिल रही है। पार्टी की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम व प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने संयुक्त तौर पर कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 64.4 प्रतिशत हो गई है, जो 2014 में 54 प्रतिशत थी।

पार्टी नेता रविवार को मातृत्व दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। नेताओं ने कहा कि मां परिवार की धुरी है। मातृशक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना अधूरी है। मोदी-योगी सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं प्रताड़ित हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2014 में महिलाओं के खिलाफ प्रति वर्ष 3,37,922 अपराध होते थे जो बढ़कर 4,45,256 हो गये हैं। देश में रोज 1219 महिलाएं अपराधियों का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाथरस से हासन तक, मणिपुर से उन्नाव तक, पौड़ी गढ़वाल से सोनभद्र तक, कैसरगंज से वाराणसी तक भाजपाई सत्ता की सरपरस्ती में बलात्कारियों के साथ हैं। महिलाएं भाजपा सरकर में हर तरह से प्रताड़ित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कैसरगंज से भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती पहलवान बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप तय कर दिये गये हैं, पर भाजपा ने उनके पुत्र को प्रत्याशी बनाकर महिला पहलवानों का अपमान किया है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

उत्तराखंड

नैनीताल में उमड़े सैलानी पार्किंग फुल, लगा जाम

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी में रविवार को सैलानी उमड़ पड़े। रविवार की छुट्टी और मदर्स-डे एक साथ होने पर आसपास के क्षेत्रों के लोग भी सरोवर नगरी के मौसम का आनंद लेने पहुंच गए। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक दिखी। वहीं शहर में भीड़ अधिक होने पर जाम लग गया। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

महानगरों की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को सरोवर नगरी नैनीताल में भारी संख्या में सैलानियों की पहुंचने से जहां एक ओर पर्यटन पर आधारित होटल, नाव चालक, गाइड व टैक्सी चालक, फड़ कारोबारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिली तो वहीं नगर की सभी पार्किंग फुल होने के चलते तल्लीताल से मल्लीताल मस्जिद चौराहे तक दिनभर गाड़ियों का जाम लगा रहा, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को सुबह से ही नगर में गुनगुनी धूप के बीच सैलानियों ने विश्वविख्यात नैनीझील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। सरियाताल, केप गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू आदि पर्यटन क्षेत्रों से नगर की नैसर्गिक सुंदरता व हिमायल दर्शन क्षेत्र से त्रिशूल पर्वत, नंदा देवी, पंचाचूली के विहंगम दृश्यों को अपने कैमरों में कैद किया।

मदद के बहाने एटीएम कार्ड से उड़ाए 30 हजार

रामनगर, अमृत विचार : नगर के लखनपुर निवासी एक महिला को युवकों से मदद मांगना भारी पड़ गया। शातिर युवकों ने महिला का एटीएम कार्ड बदकर उसके खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज देखकर उसे अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। बताया गया है कि लखनपुर में रहने वाली योगिता शनिवार शाम बाजार आई। पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में वह पैसा निकालने गई। पैसा न निकलने पर वहां खड़े दो युवकों से उसने मदद मांगी। मदद करने के बहाने युवकों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा थमा दिया। कुछ देर बाद योगिता के मोबाइल फोन पर 30 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया, तो उसके होश उड़ गए।

बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह छह बजे पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। बदरीनाथ कपाट खुलने के मौके पर पहले दिन विशेष पूजा अर्चना की गई।

बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाडों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ में अखंड ज्योति एवं भगवान श्री बद्रीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया।

वहीं, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) रविवार को बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना की। इसके बाद राज्यपाल ने कपाट बदरीनाथ पहुंचकर भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए।

देहरादून पुलिस ने पकड़ा अंतर्राज्यीय टप्पेबाज गिरोह

ब्यूरो, देहरादून

- चार धाम यात्रा, कावड़ मेला व पर्वों पर गिरोह होता है सक्रिय
- पकड़े गए सभी 10 सदस्य उप्र के गोंडा जिले के रहने वाले

अमृत विचार : देहरादून पुलिस ने गंगा घाटों व धार्मिक यात्राओं समेत अन्य पर्वों पर श्रद्धालुओं का सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी उप्र के गोंडा जिले के रहने वाले हैं। बड़े धार्मिक पर्वों पर गिरोह के सदस्य चारों तरफ फैल जाते हैं और श्रद्धालुओं को झांसा देकर उनके सामान उड़ा लेते हैं।

चारधाम यात्रा के मद्देनजर पुलिस ऋषिकेश व अन्य धार्मिक स्थलों पर टप्पेबाजों के सक्रिय होने की सूचना को लेकर पुलिस सतर्क थी। इसके बाद भी बीते दिवस ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर अमित कुमार व त्रिवेणी घाट शिव मूर्ति के पास अंकुर बिश्नोई के साथ घटना हो गई। अमित स्नान कर आया तो उसकी जींस में से सात हजार रुपये, आधार कार्ड व मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इसी तरह अंकुर का पिट्ठू बैग चोरी हो गया। उसमें कपड़े, मोबाइल फोन, छह हजार रुपये, आधार कार्ड व हाथ घड़ी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए टीमें गठित कर टप्पेबाजों की धरपकड़ के निर्देश दिए। जांच शुरू हुई तो पता लगा कि टप्पेबाजों का पूरा गिरोह सक्रिय है। इधर, रविवार को पुलिस ने नाव घाट और रेलवे रोड गुरुद्वारा के पास एक साथ दबिश देकर दस लोगों वाले पूरे गिरोह को दबोच लिया। उनके पास से हाल में की गई चोरी की घटनाओं का सामान, कपड़े, 13 हजार रुपये व मोबाइल फोन आदि बरामद हो गए। गिरोह उप्र के गोंडा जिले का है। पकड़े गए आरोपियों में मोतीगंज थाना क्षेत्र का लालचंद, राम शंकर, घनश्याम, कैलाश नाथ, सत्रोहन व मनकापुर थाना क्षेत्र का राजेंद्र प्रसाद, रघुलाल, श्रवण कुमार धानेपुर थानाक्षेत्र का रामचंद्र और मानपुर थाना क्षेत्र का कोल्ही पुत्र राम ब्रिज हैं। पुलिस के मुताबिक ये लोग देश के अलग-अलग स्थानों पर धार्मिक यात्राओं के शुरू होने पर गिरोह बनाकर पहुंच जाते हैं। जहां ये धर्मशालाओं या अन्य आसपास जगहों पर कमरे किराए पर लेकर रहते हैं। ये घाटों तथा भीड़- भाड़ वाले स्थानों पर घूमते रहते हैं तथा स्नान करने अथवा दर्शन करने वाले यात्रियों/श्रद्धालुओं का ध्यान भटका कर उनका कीमती सामान चुरा लेते हैं।

रुद्रपुर में पुलिस ने चरस के सौदागर को पकड़ा

रुद्रपुर, अमृत विचार: एएनटीएफ और रंपुरा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक चरस तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 1.10 किलोग्राम चरस की खेप बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रविवार को चरस कांड का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल और कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 11 मई को एएनटीएफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में चरस की सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर तत्काल एएनटीएफ प्रभारी कौशल भाकुनी और रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। संयुक्त टीम ने रामपुर हाईवे स्थित प्रीत विहार कॉलोनी को जाने वाले मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शंकर सिंह मेहरा निवासी अमोड़ी जिला चंपावत बताया।

मणिपुर में शांति बहाली की रामलला से प्रार्थना

अयोध्या, अमृत विचार : मणिपुर की राज्यपाल अनसुइया रविवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने सायंकालीन सरयू मां की आरती भी की। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार अयोध्या आई हूं। मेरी बहुत इच्छा थी कि मैं एक बार अयोध्या जरूर जाऊं और भगवान राम के साक्षात दर्शन करूं। आज मुझे यह सौभाग्य मिल ही गया। मैं रामलला से यही प्रार्थना करती हूं कि देश में सुख शांति व सद्भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अब काफी शांति हुई है। रामलला से प्रार्थना करती हूं कि मणिपुर में फिर से भाईचारा स्थापित हो और प्रदेश विकास की ओर आगे बढ़े। मणिपुर और पूरा नॉर्थ ईस्ट बहुत खूबसूरत है।

29 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले, सपा के रविदास पर सबसे ज्यादा 18 मुकदमें

5वें चरण में 53 प्रत्याशी करोड़पति, भाजपा के अनुराग सबसे अमीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांचवे चरण में 14 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

अमृत विचार : पांचवें चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, इनमें झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा सबसे ज्यादा अमीर हैं, उनके पास लगभग 2,012 करोड़ की संपत्ति है। वहीं आपराधिक मामलों की बात करें तो 29 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं, सबसे ज्यादा लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा पर डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

अनुराग शर्मा।

उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में हैं और टिकट देने में सभी बड़ी पार्टियों ने धनबलियों को ही तवज्जो दी है। भाजपा के 13 उम्मीदवार करोड़पतियों में भाजपा के कैसरगंज प्रत्याशी करण भूषण सिंह 49 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर है। गोंडा के भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह के पास लगभग 37 करोड हैं। इसके अलावा सपा के सभी 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति चार करोड़ की है। वहीं बसपा के 14 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसतन संपत्ति पांच करोड़ है, कांग्रेस के भी सभी चार प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति लगभग नौ करोड़ है।

असाक्षर भी लड़ रहे चुनाव : आधुनिक युग में पांचवे चरण में दो उम्मीदवार असाक्षर हैं और तीन प्रत्याशी केवल साक्षर है। इसके अलावा आधा दर्जन प्रत्याशी डिप्लोमा धारक हैं। पांचवी से 12 वीं के बीच तक पढ़ाई करने वाले 44 प्रत्याशी हैं, वहीं 89 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा की हैं।

13 महिलाएं लड़ रहीं चुनाव : पांचवे चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बाँदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा। इन 14 सीटों पर 144 प्रत्याशियों में मात्र 13 महिला चुनाव लड़ रही है।

29 प्रत्याशियों पर अपराधिक मुकदमें

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पांचवें चरण में 29 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के 50 फीसदी यानि पांच प्रत्याशियों पर मुकदमें दर्ज हैं, वहीं बसपा के भी पांच प्रत्याशियों पर दर्ज हैं। भाजपा और कांग्रेस के चार-चार प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अपना दल (कमेरावादी) के एक उम्मीदवार पर दर्ज हैं। आपराधिक मामलों में रविदास के बाद दूसरे नम्बर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन आदित्य हैं, आधा दर्जन मामले दर्ज हैं, वही तीसरे नंबर पर कैसरगंज सीट पर सपा के भगत राम है।

20 हजार रुपये लेकर लड़ रहे लोकसभा चुनाव

एडीआर के राज्य संयोजक ने बताया कि सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में हमीरपुर से अल हिन्द पार्टी के धर्मराज हैं, इनके पास कुल 20 हज़ार रुपये हैं। दूसरे नंबर पर इसी पार्टी के 22 हजार की संपत्ति के स्वामी दीपक कुमार वर्मा है। तीसरे नंबर पर फैजाबाद से भारत महापरिवार पार्टी से चुनाव लड़ने वाले अम्बरीश देव गुप्ता ने 32 हज़ार रूपए बताई हैं।

2.47 करोड़, 47 हजार 27 मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों का भविष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चौथे चरण में 2.47 करोड़, 47 हजार 27 मतदाता प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे। इनमें एक करोड़ 31 लाख 82 हजार 341 पुरुष, एक करोड़ 15 लाख 63 हजार 739 महिला व 947 थर्ड जेंडर शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में तीन लाख 73 हजार 751 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 263 पुरुष, एक लाख 73 हजार 436 महिला मतदाता व 52 थर्ड जेंडर हैं।

इस चरण कुल 130 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें 16 महिला व 114 पुरुष प्रत्याशी हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदाता मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत प्रदेश स्तर पर 1800-180-1950 व जिले स्तर पर 1950 टॉल-फ्री नम्बर पर कॉल करके दर्ज करायी जा सकती है। इस चरण के चुनाव में कुल 26,588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं, जिनमें से 4,715 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक व 17 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं।

सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव में

इस चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता उन्नाव लोकसभा सीट व सबसे कम मतदाता कानपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी इटावा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

जाली दस्तावेज पर मदरसों में नियुक्ति के मामले में की गई पहली गिरफ्तारी

पुलिस ने बलरामपुर से बहराइच के फय्याज को पकड़ा, ठगी व गबन का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मदरसा फर्जी नियुक्ति के मामले में हजरतगंज पुलिस ने रविवार को बलरामपुर से पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी फय्याज अहमद मिस्बाही ने जाली दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की थी। इस मामले में पिछले साल अगस्त माह में मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में प्रबंधक, शिक्षक, क्लर्क नामजद आरोपी है। पुलिस की जांच में कुछ और नाम सामने आए हैं। जिनकी कुंडली खंगाली जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी फय्याज बहराइच के कटरा बाजार थानाक्षेत्र स्थित मिसरौलया का रहने वाला है। आरोपी ने जाली शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के आधार पर मदरसा अहने सुन्नत नुरुल उलूम अनीकिन्या, महाराजगंज तराई, जनपद बलरामपुर में शिक्षक की नौकरी हासिल की। उसके दस्तावेजों को मदरसा के प्रबंधक सुबराती, प्रधानाचार्य और लिपिक अब्दुल कदीर की सांठगांठ से तैयार कराया था। उसका वेतन भी मदरसा बोर्ड से पास करा लिया। फय्याज ने अपने अलावा कई लोगों को फर्जी तरीके से नौकरी दिलाई। फय्याज ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य और लिपिक की मदद से शहादत अली की नियुक्ति पत्रावली व वेतन बिल तैयार किया। मदरसा बोर्ड के बाबू श्रवण के पास शहादत अली और अहमद रजा की नियुक्ति से संबंधित पत्रावलियां पाई गई। इसे बोर्ड से अनुमोदित कराने के लिए फय्याज ने श्रवण की मिली भगत से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब करा दिए। फय्याज पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी धन के गबन और ठगी का आरोप है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में कई साक्ष्य मिले हैं।

- रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका ने पिछले साल अगस्त में रिपोर्ट लिखाई थी

प्रॉपर्टी और नया मदरसा खोलने में करते है रकम का प्रयोग : पुलिस के मुताबिक मदरसा फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह काफी बड़ा है। इसमें कई बड़े अधिकारी और नेता भी शामिल है। इनकी कुंडली भी पुलिस खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में सामने आया कि मदरसों में फर्जी नियुक्ति कराने वाला गिरोह वसूली की रकम का प्रयोग दूसरे कारोबार में करता है। वसूली की रकम को गिरोह के ज्यादातर सदस्य प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त और नये मदरसे खोलने में करते है। वहीं जिनकी नियुक्ति नहीं हो पाती और वह रकम वापसी का दबाव बनाते हैं। उनको गिरोह के सदस्य किस्तों में रुपये वापस करते हैं। उनसे समझौता पत्र भी लिखवाते हैं। ताकि बाद में कोई विवाद न खड़ा हो।

नियुक्ति के नाम पर करोड़ों का किया बंदरबांट

पुलिस के मुताबिक फर्जी नियुक्तियों के नाम पर ठगी करने का गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है। इस गिरोह का नेटवर्क लखनऊ से लेकर बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, वाराणसी और आजमगढ़ तक फैला है। इसी गिरोह में आरोपी फय्याज अहमद मिस्बाही मदरसों में फर्जी नियुक्ति कराने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। इसके माध्यम से कई शिक्षकों ने मदरसे में नियुक्ति पाई है। इसके बदले करोड़ों रुपये वसूले गए। इसका बंदरबांट प्रबंधक, प्रधानाचार्य से लेकर बिचौलिये और बोर्ड के बाबू व अधिकारियों के बीच हुआ। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े हर एक व्यक्ति की कुंडली खंगाल रही है।

छह मंदिरों का होगा निर्माण, परकोटे का काम भी लगभग पूरा

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर के परकोटे के अंदर निर्माणाधीन छह मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी-देवताओं की मूर्तियों के निर्माण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मूर्तिकारों से संपर्क कर रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक परकोटे में लगने वाली भी सभी मूर्तियां अद्भुत होंगी और एक निश्वित मानक में तैयार होंगी।

दिसम्बर 2024 तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। मंदिर के परकोटे का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका होगा। परकोटा मंदिरके चारों ओर की परिधि में लगभग 800 मीटर लंबा है, जिसके चारों कोने और उत्तर में एक व दक्षिण दिशा में एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें हनुमान जी, भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान सूर्य, मां दुर्गा और माता अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। जिसके लिए ट्रस्ट पत्थरों पर मूर्तियों को तराशी को लेकर मंथन कर रहा है। बीते वर्ष अगस्त माह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में मूर्तिकारों से संपर्क करने के लिए रवाना हुआ था।

एक ठगी के रुपये 20 खातों में करते हैं ट्रांसफर

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

- साइबर जालसाज रकम को छह बार इधर से उधर करते हैं

अमृत विचार : साइबर जालसाज पांच लाख से अधिक की रकम ठगने के बाद 20 खातों में ट्रांसफर करते हैं। यह रकम छह बार में ट्रांसफर की जाती है। ताकि जालसाजों को निकालने में आसानी होती है। वहीं, इनके गिरोह का नेटवर्क भी चार स्तरीय होता है। सभी के लिए अलग-अलग शुल्क तय किया जाता है। उनको हिस्सा ईमानदारी से दे दिया जाता है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम बृजेश यादव ने बताया कि कई बड़े मामलों की जांच में पता चला कि साइबर जालसाजों का नेटवर्क चार स्तरीय होता है।

पहला स्तर प्री-एक्टिवेटेड सिम मुहैया कराने वाले का होता है। वह बल्क (थोक) में इस तरह के सिम उपलब्ध कराता है। इसके बाद बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले सदस्यों का काम शुरू होता है। यह फर्जी दस्तावेज के आधार पर खाते खुलवाकर उपलब्ध कराते हैं। इसके बाद कॉलर का काम शुरू होता है, जो नंबर पर कॉल कर लोगों को अपने जाल में फंसाता है। खातों में रकम पड़ने के बाद उसे ठिकाने लगाने वाले सदस्यों का काम सबसे आखिर में आता है। ये सदस्य रुपये बैंक जाकर या एटीएम कार्ड से निकालकर तय ठिकाने पर पहुंचाते हैं।

साइबर एक्सपर्ट के मुताबिक पांच लाख से अधिक की रकम ठिकाने लगाने में जालसाज काफी सतर्कता बरतते हैं। पहले ठगी की रकम को चार से छह खातों में मंगाते हैं। सभी खातों से एक-एक बार में 50-50 हजार की रकम निकालते हैं। इसके बाद उपलब्ध खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करते हैं। एक बार में पांच से छह खातों में रकम भेजी जाती है। उन खातों से छह-आठ अन्य खातों में रकम ट्रांसफर की जाती है। पहले खाते से अंतिम खाते तक पहुंचने तक रकम ट्रांसफर होती रहती है। अंतिम खाताधारक को सारी रकम निकालने के बाद अपना सिम तोड़ना होता है।

कई राज्यों के खातों का करते हैं प्रयोग

साइबर जालसाज ठगी की रकम मंगाने के लिए सैकड़ों खातों का प्रयोग करते हैं। सतर्कता बरतते हुए काम करते हैं। साइबर क्राइम थाने में दर्ज एफआईआर की जांच के दौरान सामने आया कि जालसाज यूपी, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, प. बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, केरला, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, जम्मू, हरियाणा, पंजाब, हैदराबाद, बंग्लूरू में खाते खुलवाते हैं।

7वें चरण में सातवें आसमान पर होगा जनता का गुस्सा: अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर है। अगर जान और संविधान दोनों बचाना है तो हर हाल में भाजपा का सफाया करना होगा। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अखिलेश ने कहा जैसे-जैसे चरणों का चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे जनता का भाजपा के खिलाफ गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई पड़ेगा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर हमलावर होते हुए उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव रविवार को बाराबंकी मौरंग मंडी मैदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है। चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। लखनऊ का इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने बाराबंकी के लोकसभा चुनाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तो भाजपा को पहले ही अपना इंजन बदलना पड़ा। उनका इशारा भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की बजाय राजरानी रावत को टिकट देने को लेकर था।

वसीयत के पंजीकरण की अनिवार्यता खत्म

विधि संवाददाता,, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने कहा-प्रावधान मनमाना और अमानवीय

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश द्वारा प्रदेश में वसीयत के पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए अगस्त 2004 के संशोधित कानून और उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 169 की उपधारा 3 को रद कर दिया है।



कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वसीयत प्राकृतिक और कानूनी उत्तराधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति, निकाय या ट्रस्ट को इच्छानुसार वसीयतकर्ता की संपत्ति को हस्तांतरित कर सकती है, लेकिन कानून में कभी भी इसे पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं होती है, चाहे संपत्ति कृषि भूमि हो या अन्य संपत्ति।

कोर्ट ने पाया की वसीयत के पंजीकरण का औचित्य मुख्यतः भूमिधारी अधिकार रखने वाले एक गरीब किसान के लिए उपयोगी है, क्योंकि उसे आसानी से गुमराह कर प्राकृतिक उत्तराधिकारियों को छोड़कर किसी तीसरे के पक्ष में उसकी वसीयत निष्पादित की जा सकती है।

इस धोखाधड़ी को कम करने के उद्देश्य से वसीयत के अनिवार्य पंजीकरण हेतु कानून 23 अगस्त 2004 लाया गया था। लेकिन अब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि वसीयत पंजीकृत नहीं है तो वह अमान्य नहीं होगी, भले ही इसका निष्पादन वर्ष 2004 से पहले हुआ हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने प्रमिला तिवारी नामक महिला द्वारा दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा भेजे गए मामले को निस्तारित करते हुए 10 मई को पारित किया। गौरतलब है कि इस न्यायालय की समन्वय पीठों द्वारा पारित विरोधाभासी विचारों पर भ्रम की स्थिति स्पष्ट करने के लिए मुख्य न्यायाधीश ने उक्त खंडपीठ को यह मामला भेजा था। वसीयत केवल वसीयतकर्ता की मृत्यु पर ही प्रभावी होती है। अतः उसका पंजीकरण अनिवार्य रूप से आवश्यक है। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कई मामलों में यह संभव है कि एक व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम चरणों में अपनी वसीयत बदलना चाहे तो पंजीकरण की अनिवार्यता उसे वसीयत बनाने के मौलिक अधिकार से वंचित कर देती है, जो पूर्णतः मनमाना और अमानवीय दृष्टिकोण है। कोर्ट ने टिप्पणियों के साथ मामले की योग्यता के आधार पर निर्णय के लिए संबंधित पीठ के समक्ष याचिका को वापस भेज दिया।

वर्ग पहेली-68

बाएं से दाएं

4.1. सेंधा नमक 2. कांस नामक घास 3. जलबेंत 4. सुरमा।

5. हित या कल्याणकामना, शुभकामना, बधाई, दुआ।

6.1. पैसे रखने की छोटी थैली 2. चमड़े आदि से बनी कई खानों वाली एक प्रकार की छोटी थैली।

7.1. मगध का निवासी 2. पीपल 3. मगह देश, मगध 4. शाक द्वीप का भाग।

ऊपर से नीचे

1.1. अड़ियल होने की अवस्था या भाव 2. घमंड, अक्खड़ता, अकड़ूपन, झक्कीपन।

2. उचित, मुनासिब, विहित, जो नियम या विधान से सही हो, ठीक, वाज़िब, वैध, मानने लायक, मान्य, अधिकृत।

3. मस्त, मदमस्त, मयमत्त।

4.1. जो कामयाब न हुआ हो नाकाम, असफल मनोरथ 2. अनुत्तीर्ण, (फ़ेल)।



वर्ग पहेली -67 का हल

1 मा	ह	2 वा	र	■	3 रौ	4 ब
■	■	ई	■	■	■	धा
5 मो	■	फ़ा	■	■	■	ई
6 ह	वा	ई	ज	7 हा	ज़	■
ति	■	■	■	थी	■	8 ध
मि	■	■	■	ना	■	रु
म	■	9 खं	ड	ल	व	ण

सुडोकू -147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			2		3			
						4		3
		6	7					
3			6		1			
4	2							1
			4		8			
				7	9	2		
8		3						
			8		5			

सुडोकू -146 का हल

8	9	7	1	4	5	2	6	3
1	2	6	7	9	3	8	5	4
3	5	4	2	8	6	1	9	7
9	6	3	4	2	8	5	7	1
5	7	8	3	6	1	9	4	2
2	4	1	5	7	9	6	3	8
6	3	2	8	5	7	4	1	9
4	1	5	9	3	2	7	8	6
7	8	9	6	1	4	3	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मई सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 14 मई 02 .50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 11 .24 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कड़ी धूप से आपको एलर्जी की शिकायत हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण बैठक में आम सम्मिलित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ बौद्धिक लोगों से परामर्श ले सकते हैं।

मिथुन — आज अपने किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति नकारात्मक हो सकता है। शांतिपूर्वक सभी मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है।

कर्क — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। भविष्य को लेकर आप काफी सावधान होकर योजना बनाएंगे। व्यापार में स्थितियां सम्भलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

सिंह — आज ज्यादा आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। किसी के भी सामने अपनी प्रशंसा स्वयं अपने मुख से न करें। कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। पार्टनरशिप से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कन्या — आज महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं। निजी रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आप करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे।

तुला — आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। सलाहकर्ता सेवाओं से जुड़े लोगों की पदोन्नति भी हो सकती है। आपको शरीर में सुस्ती महसूस हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक — आज ऐसे मुद्दों से दूर रहें जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की काफी मदद करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। कारोबारी अपने कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। घर पर कुछ मरम्मत जैसा कार्य करवाने की योजना बनेगी।

धनु — आज दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। अनजानी जगहों पर अकेले यात्रा करने से बचें। हमेशा अपने दिमाग का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

मकर — आज अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

कुंभ — आज संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करने की प्रवृत्ति के कारण आप काफी सक्रिय रहेंगे।

मीन — आज कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। व्यापारी वर्ग के लोगों को उधार करने से बचना चाहिए। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। आंखों में कुछ समस्या रहेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जान से प्यारा — सुबह : 10 .53
- फर्ज — रात : 07 .00
- रोबोट — सुबह : 10 .50

&pictures
- जाने तू या जाने न — रात : 08 .00

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10 .09
- द शौर्शैंक रिडेम्प्शन — रात : 08 .38

ZEE CINEMA
- जानवर — सुबह : 10 .55
- सहर — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
- येवडु — दोपहर : 01 .00
- फिर हेरा फेरी — शाम : 06 .31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।

जांच सीबीआई को सौंपने से सिद्धरमैया का इनकार

बोले- हमें एसआईटी पर भरोसा, लोगों में भ्रम पैदा करने वाला बयान देने का भाजपा पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा सें पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर कहा, हम एसआईटी से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोष सिद्धि नहीं हुई। इसका मतलब यह नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। जद (स) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल महिलाओं के यौन शोषण के आरोप का सामना कर रहे हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है और सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा भाजपा-जद(एस) आमने-सामने है।

यौन उत्पीड़न मामला

- भाजपा कर रही सीबीआई से मामले की जांच कराने की मांग

एसआईटी ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

बेंगलुरु। प्रज्ज्वल पर लगे आरोपों की जांच कर रहे एसआईटी के अधिकारियों ने रविवार को कथित अश्लील वीडियो को प्रसारित करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार चेतन और लिकित गौड़ा को हासन से गिरफ्तार किया गया और वे भाजपा से कथित तौर पर जुड़े हैं। अधिकारियों ने दोनों के बयान दर्ज किए हैं।

एसआईटी रेवन्ना को लाने नहीं जाएगी विदेश : परमेश्वर

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि मामले की जांच कर रहा एसआईटी प्रज्ज्वल को वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगा। उन्होंने नेताओं को मामले में बयान देने या ऐसी जानकारी साझा करने के प्रति भी आगाह किया, जो संवेदनशील है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रज्ज्वल कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। परमेश्वर ने कहा कि ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा।

प्रज्ज्वल मामले की जांच पटरी से उतरी: बोम्मई

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में चल रही एसआईटी जांच के संबंध में रविवार को गंभीर आशंकाएं व्यक्त कीं और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई के हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। बोम्मई ने हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में मुखबिरों की गिरफ्तारी और आरोपियों को पकड़ने में हो रही देरी का हवाला देते हुये एसआईटी के प्रबंधन की खुले तौर पर आलोचना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच की वर्तमान दिशा पटरी से उतर गई है और इसे तत्काल सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने की आवश्यकता है।

विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा निर्वाचन आयोग : कांग्रेस

खरगे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को चुनाव अधिकारी निशाना बना रहे हैं और दावा किया कि बिहार के समस्तीपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की इजाजत दी जा रही है।

खरगे ने शनिवार को बिहार के समस्तीपुर व मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने एक्स पर वीडियो संदेश में दावा किया, केरल में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई और अब बिहार के समस्तीपुर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई है। बिहार इकाई के मुख्य प्रवक्ता राठौड़ ने कहा कि बिहार की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने खुद समस्तीपुर में खरगे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। वीडियो में हेलीकॉप्टर के चारों ओर पुलिसकर्मी और अधिकारी दिखाई देते हैं।



- चुनावी रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाए आरोप
- बोले- राजग नेताओं को स्वतंत्र रूप से घूमने की दी है इजाजत

शाह-नड्डा के हेलीकॉप्टर की भी ली गई तलाशी

पटना। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलीकॉप्टर की जांच को 'नियमित प्रक्रिया' बताते हुए रविवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के हेलीकॉप्टर की भी तलाशी ली गई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि खरगे के हेलीकॉप्टर की जांच विपक्ष को निशाना बनाने का तरीका था। समस्तीपुर में अधिकारियों ने खरगे के हेलीकॉप्टर की जांच की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह आरोप कि केवल एक राष्ट्रीय पार्टी के नेता के हेलीकॉप्टर की जांच की गई, निराधार है।

एक नजर

रियासी में हथियार व गोला बारूद बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके-47 के छह खोखे व अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

बांदीपोरा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया और इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन और राउंड सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है। इस सिलसिले में पेठकोटे थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



वाराणसी में रविवार को गंगा सप्तमी उत्सव से पहले श्री काशी विश्वनाथ धाम को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इस दौरान बाबा का स्वर्ण शिखर एक अलग ही आभा बिखेर रहा था। ● एजेंसी

पीडीपी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर मुफ्ती ने की आयोग से हस्तक्षेप की मांग

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान से एक दिन पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न और गिरफ्तारी को रोकने के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

श्रीनगर सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद परा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर उन क्षेत्रों में कम मतदान के लिए निर्देश देने का आरोप लगाया है जहां पार्टी का मजबूत जनाधार है। मुफ्ती ने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि, यह मेरे ध्यान में आया है कि केंद्र सरकार के नियंत्रण में राज्य प्रशासन, पीडीपी के मतदाताओं और समर्थकों को डराने-धमकाने की गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में 1987 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद है कि इतिहास खुद को दोहरा रहा है, जब धांधली के कारण इस क्षेत्र को गहरा नुकसान झेलना पड़ा था।

निर्वाचन आयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष की शिकायत

नई दिल्ली। टीएमसी ने रविवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा की निर्वाचन आयोग से शिकायत की। शिकायत में आरोप लगाया कि वह संदेशखालि की घटनाओं के लिए जिम्मेदार प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक हैं। इस मामले में प. बंगाल में सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा गया कि वह शर्मा और भाजपा के एक नेता के खिलाफ संदेशखालि की निर्दोष महिलाओं और सामान्य रूप से सभी मतदाताओं के साथ जालसाजी, ठगी, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी देने और आपराधिक साजिश रचने के गंभीर अपराध के लिए शिकायत दर्ज करा रही है।

जाति जनगणना से देश का एक्स-रे करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का 'एक्स-रे' करेगी। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले 'नोटों को गिन' रही है तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए देश में जाति आधारित जनगणना कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वे पिछले 10 सालों से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोट गिन' रहे हैं। हम 'जाति आधारित जनगणना' के माध्यम से देश का 'एक्स-रे' करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पार्टी का एक विज्ञापन भी साझा किया जो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर सरकार पर हमला करता है।

- कांग्रेस नेता ने अरबपतियों वाले बयान पर मोदी को घेरा

मोदी सीबीआई और ईडी से करा लें जांच

राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का आदेश देना चाहिए कि क्या अडाणी और अंबानी ने उन्हें काला धन भेजा था?

कांग्रेस ने किया है जातीय जनगणना का वादा

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से सामाजिक-आर्थिक जनगणना पर अपने विचार साझा करने के लिए भी कहा है। पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जातियों-उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति आधारित जनगणना कराने का वादा किया है।

शाह की रैली में पैसे से बुलाई महिलाओं से बात करने पर पत्रकार को पीटा: कांग्रेस

नयी दिल्ली/रायबरेली। कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अमित शाह की रैली में पत्रकार को उन महिलाओं से बात करने पर पीटा गया जिन्होंने बताया था कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें पैसे मिले थे।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि रायबरेली में शाह की सभा में भाजपाइयों ने मोलिटिक्स के पत्रकार राघव त्रिवेदी को पीटा। शाह भाषण देते रहे और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने इसी पोस्ट में कहा कि मीडिया का मुंह बंद करने वाली भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं है कि उनके खिलाफ कोई आवाज उठे। भाजपा देश से लोकतंत्र को खत्म कर जनता की आवाज छीन लेना चाहती है।

50% से अधिक वोट पर ही नोटा असरदार : रावत

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद नोटा को लेकर छिड़ी बहस

नोटा को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि किसी सीट पर नोटा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही चुनाव परिणाम पर कानूनी रूप से असरदार बनाने पर सोचा जा सकता है।

इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई (सोमवार) को होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं से नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) को वोट देने की अपील के बाद मतदान के इस विकल्प को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने पार्टी को झटका देते हुए आखिरी तारीख 29 अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया और वह इसके तुरंत भाजपा में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ में नहीं है।

रावत ने कहा, वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। उन्होंने कहा, अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता घोषित किया जाएगा।

अश्लील हरकतों से तंग आकर छह बच्चों ने की थी मौलाना की हत्या

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में रामगंज थाना क्षेत्र के कंचननगर दौराई स्थित मोहम्मदी मस्जिद के मौलाना माहिर हत्याकांड के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया। एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि इसमें 6 नाबालिग बच्चों की संलिप्तता सामने आई है जोकि मौलाना की अश्लील हरकतों से तंग आकर उनसे छुटकारा पाना चाहते थे। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की रिपोर्ट पर मदरसे के बच्चों ने पूछताछ में सच्चाई उगल दी। बच्चों ने बताया कि उन्होंने नींद की गोलियों को पीस कर रायते में मिलाया। 27 अप्रैल की रात को जब मौलाना सोने आया तो उनके सिर पर डंडा मारकर बेहोश कर दिया और फिर रस्सी से गला घोट दिया। इन्हीं बच्चों ने बाइक सवारों के मस्जिद में घुसने की झूठी कहानी गढ़ी। उनकी निशाना देही पर मौलाना का मोबाइल तथा रस्सी को भी बरामद की गई है।

कारोबार/कृषि

देश का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़ा

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने और ढुलाई की लागत कम होने से हुआ आयात में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था। मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है। यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है। मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 53.4 लाख टन रहा, जो इससे पिछले साल के समान महीने में 39.6 लाख टन था। बीते वित्त वर्ष में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 17.59 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 16.24 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 2023-24 में 5.72 करोड़ टन रहा, जबकि 2022-23 में 5.44 करोड़ टन रहा था।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में नरमी और गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना से देश का कोयला आयात बढ़ा है। हालांकि, घरेलू बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए यह देखने वाली बात होगी कि आगामी महीनों में कोयले का आयात मजबूत रहता है या नहीं।

- गत वित्त वर्ष में 24.90 करोड़ टन कोयले का किया गया था आयात

कपड़ा निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार

नई दिल्ली। सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है। इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.4 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35.5 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था। कपड़ा सचिव शाह ने कहा, 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था। हालांकि, भू- राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है। शाह ने बताया, हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है।

एफपीआई ने शेयरों से 17,000 करोड़ निकाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू माह मई के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे हैं।

पिछले अप्रैल महीने मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। आम चुनाव के बाद भारतीय कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे।

बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ का किया पूंजीगत व्यय

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा प्रमुख योगदान

सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल में अकेले 50,200 करोड़ रुपये से कुछ अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये की राशि से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। एक अधिकारी ने कहा, अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा।

वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क, तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय पर नजर रखता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

नए संयंत्र में 4,500 करोड़ का निवेश करेगी कुबोटा

नई दिल्ली। कृषि और निर्माण उपकरण विनिर्माता एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अगले तीन से चार साल में नए संयंत्र में 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है।

कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी भरत मदान ने बताया कि नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए यह निवेश किया जाएगा। कंपनी इस समय घिलोठ में एक जगह के लिए राजस्थान सरकार के साथ बातचीत कर रही है। यहां वह अपनी घरेलू ट्रैक्टर उत्पादन क्षमता को सालाना 3.4 लाख इकाई तक दोगुना करने के लिए एक अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाश रही है।

बीपीसीएल, एचपीसीएल और आईओसी ने कमाया 81,000 करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.(एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 81,000 करोड़ का बंपर मुनाफा दर्ज किया है। यह तेल-संकट के पूर्व के वर्षों की उनकी सालाना कमाई से कहीं अधिक है।

अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के दौरान आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल का सामूहिक रूप से एकल शुद्ध लाभ तेल संकट से पहले के वर्षों में उनकी 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर रहा है। तीनों कंपनियों ने 2023-24 में एकल और एकीकृत आधार पर अपना सबसे ऊंचा मुनाफा कमाया है। आईओसी ने 2023-24 में 39,618.84 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है। इसकी तुलना में 2022-23 में उसका एकल शुद्ध लाभ 8,241.82 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी यह दलील दे सकती है कि 2022-23 का उसका नतीजा तेल संकट से प्रभावित हुआ था। लेकिन संकट से पहले के वर्षों से तुलना की जाए, तो भी कंपनी का मुनाफा बेहतर रहा है। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार, एचपीसीएल का 2023-24 में शुद्ध मुनाफा 14,693.83 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 8,974.03 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

- तेल-संकट के पहले के वर्षों की सालाना कमाई से कहीं अधिक

सीएनजी कारों की बिक्री 30 % बढ़ाएगी मारुति

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30% से अधिक बढ़कर छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य तय किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की 4.5 लाख इकाइयां बनाईं। 2024-25 में ये आंकड़ा छह लाख वाहनों का होगा। हरियाणा स्थित मानेसर संयंत्र में सालाना एक लाख इकाई के क्षमता विस्तार से काफी हद तक अर्टिगा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन परियोजनाओं पर 17,11,648.99 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.68 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रहीं परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी।

- देर और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत में आया इजाफा : सांख्यिकी मंत्रालय

आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइटराइडर्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

अदिति ने 71 का कार्ड खेला, 39वें स्थान पर

क्लिफ्टन (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर कोग्निजांट फाउंडर्स कप के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 39वें स्थान पर बनी हुई हैं। अदिति ने तीसरे दौर में पांच बर्डी लगायी जबकि चार बोगी कर बैठीं। इससे पहले उन्होंने दो दौर में 75 और 76 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल एक अंडर 215 का है।

प्लेऑफ के और करीब पहुंची सीएसके

राजस्थान को पांच विकेट से हराया, ऋतुराज ने खेली 42 रन की नाबाद पारी

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (42) रनों की धैर्यपूर्ण पारी और सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांड की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में आर अश्विन ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर रचिन रविंद्र 18 गेंदों में (27) को आउटकर राजस्थान को पहली सफलता दिलाई। आठवें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने डैरिल मिचेल 13 गेंदों में (22) रन को पगबाधा कर आउट किया। मोईन अली (10), शिवम दुबे (18) बनाकर आउट हुये। 16वें ओवर में रवींद्र जडेजा (5) को क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने पर आउट करार दिया गया। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तानी पारी खेलते हुए 41 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (42) रन बनाये। समीर रिजवी आठ गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से रवि अश्विन ने दो विकेट लिये। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग नाबाद (47) और ध्रुव जुरेल (28) रनों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 142 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जयसवाल और जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। सातवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों यशस्वी जयसवाल को कैच आउट कराकर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद नौवें ओवर में सिमरजीत सिंह ने जॉस बटलर को भी पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 25 गेंदों में 21 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन (15) और ध्रुव जुरेल (28) रन बनाकर आउट हुये। जुरेल ने अपनी पारी में एक चौका और दो छक्के लगाये। रियान पराग ने 35 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद सर्वाधिक (47) रनों की पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 141 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये। तुषार देशपांडे को दो विकेट मिले।

पारी के दौरान कप्तान ऋतुराज और डिरेल मिचेल। ● एजेंसी

ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए जडेजा

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई के मैच में चेन्नई के बल्लेबाज रवींद्र जडेदा को ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम के तहत आउट दे दिया गया। इसके बाद जडेजा काफी गुस्से में मैदान से बाहर गए। 16वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को थर्ड मैन की तरफ खेला। जडेजा ने एक रन ले लिया था और वह दूसरा रन लेना चाहते थे, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें वापस भेज दिया। इसी बीच राजस्थान के फील्डर ने विकेटकीपर संजू सैमसन को गेंद दी और संजू ने नॉन स्ट्राइकर छोर पर थ्रो किया। लेकिन तभी जडेजा वापस क्रीज पर जाने को पलटे और थ्रो के बीच में आ गए। राजस्थान ने ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड का नियम की अपील की और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

राजस्थान 141/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का गायकवाड़ बो सिमरजीत	24	21	3/1
जोस बटलर का देशपांडे बो सिमरजीत	21	25	2/0
संजू सैमसन का गायकवाड बो सिमरजीत	15	19	0/0
रियान पराग नाबाद	47	35	1/3
ध्रुव जुरेल का ठाकुर बो देशपांडे	28	18	1/2
शुभम दुबे का शिवम दुबे बो देशपांडे	0	1	0/0
रविचंद्रन अश्विन नाबाद	1	1	0/0

गेंदबाजी : तुषार देशपांडे 4-0-30-2, महीश तीक्ष्णा 4-0-28-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह 4-0-26-3, रविंद्र जडेजा 4-0-24-0

चेन्नई 145/5 — 18.2 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रचिन रविंद्र का एवं अश्विन	27	18	1/2
रूतुराज गायकवाड नाबाद	42	41	1/2
डेरिल मिचेल पगबाधा बो चहल	22	13	4/0
मोईन अली का आवेश खान बो बर्गर	10	13	0/0
शिवम दुबे का पराग बो अश्विन	18	11	2/1
जडेजा (क्षेत्ररक्षण में बाधा के लिए आउट)	5	7	0/0
समीर रिज्वी नाबाद	15	8	3/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा 3-0-30-0, आर अश्विन 4-0-35-2, नांद्रे बर्गर 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल 4-0-22-1, आवेश खान 2-0-12-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	12	9	3	18	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
बेंगलुरु	13	6	7	12	+0.387
दिल्ली	13	6	7	12	-0.482
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

खेल डायरी

1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। दीक्षा ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

प्रणवी संयुक्त सातवें स्थान पर रही

सियोल। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स बैक नाइन में तीन बर्डी लगाकर 69 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज कोरिया में शीर्ष 10 में शामिल रही। प्रणवी ने 69, 77 और 69 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 का रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। मैसुरु की इस गोल्कर का यह इस सत्र में छह शुरूआत में दूसरा शीर्ष 10 का प्रदर्शन रहा। अन्य दो भारतीयों में ओलंपिक जाने वाली टीम में शामिल दीक्षा डागर (79-72-71) छह ओवर के कुल स्कोर से संयुक्त 37वें स्थान और वाणी कपूर (77-74-77) संयुक्त 60वें स्थान पर रहीं।

आचार संहिता उल्लंघन में रमनदीप पर जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

कॉलेजिएट दौड़ में परवेज खान ने जीता खिताब

लुइसियाना। भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया। इस दौरान अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में, 19 वर्षीय परवेज खान ने 800 मीटर में प्रतिस्पर्धा की और 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सैम व्हिटमर्श ने 800 मीटर की दौड़ 1:45.27 के समय के साथ जीती, वह अनास एस्साई से आगे रहे, जिन्होंने 1:46.06 का समय निकाला।

हार के बाद भी तीसरे स्थान पर बरकरार प्रज्ञाननंदा

वारसॉ। भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले लियोनेल मेसी

मॉन्ट्रियल। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की। कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने जमीन पर लेटकर अपना घुटना पकड़ रखा था। इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने 2 मिनट तक उनका उपचार किया। वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए। मॉन्ट्रियल ने जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल की मदद से एक समय 2-0 की बढ़त बना रखी थी। इंटर मियामी ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

गुजरात के सामने केकेआर की चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज आईपीएल मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी। उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है। टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीती है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल रिंकू ने अंतिम ओवर में यश पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी।

ओलंपिक चयन ट्रायल में ईशा और अनीष को मिली दूसरी जीत

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

मीरपुर। ब्रायन बेनेट (70) के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरु होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देजनर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी।

ऐसे में आज खेले गए सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रनों का स्कोर बनाया था। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट और कप्तान सिकंदर रजा ने दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की। ब्रायन बेनेट ने 70 सिकंदर रजा ने नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर मुकाबला जीत लिया।

आरसीबी ने दिल्ली को 47 रन से हराया

अक्षर पटेल का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते विराट और यश दयाल। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

- आरसीबी को मिली लगातार पांचवीं जीत दिल्ली पर जीत से मजबूत हुई प्ले आफ की आस
- रजत पाटीदार ने लगाया अर्द्धशतक, यश दयाल ने चटकाए तीन विकेट

रजत पाटीदार (52), विल जैक्स (41) और कैमरन ग्रीन नाबाद (32) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 62वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है।

आरसीबी ने लगातार पांचवीं जीत हासिल करते हुए अपने को प्लेऑफ की दौड़ में बनाये रखा है। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद तीसरे ही ओवर में अभिषेक पोरेल (2) रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। जेक फ्रेजर-मक्गर्क और शे होप ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तीसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर भी आउट हो गए। उन्होंने आठ गेंदों में 21 रन बनाये। कुमार कुशाग्र (2), ट्रिस्टन स्टब्स (3), रसिख सलाम (10) और मुकेश कुमार (3) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 गेंदों में सर्वाधिक (57) रनों की पारी खेली। आखिरी विकेट के रूप में कुलदीप यादव छह रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली की पूरी टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। बेंगलुरु की ओर से यश दयाल को तीन विकेट मिले। लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 188 रनों का लक्ष्य दिया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंआरसीबी की शुरुआत खबरा रही और उसने तीसरे ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी (6) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। चौथे ओवर में विराट कोहली भी पेवलियन लौट गये। विराट कोहली ने 13 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट लिए 88 रनों की साझेदारी हुई। विल जैस ने 41 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 52 रनों की पारी खेली कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में नाबाद (32) रनों की पारी खेली।

बेंगलुरू 187/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का पोरेल बो इशांत	27	13	1/3
डु प्लेसी का फ्रेजर मैकगर्क बो मुकेश	6	7	1/0
विल जैक्स का अक्षर बो कुलदीप	4	29	3/2
रजत पाटीदार का अक्षर बो रसिख	52	32	3/3
कैमरन ग्रीन नाबाद	32	24	1/2
महिपाल लोमरोर का पोरेल बो खलील	13	8	0/1
दिनेश कार्तिक का कुलदीप बो खलील	0	2	0/0
स्वप्निल सिंह का कुशाग्र बो रसिख	0	1	0/0
कर्ण शर्मा रन आउट	6	4	1/0
मोहम्मद सिराज रन आउट	0	0	0/0

गेंदबाजी : इशांत 3-0-31-1, खलील 4-0-31-2, मुकेश 3-023-1, अक्षर 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-52-1, रसिख 3-0-23-2

दिल्ली 140/10 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डेविड वार्नर का जैक्स बो स्वप्निल	1	2	0/0
जेक फ्रेजर मैकगर्क रन आउट	21	8	2/2
अभिषेक पोरेल का फर्ग्युसन बो दयाल	2	3	0/0
शाई होप का कर्ण बो फर्ग्युसन	29	23	4/0
कुमार कुशाग्र पगबाधा बो सिराज	2	3	0/0
अक्षर पटेल का डु प्लेसी बो दयाल	57	39	5/3
ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट	3	4	0/0
रसिख सलाम का जैक्स बो ग्रीन	10	12	1/0
कुलदीप यादव बो दयाल	6	10	0/0
मुकेश कुमार का लोमरोर बो फर्ग्युसन	3	7	0/0
इशांत शर्मा नाबाद	0	4	0/0

गेंदबाजी : स्वप्निल 1-0-9-1, सिराज 4-0-33-1, दयाल 3.1-0-20-3, कर्ण 2-0-19-0, फर्ग्युसन 4-0-23-2, ग्रीन 4-0-19-1, जैक्स 1-0-16-0

ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना होगा: सिंह

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था जिससे इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। हॉकी इंडिया के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है। हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं।

75 दिन ही बचे हुए हैं पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों में जुटी इंडिया की हॉकी टीम

द. अफ्रीका के खिलाफ कई संयोजन आजमाने का मिला मौका : सलीमा

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है। पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 4-2 से जीती। हॉकी इंडिया के अनुसार सलीमा ने कहा इस श्रृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला। इसमें हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया। इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली इससे हमें टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला। सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अनोखा कर्तव्य

अमृतसर में मदर्स डे पर हिंदू देवी महा मरियम्मन (शीतला माता) के सम्मान में निकाले गए जुलूस के दौरान एक भक्त अपनी नंगी पीठ पर रस्सियों से बंधी कार खींचता हुआ। • एजेंसी

सुअर की किडनी लगवाने वाले व्यक्ति की दो माह बाद मौत

बोस्टन। आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी शरीर में लगवाने वाले पहले व्यक्ति की मौत हो गई है। ऑपरेशन के लगभग दो महीने बाद उसकी मौत हुई है। सर्जरी करने वाले अस्पताल का कहना है कि इस बात का संकेत नहीं मिला है कि सुअर की किडनी लगवाने से व्यक्ति की मौत हुई है।

62 साल के रिचर्ड रिक स्लेमैन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। सर्जनों ने कहा कि उनका मानना है कि सुअर की किडनी कम से कम दो साल तक चलेगी। ट्रांसप्लांट करने वाली टीम ने एक बयान में कहा कि स्लेमैन के निधन से वे बहुत दुखी हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते है। रिचर्ड रिक स्लेमैन इस प्रक्रिया को अपनाने वाले पहले जीवित व्यक्ति थे।

केवाईसी अपडेशन के नाम पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से रहें सावधान

भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार लोगों को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी दी है। केवाईसी अपडेट की आड़ में ग्राहकों को धोखा देने की लगातार घटनाओं को देखते हुए, आरबीआई ने सतर्कता और सावधानी के महत्व पर जोर दिया है। हाल ही में, आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया कि वे सावधानी बरतें और नुकसान से बचने और खुद को ऐसी धोखाधड़ी से बचाने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।

क्या है केवाईसी अपडेट धोखाधड़ी

आमतौर पर, इस तरह की धोखाधड़ी में लोगों को अनजान नंबरों से फोन कॉल, एसएमएस या ईमेल आते हैं जिनमें उनसे उनकी व्यक्तिगत जानकारी, खाते या लॉगिन की जानकारी देने के लिए कहा जाता है। कभी-कभी उन्हें लिंक देकर कोई ऐप डाउनलोड करने के लिए भी मजबूर किया जाता है। धोखेबाज अक्सर जल्दबाजी में फैसला करवाने की कोशिश करते हैं। वे यह कहते हैं कि अगर आप तुरंत जानकारी नहीं देते हैं तो आपका खाता बंद कर दिया जाएगा या रोक दिया जाएगा। अगर आप गलती से अपनी जानकारी दे देते हैं तो धोखेबाज आपके खाते तक पहुंच सकते हैं।

क्या करें:

- केवाईसी अपडेट के लिए किसी भी अनुरोध को प्राप्त करने पर, सीधे अपने बैंक या वित्तीय संस्थान से सत्यापन या सहायता के लिए संपर्क करें।
- बैंक या वित्तीय संस्थान का संपर्क नंबर या ग्राहक सेवा फोन नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या स्रोतों से प्राप्त करें।
- किसी भी साइबर धोखाधड़ी की घटना में तुरंत अपने बैंक या वित्तीय संस्थान को सूचित करें।
- विवरण अपडेट करने के लिए उपलब्ध मोड या विकल्पों के बारे में अपनी बैंक शाखा से पूछें।

क्या न करें:

- खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें।
- किसी अनजान व्यक्ति या संस्था को अपने केवाईसी दस्तावेजों की कॉपी देने से बचें।
- किसी भी असत्यापित या अनधिकृत वेबसाइट या ऐप पर अपनी कोई भी संवेदनशील डेटा या जानकारी न दें।
- मोबाइल संदेशों या ईमेल में प्राप्त संदिग्ध या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें।

एक नजर

मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर आया 6.4 तीव्रता का भूकंप

तापचूला। मेक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा पर रविवार तड़के भूकंप का जबरदस्त झटका महसूस किया गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गये। मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सुचियाटे के निकट सुबह लगभग छह बजे भूकंप का झटका महसूस किये गये। समाचार लिखे जाने तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन सीमा के निकट पहाड़ी और दूरदराज के हिस्सों में भूस्खलन का खतरा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.4 थी और केंद्र जमीन से 47 मील की (75 किलोमीटर) गहराई में स्थित था।

29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर अपना रिकॉर्ड तोड़ा

काठमांडू। नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के अनुसार अनुभवी पर्वतारोही शेरपा (54) रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। नेपाल के सेवन समिट ट्रेक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी थानी गुरुगैन ने बताया कि सेवन समिट ट्रेक्स ने इस पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसमें 20 पर्वातारोही शामिल हुए थे।

फिल्म जॉली एल.एल.बी.-3 के खिलाफ वाद दायर

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के बाद केकड़ी में भी फिल्म जॉली एल.एल.बी.-3 के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है, जिसकी न्यायालय में 13 मई को सुनवाई होगी। केकड़ी जिले के सिविल न्यायालय की मुंसिफ कोर्ट में वकील मनीष छीपा ने वाद दायर किया है। जिले के राजकीय चिकित्सालय बांदनवाड़ा में फिल्मांकन किया जा रहा है। एडवोकेट छीपा द्वारा दायर वाद में केकड़ी जिला कलक्टर सहित फिल्म प्रोड्यूसर, अभिनेता, फिल्म यूनिट को इस आधार पर पाबंद करने कि गुहार लगाई है कि फिल्मांकन के दौरान तमाम दृश्यों और डायलॉग में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं की गरीमा का ध्यान रखा जाये और किसी भी रूप में इन्हें ठेस न पहुंचे। इस पर न्यायालय से पक्षकारों को नोटिस भी जारी किये जा चुके हैं।

निज्जर हत्या मामले में कनाडा में चौथा भारतीय नागरिक गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी

- अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप
- अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत जताता रहा है आपत्ति

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। दोनों देशों के संबंधों में तनाव की वजह बने इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है। कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

कनाडाई पुलिस की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि निज्जर की हत्या में सिंह की भूमिका के लिए उसे 11 मई को गिरफ्तार किया गया। वह एक अन्य मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने कहा कि यह गिरफ्तारी निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने वालों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जारी हमारी जांच की प्रकृति को दर्शाती है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आईएचआईटी ने सबूत एकत्रित किए और अमनदीप सिंह पर हत्या और हत्या की साजिश के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सूचना प्राप्त की। जांचकर्ताओं ने कहा कि जांच जारी रहने और अदालती प्रक्रियाओं के कारण इस मामले में गिरफ्तारी की और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती है।

निज्जर की हत्या में पहले ही तीन लोग हो चुके गिरफ्तार

आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों - करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) को तीन मई को गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपी एडमॉन्टन के रहने वाले हैं और उन पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए थे जिसके बाद से भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तनाव है। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया है। कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत लंबे समय से आपत्ति जताता रहा है। उसने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। जयशंकर ने कहा था कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है।

गोली चलाने वाले दो लोगों में से एक अमनदीप

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से ग्लोबल न्यूज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि निज्जर पर गोली चलाने वाले दो हथियारबंद लोगों में से एक अमनदीप सिंह था। इसके बाद हमलावरों को एक कार से फरार होते हुए देखा गया। सूत्र ने बताया कि अपने सह-आरोपी की तरह सिंह अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और वह हिंसक अपराध में कथित तौर पर शामिल रहा। उसने बताया कि चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह है। सिंह उन पांच लोगों में से एक है जिन पर तीन नवंबर, 2023 को पील पुलिस स्पेशलाइज्ड एन्फोर्समेंट ब्यूरो द्वारा ब्रैम्पटन में हथियारों और नशीली दवाओं के अपराध का आरोप लगाया गया था।

पीओके में झड़प पुलिस अधिकारी की मौत, 100 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस एवं अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गयी। मीरपुर के एसएसपी कामरान अली ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि पुलिस उप निरीक्षक अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गयी।

कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले निकाली थी। हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मुजफ्फराबाद एवं पुंछ संभाग पूरी तरह बंद रहा।

पैकेट बंद सामान पर भ्रामक हो सकता है खाद्य लेबल

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान निकाय भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि पैकेट बंद सामान पर खाद्य लेबल भ्रामक हो सकता है। इसने जोर दिया कि उपभोक्ताओं को सामान खरीदते वक्त स्वस्थ विकल्प के लिए उस पर लिखी जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। आईसीएमआर ने यह भी कहा कि 'शुगर-फ्री' होने का दावा करने वाले खाद्य पदार्थ वसा से भरे हो सकते हैं जबकि डिब्बाबंद फलों के रस में फल का केवल 10 फीसदी तत्व ही हो सकता है।

हाल ही में जारी किए गए अपने आहार संबंधी दिशा निर्देशों में आईसीएमआर ने कहा कि पैकेट वाले खाद्य पदार्थ पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने के लिए और उन्हें इस बात पर राजी करने के लिए किए जा सकते हैं कि यह उत्पाद सेहत के लिहाज से अच्छा है। आईसीएमआर के तहत आने वाले हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि भारत खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के कड़े नियम हैं लेकिन लेबल पर लिखी सूचना भ्रामक हो सकती है। एनआईएन ने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि किसी खाद्य उत्पाद को तभी प्राकृतिक कहा जा सकता है जब उसमें कोई रंग और स्वाद या कृत्रिम पदार्थ न मिलाया गया हो और वह न्यूनतम प्रसंस्करण से गुजरा हो।

बरतें सावधानी

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने जारी की एडवायजरी
- शुगर फ्री का दावा करने वाले खाद्य पदार्थ में हो सकता है वसा

गलत हो सकते हैं रियल फ्रूट मेड विद होल ग्रेन के दावे

आईसीएमआर-एनआईएन की निदेशक डॉ. हेमलता आर की अगुवाई वाली विशेषज्ञों की बहु-विषयक समिति द्वारा तैयार किए गए निर्देशों में कहा गया है कि 'रियल फ्रूट' होने का दावा करने वाले उत्पाद में चीनी और अन्य तत्व मिले हो सकते हैं और उसमें असली फल का केवल 10 फीसदी तत्व हो सकता है। इसी तरह 'मेड विद होल ग्रेन' के लिए इन शब्दों की गलत व्याख्या की जा सकती है।

डल झील का पीने लायक पानी मुंह धोने लायक तक नहीं बचा : एनजीटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनजीटी ने डल झील की बिगड़ती स्थिति पर मांगा जवाब

एनजीटी ने कश्मीर में डल झील की बिगड़ती स्थिति पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित कई प्राधिकारों से जवाब मांगा है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया।

इस रिपोर्ट में कहा गया था, नगरपालिका के सीवेज, प्रदूषण और शहरीकरण के कारण कश्मीर में डल झील की स्थिति खराब हो रही है और इसका प्रभाव हांजी लोगों (हाउसबोट में रहने वाले) के जीवन पर भी पड़ रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीवेज के कारण झील में मछलियों के जीवन पर संकट पैदा हो गया है। एक समय लोग इस झील का पानी पीते थे, लेकिन आज इसका उपयोग मुंह धोने के लिए भी नहीं किया जा सकता है। 8 मई को पारित एक आदेश में, अधिकरण ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट में पर्यावरण नियमों के अनुपालन के संबंध में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है। इसने कहा कि प्रतिवादी सुनवाई की अगली तारीख यानी 21 अगस्त से पहले अपना जवाब दाखिल करें।

अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज

- आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

नंदयाला। आंध्र प्रदेश पुलिस ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले प्रचार अभियान पर रोक लग जाने के बावजूद रैली में शामिल होकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में लोकप्रिय तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नंदयाला जिले के पुलिस अधीक्षक के. रघुवीरा रेड्डी ने बताया कि अर्जुन शनिवार को नंदयाला विधानसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस के उम्मीदवार एस रवि चंद्र किशोर रेड्डी के आवास पर कथित तौर पर एक रैली में आए थे।

भारत के कई राज्यों में 16 तक हो सकती बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चलेंगी तेज हवाएं

पूर्वी, मध्य, दक्षिण प्रायद्वीपीय और उत्तर पश्चिम भारत में अगले तीन से चार दिनों तक आंधी, तूफान और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में 16 मई से पुनः लू चल सकती है। अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में व्यापक रूप से छिटपुट हल्की बारिश होने का अनुमान है।

विभाग ने कहा कि जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गरज, बिजली और हवाओं के साथ व्यापक रूप से वर्षा होने का अनुमान है। इसके बाद 13 और 14 मई को अलग-अलग गतिविधि के साथ इसमें कमी आएगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में 13 से 16 मई, के दौरान गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश और दक्षिण राजस्थान के मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है।

बारिश में जाता व्यक्ति। • एजेंसी

16 मिनट का ट्रीटमेंट और सुनने लगी 18 माह की बच्ची

लंदन, एजेंसी

- दुनिया में पहली बार जीन थेरेपी ने बदला इतिहास, अब आसान होगा बहरेपन का इलाज

ब्रिटेन की 18 महीने की बच्ची ओपाल सैंडी ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, जीन थेरेपी के जरिए बच्ची का बहरापन हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो गया है। वो दुनिया की पहली बच्ची है, जो इस थेरेपी के जरिए एक बार फिर सुन सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से बहरेपन का इलाज अब आसानी से हो जाएगा। ये थेरेपी एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

ओपाल को न्यूरोपैथी समस्या थी, जिसके कारण बचपन से ही वह सुन नहीं सकती थी। यह समस्या तब होती है जब दिमाग तक जाने वाली कान की भीतरी हिस्से की नस काम नहीं करती है। ओपाल की मां जो सैंडी ने बताया कि इस ऑपरेशन में महज 16 मिनट ही लगे। इलाज के बाद हमें महसूस हुआ कि वह सुन सकती है, तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था।



भारतीय मूल के डॉक्टर ने की सर्जरी

बच्चे का इलाज एक भारतीय मूल के ईयर सर्जन प्रोफेसर मनोहर बैंस ने की हैं। इस ट्रायल में ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका के कुछ बच्चों का जीन थेरेपी के जरिए कान का इलाज किया गया था। यह सफल ट्रायल कैंब्रिज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया।

कनाडा की सबसे बड़ी चोरी के मामले में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

ओटावा। कनाडा में टोरंटो के मुख्य हवाई अड्डे से करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले में भारतीय मूल के 36 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के इस मामले में करीब एक महीने पहले भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल, 2023 को उस कंटेनर को नकली कागजी कार्रवाई का उपयोग करके एक सुरक्षित भंडारण सुविधा से चुरा लिया गया था जिसमें दो करोड़ 20 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक मूल्य की सोने की छड़ें और विदेशी मुद्रा थी। सोना और मुद्रा स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से टोरंटो के पियर्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एयर कनाडा की उड़ान से पहुंचाई गई और इसके तुरंत बाद कंटेनर को हवाई अड्डे पर एक अलग स्थान पर ले जाया गया लेकिन एक दिन बाद पुलिस को इसके गायब होने की सूचना दी गई।

बॉलीवुड हलचल

संजय दत्त पर फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पर आधारित फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई है। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी है। फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में नवनीत मलिक ने कहा, संजय दत्त के जवानी के दिनों को पर्दे पर उतारना मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद संजय दत्त की भूमिका को निभाना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। नवनीत मलिक ने कहा कि संजय के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। वह न सिर्फ एक अद्भुत अभिनेता हैं, बल्कि एक अद्भुत इंसान भी हैं। शूटिंग का अनुभव शानदार था।

प्रियंका चोपड़ा ने भंसाली की वेबसीरीज की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार की तारीफ की है। वेबसीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं।

विक्की कौशल ने छावा की शूटिंग पूरी की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। छावा का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रूप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी।

यमन में हौती विद्रोहियों व सरकारी सेना के बीच संघर्ष में 10 की मौत

अदन। यमन के मध्य प्रांत मारिब में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार से जुड़ी संयुक्त यमनी सेना और हौती लड़ाकों के बीच हुई भीषण झड़प में 10 लोग मारे गए। यह जानकारी शिन्हुआ ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से रविवार को दी।

सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेल समृद्ध शाबवा प्रांत से सटे रणनीतिक शहर मारिब के दक्षिण में हरीब मोर्चे पर रविवार रात जायंट्स ब्रिगेड, संयुक्त सरकार समर्थक बल और हौती लड़ाकों के बीच भीषण टकराव हुआ। मारिब लंबे समय तक यमनी संघर्ष में प्राथमिक युद्ध मैदान रहा है क्योंकि हौती विद्रोहियों ने 2021 की शुरुआत में ऊर्जा संपन्न मारिब प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़ा आक्रमण शुरू किया था। सरकार द्वारा नियंत्रित मारिब शहर महान राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक महत्व रखता है।